संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, बुधवार 15 अप्रैल 2026 | ₹ 2 | www.actionindialive.com | Facebook.com/actionindialivee



हरियाणा में जल्द ही शहरी गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों का भी अपने घर का सपना साकार होगा। तीसरी बैठक में राज्य के 60 शहरी स्थानीय निकायों में 2,646 लाभार्थियों के लिए आवास परियोजनाओं को मंजूरी दी गई।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 20 अंकः 105 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## तीन विधेयक लाएगी सरकार, लोकसभा सदस्य संख्या बढ़ेगी, परिसीमन आयोग का होगा गठन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार संसद की आगामी तीन दिवसीय विशेष बैठक में तीन विधेयक पारित कराने जा रही है। सरकार की ओर से सांसदों को विधेयकों की प्रतियां भेजी गईं हैं। इसमें संविधान (131वां संशोधन) विधेयक-2026, परिसीमन विधेयक-2026 और केंद्रशासित प्रदेशों से जुड़ा संशोधन विधेयक शामिल है। विधेयकों का उद्देश्य जनगणना के आधार पर परिसीमन करना (सीटों का पुनर्निधारण), लोकसभा की सीटों को 543 से बढ़ाकर 830 करना और महिलाओं को केंद्र एवं राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित करना है। संविधान (131वां संशोधन) विधेयक-2026 - लोकसभा में राज्यों से अधिकतम 815 सीटें और

**पुनर्निर्धारण**

**नवीनतम जनगणना के आधार पर निर्वाचन क्षेत्रों का पुनर्निर्धारण सक्षम होगा**

केंद्रशासित प्रदेशों से अधिकतम 35 सीटों तक बढ़ाने का प्रावधान



**संशोधन**

**केंद्रशासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक–पुडुचेरी, दिल्ली जम्मू–कश्मीर के कानूनों में संशोधन करेगा**

करता है। इसके अलावा इसमें जनसंख्या की परिभाषा में बदलाव का प्रावधान है। इससे नवीनतम जनगणना के आधार पर निर्वाचन क्षेत्रों का पुनर्निर्धारण सक्षम होगा। परिसीमन विधेयक-2026 से एक आयोग का गठन होगा। यह आयोग नवीनतम जनगणना के आंकड़ों के आधार पर लोकसभा और राज्य विधानसभाओं की सीटों के आवंटन और निर्वाचन क्षेत्रों के विभाजन का मसौदा तैयार करेगा। आयोग में सुप्रीम कोर्ट के वर्तमान या पूर्व न्यायाधीश अध्यक्ष होंगे। विधेयक के माध्यम से लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए लगभग एक-तिहाई सीटों का आरक्षण सुनिश्चित होगा। केंद्रशासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक-2026 पुडुचेरी, दिल्ली और जम्मू-कश्मीर के कानूनों में संशोधन करेगा।

## सम्राट चौधरी होंगे बिहार के नए मुख्यमंत्री, शपथ आज

**बिहार में राजग का 'सम्राट युग' शुरू- बिहार में सत्ता का नया युग, सम्राट मॉडल पर भाजपा की निर्णायक चाल, किंगमेकर से किंग,बिहार में भाजपा का बड़ा उभार**

**जिम्मेदारी**

**पहली बार बीजेपी के हाथ में बिहार की सत्ता होगी और सम्राट चौधरी बिहार में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री होंगे**

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना।** बिहार की सियासत में एक ऐतिहासिक मोड़ आया है। पहली बार भारतीय जनता पार्टी के हाथ में बिहार की सत्ता होगी और सम्राट चौधरी बिहार में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री होंगे। यह बदलाव सिर्फ चेहरे का नहीं, बल्कि राजनीतिक संतुलन और रणनीति के बड़े परिवर्तन का संकेत माना जा रहा है। बिहार की राजनीति में यह बदलाव एक नए अध्याय की शुरूआत जरूर है, लेकिन यह अध्याय कितना सफल होता है,यह आने वाले समय में सम्राट चौधरी की नेतृत्व क्षमता और भाजपा की रणनीतिक मजबूती पर निर्भर करेगा। सम्राट चौधरी का मुख्यमंत्री बनना सिर्फ एक राजनीतिक नियुक्ति नहीं,बल्कि बिहार में सत्ता के नए युग की शुरूआत माना जा रहा है। अब सवाल है कि क्या भाजपा इस बदलाव को स्थायी राजनीतिक बढ़त में बदल पाएगी या यह प्रयोग भी बिहार की जटिल सियासत में एक नया मोड़ बनकर रह जाएगा?

**किंगमेकर से किंग,बिहार में भाजपा का बड़ा उभार**

राजनीतिक विश्लेषक और वरिष्ठ पत्रकार लव कुमार मिश्रा ने कहा कि अब तक बिहार की राजनीति में भारतीय जनता पार्टी सहयोगी दल की भूमिका में ही नजर आती रही,जहां सरकार की कमान नीतीश कुमार के हाथों में केंद्रित थी और भाजपा पावर शेयरिंग तक सीमित रही। लेकिन, सम्राट चौधरी का मुख्यमंत्री बनना इस स्थापित धारणा को पूरी तरह बदल देता है। यह बदलाव संकेत देता है कि भाजपा अब केवल गठबंधन की साझेदार नहीं,बल्कि बिहार की सत्ता का मुख्य केंद्र बनने की दिशा में आगे बढ़ चुकी है,जो राज्य की राजनीति में एक बड़े परिवर्तन का प्रतीक माना जा रहा है।



### सम्राट चौधरी ने पेश किया सरकार बनाने का दावा, आज सुबह 11 बजे लेंगे शपथ

**पटना।** बिहार में राजनीतिक बदलाव के बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने नई सरकार गठन का दावा राज्यपाल के समक्ष पेश कर दिया है। भाजपा विधायक दल और राजग विधानमंडल दल के नेता चुने जाने के बाद उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को राज्य का अगला मुख्यमंत्री बनाए जाने की प्रक्रिया औपचारिक रूप से आगे बढ़ गई है। मंगलवार शाम राजग के शीर्ष नेतृत्व के साथ सम्राट चौधरी ने राजभवन पहुंचकर राज्यपाल सैयद अता हसनैन से मुलाकात की और सरकार गठन का दावा प्रस्तुत किया। राज्यपाल ने इस दावे को स्वीकार कर लिया है। 15 अप्रैल (बुधवार) सुबह 11 बजे शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें सम्राट चौधरी मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। उनके साथ नई कैबिनेट के अन्य मंत्री भी शपथ ग्रहण करेंगे।

**ओबीसी कार्ड से संगठन शक्ति तक**

बिहार में सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री पद के लिए आगे बढ़ाना महज एक राजनीतिक नियुक्ति नहीं, बल्कि भारतीय जनता पार्टी की सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है। पार्टी ने इस फैसले के जरिए सामाजिक समीकरण, संगठनात्मक ताकत और आक्रामक राजनीति तीनों को साधने की कोशिश की है। सम्राट चौधरी का चयन यूं ही नहीं हुआ। इसके पीछे तीन बड़े फैक्टर ओबीसी समीकरण, संगठन पर पकड़ और आक्रामक राजनीति काम कर रहे हैं।

सम्राट चौधरी का सामाजिक आधार भाजपा को बिहार में पिछड़े वर्गों के बीच नई मजबूती दे सकता है। लंबे समय से पार्टी में सक्रिय रहने के कारण उनकी जमीनी पकड़ मजबूत मानी जाती है,जिससे कार्यकर्ताओं में बेहतर समन्वय की उम्मीद है। विपक्ष पर सीधा और तीखा हमला उनकी पहचान रहा है,जिससे भाजपा अपने कोर वोटर को और सक्रिय रखना चाहती है। यह वही फॉर्मूला है जो भाजपा ने कई राज्यों में अपनाया है।

**नीतीश के बाद नई बिसात, भाजपा का नया पावर बैलेंस**

लंबे समय तक बिहार की राजनीति का केंद्र रहे नीतीश कुमार अब सत्ता के केंद्र में नहीं हैं। वहीं, भाजपा एक नया पावर बैलेंस बना रही है। भारतीय जनता पार्टी एक नया राजनीतिक संतुलन गढ़ रही है।

### द्रमुक के शासन में सांस्कृतिक राजधानी 'अपराध की राजधानी' में तब्दील हो रही: नड्डा

**चेन्नई।** केंद्रीय स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने मंगलवार को यहां कहा कि द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) एक परिवारवादी पार्टी है जिसके शासन में चेन्नई एक सांस्कृतिक राजधानी से 'अपराध की राजधानी' में तब्दील हो रही है जो पूरे देश के लिए चिंता का विषय है। श्री नड्डा ने तमिलनाडु की राजधानी में पुथांडु और डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के शुभ अवसर पर तमिलनाडु विधानसभा चुनाव 2026 के लिए अपना दृष्टिपत्र 'कमल के वादे 2026' को जारी करने के बाद समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही।




हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यवनिका पार्क सेक्टर-5 से भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को समर्पित समता मैराथन को झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि यह दौड सामाजिक न्याय, समानता और अधिकारों के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

**लक्ष्य और संकल्प के साथ किया गया परिश्रम बाधाओं को दूर करता है: ओम बिरला**

### लोकतंत्र की आत्मा हमारा संविधान है: ओम बिरला

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को यहां कहा कि लक्ष्य और संकल्प के साथ किया गया परिश्रम न केवल बाधाओं को मिटाता है बल्कि सफलता का मार्ग भी खोलता है। ओम बिरला ने दिल्ली स्थित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में लेडेक्स और आइकन एजुकेशन फाउंडेशन की ओर से डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर आयोजित "एलीना और महान संविधान" (बाल संविधान) पुस्तक लोकार्पण के दौरान यह बात कही। इसकी टैगलाइन 'बाल संविधानः बचपन से पढ़े संविधान तो देश बने महान' है जो इंदौर इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ ने दी है। इस पुस्तक श्रृंखला का उद्देश्य बचपन से ही बच्चों में संवैधानिक मूल्यों और नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता पैदा करना है ताकि एक सशक्त और महान राष्ट्र का निर्माण हो सके। मुख्य अतिथि के रूप में बिरला ने कहा, "बाबासाहेब की यात्रा आने वाली पीढ़ी को हमेशा प्रेरणा देती रहेगी कि जीवन में कितनी ही विपरीत परिस्थितियां हों, कितनी भी चुनौतियां हों कितना भी घनघोर अंधेरा हो जब लक्ष्य और संकल्प के साथ काम किया जाता है तो चुनौतियां भी समाप्त होती हैं और अंधेरा भी समाप्त होता है।" उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को रखते हुए संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष के रूप में एक ऐसा संविधान बनाया जो हम सबका मार्गदर्शक है और दुनिया के संसदीय लोकतंत्र के लिए मार्गदर्शक है।

अध्यक्ष ने कहा कि लोकतंत्र की आत्मा हमारा संविधान है। आज लोगों के जीवन को नैतिक अधिकार, न्याय का अधिकार देने का काम हमारे संविधान में निहित है।




### नोएडा आंदोलन मजदूरों की आखिरी चीख, सरकार ने अनसुना किया: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी नोएडा में अपनी मांगों को लेकर आंदोलित श्रमिकों का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि मजदूर देश की रीढ़ हैं, लेकिन सरकार ने उन्हें बोझ समझ लिया है। कांग्रेस पार्टी मजदूरों के साथ है। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर लिखा कि सोमवार को नोएडा की सड़कों पर जो हुआ, वह इस देश के श्रमिकों की आखिरी चीख थी, जिसकी हर आवाज को अनसुना किया गया और जो मांगते-मांगते थक गया। नोएडा में काम करने वाले मजदूर की 12 हजार रुपये महीने की तनख्वाह में से 4 हजार-7 हजार रुपये किराए में चला जाता है। सालाना 300 रुपये की तनख्वाह बढ़ोतरी मकान मालिक के 500 रुपये किराया बढ़ाने से दब जाती है। महंगाई मजदूरों की जिंदगी का गला घोंट रही है।

### महिला आरक्षण पर संसद में चर्चा से पहले पीएम का पत्र, नारी शक्ति से मांगा समर्थन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को महिला आरक्षण को लेकर संसद में प्रस्तावित संवैधानिक संशोधन से पहले देश की नारी शक्ति को संबोधित करते हुए एक विस्तृत पत्र लिखा है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पत्र साझा करते हुए कहा कि देशभर की माताएं, बहनें और बेटियां वर्ष 2029 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव से महिला आरक्षण सुनिश्चित करने के निर्णय की सराहना कर रही हैं। प्रधानमंत्री ने 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि संविधान के समानता और समावेश के मूल्यों पर चलते हुए 16 अप्रैल से संसद में ह्यनारी शक्ति वंदन अधिनियमह्न पर चर्चा शुरू होगी। उन्होंने आने वाले संसद सत्र में इस संशोधन के पारित होने के लिए देशवासियों, विशेषकर महिलाओं से आशीर्वाद और समर्थन मांगा।

### लोकतांत्रिक संस्थान संवाद, बहस चर्चा से ही चलें: उपराष्ट्रपति

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने कहा है कि लोकतांत्रिक संस्थानों को सुचारु रूप से चलाने के लिए संवाद, बहस और रचनात्मक चर्चा अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि संसदीय कार्यवाही का उद्देश्य निर्णय तक पहुंचना होना चाहिए, न कि व्यवधान उत्पन्न करना। उपराष्ट्रपति ने मंगलवार को बी.आर. अंबेडकर की जयंती के अवसर पर डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में आयोजित द्वितीय डॉ. आंबेडकर स्मृति व्याख्यान में डॉ. आंबेडकर एक राष्ट्र निर्माताः विकसित भारत की ओर पथ विषय पर संबोधन दिया। इससे पूर्व उन्होंने डॉ. आंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की। संवैधानिक नैतिकता के महत्व पर जोर देते हुए, उपराष्ट्रपति ने राज्यसभा के सभापति के रूप में अपनी भूमिका पर विचार करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं को संवाद, बहस और रचनात्मक चर्चा के माध्यम से कार्य करना चाहिए।



**रचनात्मक चर्चा**

**संसदीय कार्यवाही का उद्देश्य निर्णय तक पहुंचना होना चाहिए, न कि व्यवधान उत्पन्न करना**

उन्होंने कहा कि संसदीय चर्चाओं का परिणाम व्यवधानों के बजाय निर्णयों के रूप में आना चाहिए, और इस बात पर जोर दिया कि यह चचाएं जानकारीपूर्ण और सम्मानजनक होनी चाहिए। उन्होंने डॉ. अंबेडकर को आधुनिक भारत के महान शिल्पकारों में से एक बताते हुए कहा कि उनके विचार आज भी देश को दिशा प्रदान कर रहे हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा ही सामाजिक परिवर्तन की कुंजी है और सच्ची स्वतंत्रता शिक्षा से ही संभव है।

### प्रधानमंत्री ने दिल्ली-देहरादून आर्थिक गलियारे का उद्घाटन किया



**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को उत्तराखंड के देहरादून में बहुप्रतीक्षित दिल्ली-देहरादून आर्थिक गलियारे का उद्घाटन किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र की भाग्य रेखाएं हमारी सड़कें, हाई-वे, एक्सप्रेस-वे, एयरवेज, रेलवे, वाटरवेज होते हैं। बीते एक दशक से हमारा देश विकसित भारत बनाने के लिए विकास की ऐसी ही भाग्य रेखाओं के न्र्मिाण में जुटा हुआ है। ये विकास की भाग्य रेखाएं केवल आज की सुविधाएं नहीं हैं बल्कि अगली पीढ़ी की समृद्धि की गारंटी हैं। ये मोदी की भी गारंटी है। बीते दशक से हमारी सरकार राष्ट्र की इन विकास रेखाओं पर अभूतपूर्व निवेश कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूरे कर 26वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है। आज दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे के उद्घाटन के साथ इस प्रगति में एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ी है।

**बहुप्रतीक्षित**

**राष्ट्र की भाग्य रेखाएं हमारी सड़कें, हाई-वे, एक्सप्रेस-वे, एयरवेज, रेलवे, वाटरवेज होते हैं: पीएम मोदी**

आपको याद होगा बाबा केदार के दर्शन के बाद मेरे मुंह से अनायास निकला था कि इस शताब्दी का तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक होगा। मुझे बहुत खुशी है कि डबल इंजन सरकार की नीतियों और उत्तराखंड के लोगों के परिश्रम से यह युवा राज्य विकास के नए आयाम जोड़ रहा है। यह प्रोजेक्ट भी प्रदेश की प्रगति को नई गति देगा। करीब 213 किलोमीटर लंबे इस छह-लेन एक्सेस कंट्रोल्ड कॉरिडोर का निर्माण 12,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से किया गया है। यह परियोजना दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के बीच कनेक्टिविटी को नई गति देगी।

**सर्विलांस यूनिट** — *मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने शिमला के बालूगंज में मेट्रोपॉलिटन सर्विलांस यूनिट का किया लोकार्पण*

### संक्रामक रोगों की समय पर पहचान, रोकथाम और नियंत्रण के लिए शिमला तैयारः मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंकज शर्मा**

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने शिमला के बालूगंज में 1.56 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित आधुनिक तकनीक से लैस विशेष शहरी स्वास्थ्य प्रणाली मेट्रोपॉलिटन सर्विलांस यूनिट का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेट्रोपॉलिटन सर्विलांस यूनिट शिमला के लिए एक प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली के रूप में कार्य करने के अतिरिक्त समय पर कार्यवाही करना सुनिश्चित करेगी। किसी भी आपदा या रोग प्रकोप की स्थिति में यह यूनिट सक्रिय होकर स्थिति का विश्लेषण करेगी और अस्पतालों को सतर्क करेगी। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की आधुनिक सर्विलांस यूनिट देश के केवल 20 शहरों में स्थापित की गई हैं और हिमाचल प्रदेश पहला एवं एकमात्र पर्वतीय राज्य है जहां यह यूनिट स्थापित है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि मेट्रोपॉलिटन सर्विलांस यूनिट राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र और शिमला नगर निगम के बीच त्रिपक्षीय समझौते के माध्यम से स्थापित की गई है। यह पहल शिमला को सुरक्षित, स्वस्थ और प्रतिक्रियात्मक शहर बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। मेट्रोपॉलिटन सर्विलांस यूनिट के कार्यों में स्वास्थ्य सम्बंधी घटनाओं पर अलर्ट जारी करना और उनकी पुष्टि करना, साथ ही पानी, खाद्य पदार्थों, वेक्टर-जनित और पशुजनित रोगों के नमूनों के संग्रह और विश्लेषण में सहयोग करना शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेट्रोपॉलिटन सर्विलांस यूनिट संक्रामक रोगों के प्रकोप की समय पर पहचान, रोकथाम और नियंत्रण के लिए एक प्रभावी तंत्र के रूप में कार्य करेगी। यह यूनिट नगर निकायों, स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा और पशुपालन विभाग सहित विभिन्न हितधारकों के बीच समन्वय और योजना बनाने तथा शहर की बीमारी से निपटने की क्षमता को सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध होगी।



**विश्लेषण**

**किसी भी आपदा या रोग प्रकोप की स्थिति में यह यूनिट सक्रिय होकर स्थिति का विश्लेषण करेगीः सीएम**

### सरकार ने देश में ईंधन की 100 फीसदी आपूर्ति सुनिश्चित कीः मंत्रालय

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संकट और वर्तमान भू-राजनीतिक स्थिति के बीच केंद्र सरकार ने घरेलू रसोई गैस (एलपीजी), घरेलू पीएनजी और सीएनजी (परिवहन) की 100 फीसदी आपूर्ति सुनिश्चित की है। सरकार ने अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों को वाणिज्यिक एलपीजी आपूर्ति को प्राथमिकता दिया है। साथ ही प्रवासी श्रमिकों को 5 किलोग्राम एफटीएल की आपूर्ति दोगुनी कर दी है। पेट्रोलियम एवं नेचुरल गैस मंत्रालय के मुताबिक 23 मार्च से अब तक पांच किलोग्राम के 14.3 लाख से अधिक एफटीएल सिलेंडर की बिक्री की गई है।




उत्तर भारत

ACTION INDIA

नई दिल्ली, 15 अप्रैल 2026

दैनिक एक्शन इंडिया

www.actionindialive.com




# संविधान के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्पः समरसता भोज में शामिल हुए सीएम

मुख्यमंत्री साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और इसके संविधान का निर्माण करने का गौरव बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर को प्राप्त है, यह संविधान देश के 140 करोड़ नागरिकों को समानता, अधिकार और गरिमा के साथ जीवन जीने का आधार प्रदान करता है, बाबा साहेब ने विपरीत परिस्थितियों के बावजूद अपने दृढ़ संकल्प और अदम्य इच्छाशक्ति के बल पर उच्चतम स्थान प्राप्त किया

**समरसता**

साय ने आमजन के साथ बैठकर भोजन किया तथा स्वयं लोगों को भोजन परोसकर सामाजिक समरसता का संदेश दिया





**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुरः** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर के शंकरनगर स्थित दुर्गा मैदान में डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर आयोजित समरसता भोज कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री साय ने जनप्रतिनिधियों और आमजन के साथ बैठकर भोजन किया तथा स्वयं लोगों को भोजन परोसकर सामाजिक समरसता का संदेश दिया। मुख्यमंत्री साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और इसके संविधान का निर्माण करने का गौरव बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर को प्राप्त है। उन्होंने कहा कि यह संविधान देश के 140 करोड़ नागरिकों को समानता, अधिकार और गरिमा के साथ जीवन जीने का आधार प्रदान करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब ने विपरीत परिस्थितियों के बावजूद अपने दृढ़ संकल्प और अदम्य इच्छाशक्ति के बल पर उच्चतम स्थान प्राप्त किया और समाज के वंचित, शोषित एवं कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने नारी शिक्षा और सम्मान के लिए भी महत्वपूर्ण कार्य किए। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले और माता सावित्रीबाई फुले द्वारा प्रारंभ किए गए नारी शिक्षा और सामाजिक जागरूकता के अभियान को बाबा साहेब ने आगे बढ़ाया और उसे नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बाबा साहेब के जन्म, शिक्षा, दीक्षा, कार्य और समाधि स्थलों को पंच तीर्थ के रूप में विकसित कर उन्हें सच्चा और स्थायी सम्मान दिया जा रहा है। इस अवसर पर मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, शिक्षा और समरसता का प्रेरक उदाहरण है। उनके विचार आज भी समाज को समानता और न्याय की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। समरसता भोज जैसे आयोजन सामाजिक सद्भाव को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हैं।

## मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय करेंगे 515 नई पैक्स समितियों का कल करेंगें वर्चुअल शुभारंभ

**रायपुरः** छत्तीसगढ़ में सहकारिता को नई दिशा देने और किसानों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। केंद्रीय सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के मार्गदर्शन में सहकारिता विभाग द्वारा 515 नई प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (पैक्स) का गठन किया गया है। इन समितियों का वर्चुअल शुभारंभ कल 15 अप्रैल को मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटलनगर से किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे, जबकि सहकारिता मंत्री श्री केदार कश्यप कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ सहकारिता विभाग के सचिव डॉ. सी.आर. प्रसन्ना के स्वागत उद्बोधन से होगा एवं अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए सहकारिता मंत्री श्री केदार कश्यप प्रदेश में सहकारिता विस्तार की रूपरेखा एवं उसके लाभों पर प्रकाश डालेंगे।

सहकारिता मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा है कि नई पैक्स समितियों के गठन से किसानों को ऋण, खाद, बीज तथा अन्य कृषि सुविधाएं अब स्थानीय स्तर पर सहज रूप से उपलब्ध होंगी। इससे हमारे अन्नदाता किसानों को अब दूर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी और समय व संसाधनों की बचत भी होगी। साथ ही किसानों को शासकीय योजनाओं का सीधा लाभ मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि इस पहल से शासकीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित होगा तथा उनका लाभ सीधे ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचेगा। इससे किसानों की आय में वृद्धि होगी और गांवों के समग्र विकास को गति मिलेगी।

## मुख्यमंत्री श्री साय ने सक्ती में वेदांता पावर प्लांट हादसे पर जताया गहरा शोक, जांच के दिए निर्देश

**सख्ती**

भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सभी आवश्यक सुरक्षा उपायों की समीक्षा की जाए

**रायपुरः** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सक्ती जिले के सिंघीतराई स्थित वेदांता पावर प्लांट में बॉयलर फटने से हुई दुर्घटना पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने इस घटना को अत्यंत पीड़ादायक और हृदय विदारक बताते हुए मृतकों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएँ प्रकट की हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इस दुर्घटना में श्रमिकों के निधन एवं कई लोगों के घायल होने का समाचार अत्यंत व्यथित करने वाला है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें तथा उनके परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहने की शक्ति दें। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन को तत्काल मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए हैं। वर्तमान में प्रशासन की निगरानी में तेजी से राहत कार्य संचालित किया जा रहा है और घायलों को त्वरित एवं समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी घायलों के उपचार में किसी प्रकार की कमी न हो तथा आवश्यकतानुसार बेहतर चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। साथ ही, उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि इस दुर्घटना की गहन और निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि जांच में जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सभी आवश्यक सुरक्षा उपायों की समीक्षा की जाए।

औद्योगिक इकाइयों में सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।

# राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत से खिलवाड़ करना बाबा साहब का अपमान : सीएम योगी

**स्मारिका**

डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर भव्य समारोह एवं स्मारिका का विमोचन



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती पर उन्हें नमन करते हुए प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि आज से प्रदेश के सभी 75 जिलों में बाबा साहब की मूर्तियों की सुरक्षा, सौंदर्यीकरण और उन पर छतरी लगाने का शुभारंभ किया गया है और लखनऊ में बाबा साहब के जीवन दर्शन पर शोध करने के लिए उच्च स्तरीय शोध संस्थान बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश में राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत और भारतीय एकता व अखंडता से खिलवाड़ करना बाबा साहब का अपमान करना है, इसलिए समाज की जिम्मेदारी है कि देश की एकता और अखंडता से खिलवाड़ करने वाली ताकतों का मुखर विरोध करे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को लखनऊ में डॉक्टर अंबेडकर महासभा परिसर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। स्थापित संविधान निमार्ता बाबा साहब डा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

# उप्र में वन स्टॉप सेंटर बना सहारा, पीड़ित महिलाओं को मिल रहा न्याय

**समन्वय**

पुलिस सहायता के तहत एसओ स्तर के अधिकारियों से सीधा समन्वय स्थापित किया जाता है

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश सरकार में महिला सुरक्षा और सशक्तीकरण को लेकर लगातार ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से संचालित वन स्टॉप सेंटर योजना को प्रदेश में महिला कल्याण निदेशालय के माध्यम से प्रभावी ढंग से लागू किया गया है। इस योजना के जरिए हिंसा से पीड़ित महिलाओं को एक ही स्थान पर लगभग सभी तरह की सहायता उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे उन्हें भटकना न पड़े और समय पर न्याय मिल सके।

सरकारी प्रवक्ता के मुताबिक, यह योजना साल 2017 से प्रदेश में संचालित है। इसके अंतर्गत इस समय 75 जिलों में 122 वन स्टॉप सेंटर संचालित हैं। इनमें महिलाओं को लगातार सहायता प्रदान की जा रही है। इन केंद्रों पर आने वाली हिंसा से पीड़ित महिलाओं को पांच प्रकार की सेवाएं जैसे चिकित्सीय सहायता, कानूनी मदद, पुलिस सहयोग, अस्थायी आवास और परामर्श एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराई जाती हैं। खास बात यह है कि पुलिस सहायता के तहत एसओ स्तर के अधिकारियों से सीधा समन्वय स्थापित किया जाता है, जिससे जरूरत पड़ने पर तत्काल एफआईआर दर्ज कराई जाती है।

# वाराणसी में एटीएस की छापेमारीः बाल रोग विशेषज्ञ के घर जांच, टेरर फंडिंग का शक

**तलाशी अभियान**

जांच में इनके संबंध पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी व आतंकी संगठन से जुड़े होने के संकेत मिले ह

**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी आदमपुर थाना क्षेत्र स्थित ओमकारेश्वर इलाके में मंगलवार को एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) टीम ने एक बाल रोग विशेषज्ञ चिकित्सक के आवास पर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान एटीएस टीम ने चिकित्सक और उनके परिजनों को घर के भीतर ही रोककर गहन पूछताछ और तलाशी अभियान चलाया। सूत्रों के अनुसार, छापेमारी के दौरान टीम ने डॉक्टर के मोबाइल फोन और लैपटॉप सहित अन्य डिजिटल उपकरणों की भी जांच की। वहीं, स्थानीय पुलिस की टीम भी मौके पर मौजूद रही और एटीएस की कार्रवाई में सहयोग करती रही। हालांकि, समाचार लिखे जाने तक एटीएस की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। प्रारंभिक जानकारी के आधार पर आशंका जताई जा रही है कि यह कार्रवाई आतंकियों को धन उपलब्ध कराने (टेरर फंडिंग) के संदेह में की गई है। सूत्रों के अनुसार, चिकित्सक का युवा पुत्र पाकिस्तान के संदिग्ध लोगों के संपर्क में था। वह उनसे व्हाट्सएप चैट के जरिए बातचीत करता था। बताया जा रहा है कि चिकित्सक अपने दो मंजिला मकान के सात कमरों में अस्पताल संचालित करते हैं, जबकि प्रथम तल पर अपने परिवार के साथ निवास करते हैं। गौरतलब हो कि बीते 10 अप्रैल को प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित चारबाग रेलवे स्टेशन के समीप एटीएस ने चार संदिग्धों को दबोच कर पूछताछ की थी।

पूछताछ और जांच में इनके संबंध पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी व आतंकी संगठन से जुड़े होने के संकेत मिले हैं। जानकारी मिली कि मुंबई, लखनऊ और वाराणसी में टेरर फंडिंग के जरिए नेटवर्क खड़ा किया जा रहा है। माना जा रहा है कि संदिग्धों से पूछताछ में मिली जानकारी पर एटीएस ने वाराणसी में छापेमारी की है।

# बाबा साहेब के 'पंचतीर्थ' और अंत्योदय की दिशा में बढ़ता भारत

**टीम एक्शन इंडिया**

**जौनपुर।** यूपी के जौनपुर में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी ने संविधान निमार्ता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती को समरसता दिवस के रूप में जिले भर में उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति सहित पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने कार्यालय एवं सभी बूथों पर बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। आयोजित संगोष्ठी में जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बाबा साहेब से जुड़े पांच प्रमुख स्थलों–महू, लंदन, नागपुर, दिल्ली और मुंबई को ह्यपंचतीर्थह्ण के रूप में विकसित कर उन्हें सम्मान दे रही है।

उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना और आयुष्मान भारत, बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय के मंत्र को साकार कर रही हैं, जिनका सीधा लाभ वंचित वर्गों को मिल रहा है। जिला महामंत्री पीयूष गुप्ता ने कहा कि भाजपा संविधान को पवित्र ग्रंथ मानती है और संविधान दिवस मनाने की परम्परा शुरू कर युवाओं को जागरूक किया गया।

# यूपी सरकार ने श्रमिकों के न्यूनतम वेतन में की अंतरिम बढ़ोतरी

**तात्कालिक**

शांति बनाए रखने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार ने न्यूनतम वेतन में तात्कालिक रूप से अंतरिम वृद्धि कर दी है



**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्ध नगर में श्रमिकों के प्रदर्शन के चलते औद्योगिक सामंजस्य एवं शांति बनाए रखने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार ने न्यूनतम वेतन में तात्कालिक रूप से अंतरिम वृद्धि कर दी है। जिसमें सबसे अधिक बढ़ोतरी कुशल श्रेणी के श्रमिकों के लिए की गई है। यह वृद्धि गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद जिलों में सबसे अधिक 21 प्रतिशत तक की गई है। सरकार ने यह नई अंतरिम वेतन दरें एक अप्रैल 2026 से ही प्रभावी होंगी। मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश गठित उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष व अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त दीपक कुमार ने मंगलवार को ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण के आफिस में एक प्रेस वार्ता कर उक्त जानकारी दी। दीपक कुमार ने हाल में हुए घटनाक्रमों पर स्थिति स्पष्ट करते हुए जानकारी साझा करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर उत्तर प्रदेश सरकार ने संतुलित दृष्टिकोण अपनाया गया हे। उन्होंने बताया कि इस अंतरिम वेतन वृद्धि के अनुसार अकुशल श्रमिकों का वेतन 11313 से बढ़ाकर 13690 रुपए कर दिया गया है। अर्द्ध कुशल श्रमिकों का वेतन 12,445 से बढ़ाकर 15059 रुपए किया गया है, जबकि कुशल श्रमिकों का वेतन 13940 से बढ़ाकर 16868 किया गया है। उन्होंने बताया कि अन्य नगर निगम वाले जनपदों के लिए अकुशल श्रमिकों का वेतन 11,313 से बढ़ाकर 13006 रुपए, अर्द्धकुशल श्रमिकों का वेतन 12,445 से बढ़ाकर 14306 रुपये तथा कुशल श्रमिकों का वेतन 13940 से बढ़ाकर 16025 रुपए कर दिया गया है।

# जनसैलाब के बीच गरिमामय वातावरण में मनाई गई डॉ. अंबेडकर की 135वीं जयंती



**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुरः** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर नवा रायपुर अटल नगर स्थित इंद्रावती भवन के समीप कैपिटल कॉम्प्लेक्स क्षेत्र के अंबेडकर चौक में एक भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डां बी.आर. अंबेडकर जयंती समारोह, संयुक्त आयोजन समिति के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारी, सामाजिक कार्यकर्ताओं, युवाओं एवं आम नागरिकों की बड़ी संख्या में सहभागिता रही। सुबह से ही अंबेडकर चौक पर लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा और पूरे क्षेत्र में जय भीम एवं संविधान के जयघोष गूंजते रहे। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री गुरु खुशवंत साहेब मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, एवं अध्यक्षता महादेव कांवरे, संभागायुक्त रायपुर द्वारा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कर उपस्थित जनों को संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई गई। अंबेडकर चौक से एक भव्य रैली भी निकाली गई, जिसमें नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सामाजिक समानता और न्याय के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया।

**अंबेडकर चौक में आदमकद कांस्य प्रतिमा की स्थापना की जाएगी**

समारोह के दौरान आयोजन समिति द्वारा अंबेडकर चौक में संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर की आदमकद कांस्य प्रतिमा स्थापित करने की मांग रखी गई। इस पर मुख्य अतिथि मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने आश्वासन दिया कि आने वाले समय में यहां एक भव्य एवं विशाल प्रतिमा अवश्य स्थापित की जाएगी।

मंत्री जी का यह व्यक्तव उपस्थित जनसमूह के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने अपने विस्तृत उद्बोधन में कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष, शिक्षा और आत्मसम्मान की एक प्रेरणादायक गाथा है।

## इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में वायरिंग का दो माह का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसमें लगभग 15 दिवस का प्रशिक्षण पूर्ण हो चुका है

# अब हथियार नहीं, हुनर से बदल रही पुनर्वासितों की जिंदगी

**कौशल**

अब मुख्यधारा में लौटकर कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं



**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुरः** राज्य शासन की पुनर्वास नीति से कोण्डागांव के पुनर्वासित व्यक्तियों की जिंदगी को नई दिशा मिल रही है। कभी हिंसा के रास्ते पर भटके युवा अब मुख्यधारा में लौटकर कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

इसी क्रम में ग्राम कुधुर के तुलसी राम, रजमन एवं गोबरू वर्तमान में जिले में संचालित पुनर्वास केन्द्र में रहकर लाइवलीहुड कॉलेज के माध्यम से इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। तुलसी राम कश्यप ने बताया कि पूर्व में क्षेत्र में भय और असुरक्षा के माहौल के कारण वे संगठन से जुड़ गए थे, किन्तु राज्य शासन की पुनर्वास नीति से प्रेरित होकर उन्होंने पुनर्वास कर मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया। वर्तमान में वे पुनर्वास केन्द्र में रहकर कौशल उन्नयन प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में वायरिंग का दो माह का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसमें लगभग 15 दिवस का प्रशिक्षण पूर्ण हो चुका है। प्रशिक्षण उपरांत वे अपने क्षेत्र में ही स्वरोजगार के रूप में वायरिंग कार्य प्रारंभ करने की योजना बना रहे हैं।

इसी प्रकार रजमन एवं गोबरू ने भी पुनर्वास नीति के अंतर्गत पुनर्वास कर मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया।

वर्तमान में वे भी इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उनका कहना है कि प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद वे अपने गांव में स्वरोजगार स्थापित कर आय अर्जित करेंगे एवं अपने परिवार का भरण-पोषण करेंगे।

तीनों युवाओं ने राज्य शासन की पुनर्वास नीति के प्रति संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि इस पहल से उन्हें नया जीवन प्रारंभ करने का अवसर मिला है। पहले जहां भय एवं अस्थिरता का माहौल था, वहीं अब वे सुरक्षित वातावरण में प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने भविष्य के प्रति आश्वस्त हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य शासन द्वारा संचालित पुनर्वास नीति के अंतर्गत आत्मसमर्पण करने वाले व्यक्तियों को मुख्यधारा से जोड़ते हुए उन्हें कौशल विकास, रोजगार एवं आजीविका के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

कोण्डागांव जिला प्रशासन द्वारा संचालित पुनर्वास केन्द्र इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, जहां पूर्व में भटके हुए युवाओं को प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्रदान कर उन्हें समाज की मुख्यधारा में पुनः स्थापित किया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भीमराव अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

**प्रेरणा स्रोत**

**बाबा साहब का संघर्षमय जीवन और उनके विचार हमारी सरकार की सेवा यात्रा के लिए प्रेरणा स्रोत हैं**





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर अंबेडकर राष्ट्रीय स्मारक में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए कहा कि बाबा साहब का संघर्षमय जीवन और उनके विचार हमारी सरकार की सेवा यात्रा के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में हम बाबा साहब के सामाजिक न्याय के स्वप्न को साकार करने के लिए पूरी संवेदनशीलता से कार्य कर रहे हैं। हमारी सरकार दलितों, पिछड़ों और वंचितों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता मानती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहब के शिक्षित बनो के आह्वान को आधार बनाकर हम वंचित वर्ग के बच्चों के लिए आधुनिक शिक्षा के अवसर सुनिश्चित कर रहे हैं और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उनके आर्थिक व सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम बाबा साहब के समानता और सम्मान के आदर्शों के अनुरूप एक ऐसी समावेशी दिल्ली के निर्माण के लिए कृतसंकल्पित हैं, जहां हर नागरिक को आगे बढ़ने का समान अवसर मिले। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुग एवं अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारीगण और कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने आज अंबेडकर जयंती के अवसर पर शालीमार बाग विधानसभा के जीपी ब्लॉक एवं बेरीवाला बाग ब्लॉक में वॉटर एटीएम का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि वार्ड संख्या 55, 56 और 57 में 7 स्थानों पर स्थापित ये वॉटर एटीएम सुनिश्चित करेंगे कि हर परिवार तक स्वच्छ पेयजल सम्मानपूर्वक पहुंचे। वॉटर एटीएम की प्रति घंटे 2000 लीटर शुद्ध पानी की उपलब्धता है। वाटर एटीएम कार्ड के माध्यम से प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 20 लीटर पेयजल ले सकता है।

## दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे आधुनिकता को आध्यात्मिकता से जोड़ने वाला सेतु : रेखा गुप्ता



**नई दिल्ली।** बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली–देहरादून एक्सप्रेसवे को जनता को समर्पित किया। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी इस कार्यक्रम में वर्चुअली जुड़ीं और इस एक्सप्रेसवे को दिल्ली की आधुनिकता को देवभूमि की आध्यात्मिकता से जोड़ने वाला सेतु बताया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में दिल्ली की जरूरतों को समझते हुए कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं पूरी हुई हैं। उन्होंने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा परिवहन मंत्रालय के तहत दिल्ली में करीब 1.25 लाख करोड़ रुपये के काम चल रहे हैं, जो राजधानी के बुनियादी ढांचे को नई दिशा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि 12,000 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित यह एक्सप्रेसवे दिल्ली और देहरादून के बीच यात्रा समय को लगभग 6 से 7 घंटे से घटाकर मात्र 2 से 2.5 घंटे कर देगा। उन्होंने कहा कि देश में एक्सप्रेसवे और हाई–स्पीड कॉरिडोर का नेटवर्क तेजी से विस्तार कर रहा है, जो 3,000 किमी से अधिक हो चुका है, वहीं नेशनल हाईवे नेटवर्क भी लगभग 51,000 किमी से बढ़कर 1,46,000 किमी तक पहुंच गया है। यह देश में बुनियादी ढांचे के तीव्र विकास का प्रमाण है। डबल इंजन सरकार की ताकत का जिक्र करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों के बेहतर तालमेल से दिल्ली तेजी से विकास की राह पर आगे बढ़ रही है।

# दिल्ली में नकली कॉस्मेटिक बनाने वाला बड़ा गिरोह बेनकाब

**काबू**

**सरगना समेत चार आरोपितों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में नकली सामान, कच्चा माल बरामद की**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** राजधानी में नकली कॉस्मेटिक उत्पाद बनाकर बाजार में सप्लाई करने वाले एक संगठित गिरोह का दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने पदार्फाश किया है। पुलिस ने इस मामले में सरगना समेत चार आरोपितों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में नकली सामान, कच्चा माल और मशीनरी बरामद की है। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त हर्ष इंदौरा ने मंगलवार को बताया कि सात अप्रैल को दर्ज एफआईआर संख्या 74/26 के तहत कार्रवाई करते हुए संजय गांधी ट्रांसपोर्ट नगर, बादली में छापा मारकर इस अवैध फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। यहां से पुलिस ने करीब 20 हजार से अधिक नकली उत्पाद, जिनमें वीट हेयर रिमूवल क्रीम के भरे हुए ट्यूब, पैक्ड यूनिट, खाली ट्यूब, रैपर, कार्टन और केमिकल बरामद किए। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपितों में रोशन आरा रोड निवासी नीरज गुप्ता (40), समालखा (हरियाणा) निवासी रवि (31), वेस्ट पटेल नगर निवासी सुरेश कुमार राजपूत (56) और बवाना निवासी दिनेश चंद्र सती (54) शामिल हैं। इनमें नीरज गुप्ता इस पूरे रैकेट का मास्टरमाइंड है। जांच में सामने आया है कि आरोपित पिछले करीब दो साल से नकली कॉस्मेटिक उत्पाद बनाने और सप्लाई करने का धंधा चला रहे थे। कम मुनाफे के कारण नीरज गुप्ता ने असली ब्रांड की नकल कर नकली वीट क्रीम बनानी शुरू की। इसके लिए बादली में अवैध यूनिट स्थापित की गई, जहां घटिया केमिकल और मशीनों की मदद से बड़े पैमाने पर उत्पादन किया जाता था। पुलिस उपायुक्त के अनुसार गिरोह के सदस्य अलग-अलग जिम्मेदारी निभा रहे थे।

# मजदूर संघ ने नोएडा-ग्रेटर नोएडा में मजदूरों के हिंसक प्रदर्शन पर जताई चिंता

**गंभीर चिंता**

**बीएमएस ने यह भी कहा कि श्रमिकों के न्याय का अपहरण नहीं किया जा सकता**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) ने नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा की फैक्ट्रियों में काम करने वाले मजदूरों के हिंसक विरोध प्रदर्शन पर चिंता जतायी है। बीएमएस ने यह भी कहा कि श्रमिकों के न्याय का अपहरण नहीं किया जा सकता। इसके साथ ही बीएमएस ने मानेसर और नोएडा में अनुशासन एवं औद्योगिक सद्भाव का आहवान किया है। बीएमएस के राष्ट्रीय महासचिव सुरेंद्र कुमार पांडेय ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि मानेसर और नोएडा के औद्योगिक क्षेत्रों में हाल में हुई श्रम अशांति की घटनाएं गंभीर चिंता का विषय हैं। इन घटनाक्रमों की जिम्मेदारी, संतुलन और दीर्घकालिक औद्योगिक सद्भाव के प्रति प्रतिबद्धता के साथ देखा जाना चाहिए। पांडेय ने कहा कि शुरूआत में यह स्वीकार करना हत्वपूर्ण है कि भारत का औद्योगिक परिदृश्य विविधतापूर्ण है। विभिन्न राज्यों और क्षेत्रों में वेतन संरचना में भिन्नता आर्थिक स्थितियों, जीवन यापन की लागत और उत्पादकता स्तरों के अंतर का एक स्वाभाविक परिणाम है। इसलिए पूरे देश में पूर्णतः समान वेतन संरचना का विचार न तो व्यावहारिक है और न ही आर्थिक रूप से टिकाऊ। बीएमएस महासचिव ने कहा कि हालांकि यह स्वीकार करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि वर्तमान अशांति श्रमिकों की वास्तविक चिंताओं को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि समान औद्योगिक समूहों के भीतर वेतन विसंगतिया बढ़ती जीवन लागत, अत्यधिक संविदाकरण और प्रभावी शिकायत निवारण तंत्र की कमी जैसे मुद्दों ने असंतोष को जन्म दिया है, जब इन चिंताओं को नजरअंदाज किया जाता है या उनमें देरी की जाती है, तो वे अनिवार्य रूप से अशांति के रूप में प्रकट होती है। पांडेय ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ उन सभी गैर जिम्मेदाराना कार्यों की कड़ी निंदा करता है, जिन्होंने इस स्थिति को उत्पन्न करने, बढ़ाने या इसका फायदा उठाने में योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि ऐसे स्पष्ट संकेत है कि कुछ निहित स्वार्थों और बाहरी तत्वों ने श्रमिकों को गुमराह करने और व्यवधान पैदा करने का प्रयास किया है।

# आर्मी अधिकारी से मारपीट मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम जिले में आर्मी अधिकारी के साथ हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपित उस लग्जरी कार में सवार थे, जिसका इस्तेमाल वारदात के दौरान किया गया था। पुलिस ने आरोपितों की मर्सिडीज कार भी जब्त कर ली है और मामले की गहन जांच जारी है। दक्षिण पश्चिम जिले के पुलिस उपायुक्त अमित गोयल के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों की पहचान महरम नगर निवासी सतेंद्र उर्फ सोनू (49) और संजय शर्मा (56) के रूप में हुई है। सतेंद्र उर्फ सोनू एक निजी कंपनी चौधरी एविएशन प्राइवेट लिमिटेड का डायरेक्टर है, जो चार्टर्ड फ्लाइट, कार्गो फ्लाइट और एयरक्राफ्ट की खरीद-फरोख्त से जुड़ा कारोबार करता है। वहीं संजय शर्मा महरम नगर इलाके में स्थित पंडित जी ढाबा का संचालन करता है। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपित घटना के समय उसी मर्सिडीज कार में मौजूद थे, जिससे आर्मी अधिकारी के साथ मारपीट की गई थी। घटना के बाद से ही पुलिस आरोपितों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास कर रही थी। सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी निगरानी और स्थानीय इनपुट के आधार पर पुलिस ने दोनों आरोपितों को ट्रेस कर दबोच लिया। जांच में सामने आया है कि वारदात के दौरान कार का इस्तेमाल न केवल मौके पर पहुंचने के लिए किया गया, बल्कि घटना के बाद आरोपित उसी वाहन से फरार भी हो गए थे।



बैसाखी पर्व पर उपराष्ट्रपति ने गुरुद्वारा रकाब गंज साहिब में माथा टेका।

# बीआर अंबेडकर महाविद्यालय में वामपंथी छात्र संगठनों की फैलाई गई अराजकता दुर्भाग्यपूर्णः अभाविप

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने दिल्ली विश्वविद्यालय के डॉ भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय में संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर छात्रों द्वारा आयोजित युवा कुम्भ कार्यक्रम में वामपंथी छात्र संगठनों के अराजकता की कड़ी निंदा की। उन्होंने प्रशासन से इस घटना पर सख्त कार्रवाई की मांग की। अभाविप ने मंगलवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पिछले सौ वर्षों से निरंतर राष्ट्रहित, समाजसेवा एवं सांस्कृतिक जागरण के लिए कार्य करता आ रहा है। स्वयंसेवक संघ समाज के लिए एक मार्गदर्शक एवं प्रेरणा का स्रोत रहा है। ऐसे में शांतिपूर्ण कार्यक्रम के दौरान इस प्रकार का अमानवीय एवं अराजक व्यवहार न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध है, अपितु शैक्षणिक वातावरण को भी दूषित करने का प्रयास है। अभाविप ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी विचारधारा से असहमति का अधिकार सभी को है, परंतु उसका प्रदर्शन सभ्य एवं संवैधानिक मयार्दाओं के भीतर होना चाहिए। जिस प्रकार से युवा कुम्भ जैसे सकारात्मक एवं राष्ट्रनिर्माण से जुड़े कार्यक्रम को बाधित करने का प्रयास किया गया, वह पूर्णतः अस्वीकार्य है। अभाविप दिल्ली प्रदेश मंत्री सार्थक शर्मा ने कहा कि अभाविप इस कार्यक्रम में वामपंथी छात्रों द्वारा फैलाई गई अराजकता की कड़ी निंदा करती है।

# सामाजिक न्याय सम्मेलन का किया आयोजन



**मार्गदर्शन**

**विनोद जाखड़ ने बाबा साहेब अंबेडकर के विचारों की स्थायी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर मंगलवार को सामाजिक न्याय सम्मेलन का आयोजन किया। जिसमें छात्रों और वरिष्ठ नेतृत्व की भागीदारी रही।
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने बाबा साहेब अंबेडकर के विचारों की स्थायी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने भारतीय संविधान के माध्यम से देश को समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व का मार्ग दिखाया और उनका जीवन सामाजिक न्याय, शिक्षा और अधिकारों के संघर्ष के लिए आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। इस सम्मेलन में प्रमुख नेताओं की उपस्थिति रही, जिनमें एआईसीसी के एनएसयूआई प्रभारी कन्हैया कुमार, एआईसीसी अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम, एआईसीसी समन्वयक एनएसयूआई प्रभारी अंशुल त्रिवेदी तथा एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ शामिल रहे। इस सम्मेलन में विभिन्न शिक्षण संस्थानों से बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लिया और संवैधानिक मूल्यों, समानता और अधिकारों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया। यह कार्यक्रम जागरूकता, भागीदारी और एक न्यायपूर्ण एवं समावेशी समाज के निर्माण के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता को दशार्ता है।
इस अवसर पर यह संदेश दिया गया कि अंबेडकर जयंती केवल एक स्मरण दिवस नहीं है।

## सुल्तानपुरी में चाकूबाजी से नाबालिग की हत्या

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के सुल्तानपुरी इलाके में मामूली विवाद ने खूनी रूप ले लिया, जहां कुछ नाबालिगों ने एक दूसरे नाबालिग की चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने इस मामले में तीन नाबालिग आरोपियों को पकड़ लिया है, जबकि अन्य की तलाश जारी है। बाहरी जिले के पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने मंगलवार को बताया कि 13 अप्रैल को थाना सुल्तानपुरी में पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी, जिसमें सूचना दी गई कि ई-2/238, सुल्तानपुरी निवासी एक लड़के को चाकू मार दिया गया है। घायल अवस्था में उसे तुरंत संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल ले जाया गया।

# मंत्री सिरसा ने डिपॉजिट रिटर्न स्कीम लागू करने की संभावनाओं का अध्ययन करने के दिए निर्देश



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने पर्यावरण विभाग को नॉन-बायोडिग्रेडेबल कचरे की समस्या से निपटने के लिए डिपॉजिट रिटर्न स्कीम (डीआरएस) लागू करने की संभावनाओं पर विस्तृत अध्ययन करने के निर्देश दिए हैं। यह जानकारी एक विज्ञप्ति के जरिए दी गई। विज्ञप्ति के मुताबिक, पर्यावरण मंत्री सिरसा की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय बैठक में संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ प्लास्टिक और अन्य कचरे से जुड़ी गंभीर समस्या पर चर्चा की गई। यह कचरा नालों को जाम कर रहा है, जल स्रोतों को प्रदूषित कर रहा है, मिट्टी को नुकसान पहुंचा रहा है और खुले में जलने से वायु प्रदूषण बढ़ा रहा है। बैठक के दौरान सिरसा ने कहा कि यह योजना अन्य राज्यों में सफल रही है और दिल्ली को भी अपने शहरी चुनौतियों के अनुसार इसे अपनाने पर विचार करना चाहिए, ताकि जल्दी और ठोस परिणाम मिल सकें। मंत्री ने इस संबंध में स्टैंडिंग ऑर्डर जारी करते हुए पर्यावरण विभाग को कहा कि वे इन मॉडलों का विस्तृत अध्ययन करें, दिल्ली के लिए उपयुक्त डीआरएस ढांचा तैयार करें और फाइनेंशियल मैकेनिज्म, संस्थागत व्यवस्था, स्टेकहोल्डर्स की जिम्मेदारियां और लागू करने की रणनीति को शामिल करते हुए एक व्यापक प्रस्ताव एक महीने के भीतर तैयार करें। सिरसा ने इस पहल के जनहित पहलू पर जोर देते हुए कहा कि नागरिकों, व्यवसायों और रीसाइक्लर्स को साथ लेकर डीआरएस न केवल प्रदूषण कम करेगा, बल्कि दिल्ली को स्वच्छ और हरित बनाने में मदद करेगा।

# दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे विकास को नई रफ्तार देने वाला ऐतिहासिक कदम



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे के उद्घाटन पर समस्त दिल्लीवासियों की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने मंगलवार को महावीर स्वामी पार्क में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे केवल एक सड़क परियोजना नहीं, बल्कि विकसित भारत के निर्माण की दिशा में एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम है। सचदेवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आज विकास की नई परिभाषा गढ़ रहा है और दिल्ली भी इस परिवर्तन का प्रमुख केंद्र बनकर उभरी है। लगभग 12,000 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 210 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेस-वे दिल्ली के यातायात ढांचे को सुदृढ़ करते हुए जाम की समस्या से बड़ी राहत प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि यह परियोजना केवल कनेक्टिविटी को मजबूत नहीं करती, बल्कि राष्ट्र निर्माण के व्यापक विजन का हिस्सा है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के नेतृत्व में देशभर में आधुनिक और विश्वस्तरीय एक्सप्रेस-वे का तेजी से निर्माण हो रहा है, जो भारत की आर्थिक प्रगति को नई गति दे रहा है। सचदेवा ने जानकारी दी कि वर्तमान में दिल्ली में लगभग 65,000 करोड़ रुपये के इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स पर कार्य चल रहा है, जिनमें से 33,000 करोड़ रुपये की परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं, जबकि 32,000 करोड़ रुपये की परियोजनाएं प्रगति पर हैं।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में इंडिया गेट पर बनाई मानव शृंखला




**आभार**

**इस अभियान में मोदी का धन्यवाद और आभार प्रकट करने के लिए संस्थाओं ने भागीदारी की**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** इंडिया गेट पर नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में सम्पूर्णा संस्था की संस्थापिका अध्यक्ष शोभा विजेंद्र के नेतृत्व में मानव शृंखल बनाई गई। इस अभियान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का धन्यवाद और आभार प्रकट करने के लिए दिल्ली की सामाजिक संस्थाओं ने भागीदारी की। डॉ. शोभा विजेंद्र ने बताया कि मानव शृंखला का मुख्य उद्देश्य 16झ18 अप्रैल को लोकसभा में आयोजित विशेष सत्र के लिए शुभकामनाएं देना और नारी शक्ति वंदन अधिनियम के क्रियान्वयन में आने वाली सभी बाधाओं को दूर करने के प्रयासों का समर्थन करना था। उन्होंने कहा कि इस अभियान में 300 से अधिक महिलाओं ने तेज धूप में खड़े होकर प्रधानमंत्री के समर्थन में नारे लगाए। पुरुषों ने भी अधिनियम के सार को दशार्ते हुए पर्चे वितरित कर सक्रिय सहयोग दिया। प्रतिभागियों ने नारी शक्ति वंदन अधिनियमझ जय हो और नारी की सुरक्षा हो झ हर पहलू पर रक्षा हो जैसे नारों से वातावरण को उत्साहपूर्ण बना दिया। डॉ. शोभा विजेंद्र ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल एक कानून नहीं है, बल्कि महिलाओं को समान अधिकार, सम्मान और राष्ट्रीय निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित करने वाला एक परिवर्तनकारी कदम है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सशक्त भागीदारी से शासन अधिक संवेदनशील और समावेशी बनेगा। उन्होंने कहा कि महिला नेतृत्व केवल महिला मुद्दों तक सीमित नहीं है बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और सामाजिक न्याय जैसे क्षेत्रों में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है, जो सर्वजन हितायझ सर्वजन सुखाय की भावना को साकार करता है। उन्होंने सभी से इस पहल के महत्व को समझने और इसे समाज में व्यापक स्तर पर फैलाने की अपील की, ताकि यह वास्तविक सामाजिक परिवर्तन का आधार बन सके और भारत को वैश्विक नेतृत्व की दिशा में आगे बढ़ाने में सहायक हो। इस अभियान में फिक्की फ्लो से निधि गोयल, भारत विकास परिषद से रश्मि गोयला, पूर्व पार्षद अंजू जैन, डॉ. एकता चड्ढा, अविनाश जैन, संजय गौतम, सम्पूर्णा के लाभार्थी, स्टाफ और स्वयंसेवक शामिल हुए। सभी प्रतिभागियों ने इस अभियान को दिल्ली के प्रत्येक घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# यदि समाज में इंसानियत को जिंदा रखना है तो डॉ अंबेडकर के दिखाए रास्ते पर चलना जरूरीः ईश्वर

**जयन्ती**

**चीका सरकारी स्कूल में अम्बेडकर जयन्ती पर किए पुष्प अर्पित**



**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** पूर्व राज्यसभा सांसद व गुहला के पूर्व विधायक ईश्वर डूक्षसह ने कहा है कि यदि समाज में इंसानियत को जिंदा रखना है, तो भारत रत्न डाक्टर भीम राव अम्बेडकर के दिखाए रास्ते पर चलना बहुत जरूरी है। उनकी शिक्षाओं को मानना ही भक्ति व पूजा का दूसरा रूप है। ईश्वर डूक्षसह बाबा साहब अम्बेडकर की 135वीं जयन्ती पर यहां के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अम्बेडकर की मूर्ति पर पुष्प अर्पित करके उन्हें श्रद्धांजली भेंट करने के उपरांत डाक्टर भीम राव अम्बेडकर जन कल्याण समिति द्वारा आयोजित एक सभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज जयन्ती के अवसर पर जिस प्रकार से बच्चों, महिलाओं व लोगों ने भारी उत्साह दिखाया है नतीजतन उनका बाबा साहब के प्रति लगाव की भावना दिखा रहा है। उन्होंने कहा कि आज उन्हें लगने लगा है कि दलित, पिछड़े व वंचित लोग भी अब अपने समानता के अधिकारों को लेकर जागरूक हो गए हैं और इससे बढ़कर कोई खुशी हो भी नहीं सकती। उन्होंने कहा कि जब देश को आजाद करवाने की मुहिम चली, तो अंग्रेजों ने कहा कि हम भारत को आजाद तो कर देंगे परंतु आपके पास तो भारत का संविधान बनाने वाला भी कोई नहीं है, ठीक उसी समय एक ध्रुव तारे की तरह बाबा साहब आगे आए और भारतीय संविधान बनाने की ठान ली। ईश्वर डूक्षसह ने कहा कि बाबा साहब ने समूचे विश्व के संविधानों को पढ़ा और भारत का एक ऐसा संविधान तैयार किया, जिसमें 36 बिरादरी के लोगों को समानता का अधिकारी देने की बात कही गई थी। उन्होंने कहा कि यदि बाबा साहब न होते, तो उन्हें आजादी न मिलती और यदि आजादी न मिलती, तो हम लोग आज खुली हवा में सांस नहीं ले सकते थे। ईश्वर डूक्षसह ने कहा कि बाबा साहब ने न केवल संविधान का निर्माण किया अलबत्ता उस समाज में फैली सती प्रथा जैसी कई अन्य कुरीतियों का विरोध किया और उन्हें बंद करवाकर लोगों को जीना भी सिखाया। ईश्वर डूक्षसह ने कहा कि बाबा साहब केवल दलितों के ही मसीहा नहीं हैं बल्कि उन्होंने 36 बिरादरी के लोगों के पक्ष में कई कानून बनवाए, जिसके चलते अब उनकी जयन्ती पर सभी वर्गों के लोग आकर अपनी श्रद्धांजली अर्पित करते हैं। उन्होंने कहा कि अम्बेडकर ने हमें सिखाया कि यदि मानवता को जिंदा रखना है, तो फिर समानता भी रखनी होगी क्योंकि कौन कहां पैदा होता है, यह इन्सान के हाथ में नहीं है नतीजतन हम सब एक हैं, हमारा सबका खून एक ही रंग का है, तो ऐसी स्थिति में असमानता की बात करने का कोई औचित्य ही नहीं है। उन्होंने समाज के लोगों का आह्वान किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने बच्चों को शिक्षित करें क्योंकि शिक्षा उन्हें कहां से कहां पहुंचा दे, इसका कोई अनुमान नहीं लगा सकता। ईश्वर डूक्षसह ने कहा कि वे समाज के प्रति समर्पित हो जाएं और इस दुनिया में जन्म लेने के अपने उद्देश्य को सार्थक करें। विधायक ने स्कूल परिसर में बनी लाइब्रेरी का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर रुलदू राम, लाभ डूक्षसह, मदन लाल, दिनेश कुमार,प्रह्लाद चंद, करनैल, रति राम व जरनैल जैली आदि भी मौजूद रहे।

दलित होने की पीड़ा का दंश झेलने वाला मैं स्वयं भुगतभोगी हूं...कार्यक्रम के दौरान 75 वर्षीय ईश्वर डूक्षसह उस समय भावुक हो गए, जब उन्होंने स्कूल के दिनों की एक घटना सुनाई, जहां तत्कालीन एक अध्यापक ने उन्हें घर से अपना गिलास लाने का फरमान सुना दिया था। उन्होंने कहा कि वे इस घटना का जिक्र नहीं करना चाहते थे परंतु उनके मन में जो वर्षों से आग लगी हुई थी, उसको बुझाने व पीड़ा को कम करने के लिए ही मैं समाज के लोगों के साथ उसे सांझा कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि स्कूल में एक विदाई पार्टी थी, जिसमें 7वीं कक्षा के बच्चों ने 8वीं कक्षा के बच्चों को पार्टी देनी थी और पार्टी के प्रचलन के अनुसार इसी दिन चाय-पानी का प्रोग्राम भी रखा गया था और अध्यापकों ने सभी बच्चों को पार्टी में खाली हाथ आने के आदेश दिए परंतु उनके लिए कक्षा में एकमात्र दलित होने के चलते अपना गिलास घर से लाने का फरमान सुना दिया।

# अंबेडकर जयंती पर भाजपा नेताओं ने उनकी प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**पुष्पांजलि**

**भाजपा कार्यकताओं ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उनको पुष्पांजलि अर्पित की।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर के नेतृत्व में आज बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जन्म जयंती पर अम्बेडकर चौक पर भाजपा कार्यकताओं ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उनको पुष्पांजलि अर्पित की।

डा. भीमराव अम्बेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहेब ने समाज के उस वर्ग का उत्थान किया, जो लंबे समय तक शोषित रहा। उन्होंने देश को न केवल संविधान दिया, बल्कि समानता और न्याय पर आधारित एक मजबूत विचारधारा भी प्रदान की। यह समता दौड़ उसी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। सभी को मिलकर एक ऐसे भारत का निर्माण करना है, जहां हर व्यक्ति को समान सम्मान और अवसर प्राप्त हो। असंध विधायक योगेन्द्र राणा ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उनकी 135वीं जयंती की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष और त्याग से परिपूर्ण रहा है।

करनाल विधायक जगमोहन आंनद एवं नगर निगम मेयर रेनू बाला गुप्ता ने भी बाबा साहेब को नमन करते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन समाज के हर वर्ग के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने शिक्षा, समानता और अधिकारों के लिए जो संघर्ष किया, वह आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने लोगों से डॉ. अंबेडकर के विचारों को अपनाने और समाज में समरसता व भाईचारे को मजबूत करने का आह्वान किया।

इस मौके पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डा. अशोक कुमार, भाजपा नेताओं के अलावा सैकड़ों की संख्या में भाजपा के ज्येष्ठ एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पटाखा गोदाम में ब्लास्ट, लैंटर उड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** शहर के मेरठ रोड स्थित सूरज नगर में एक पटाखा गोदाम में जोरदार धमाका हो गया। धमाके की आवाज दूर-दूर तक सुनाई दी। हादसे में एक बच्ची घायल हो गई, जबकि गोदाम और पास बने मकान को भारी नुकसान पहुंचा है। गोदाम का लैंटर उड़ गया और पड़ोसी मकान की दीवार ढह गई। आसपास के कई मकानों में दरारें भी आ गईं। गनीमत यह रही कि हादसे के समय गोदाम के अंदर कोई मौजूद नहीं था, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।



पीड़ित महिला राकेश ने बताया कि दीपावली से पहले यहां पटाखा फैक्ट्री चलती थी। बाद में मालिक मोहन लाल ने फैक्ट्री बंद कर पटाखे अंदर ही रख दिए। महिला के अनुसार उन्होंने कई बार मालिक को चेतावनी दी थी कि यहां पटाखे रखना खतरनाक है, लेकिन उसने कोई ध्यान नहीं दिया। उन्होंने बताया कि हाल ही में लोन लेकर मकान बनाया था, लेकिन धमाके से दीवार गिर गई और उनकी बेटी को भी चोट आई है। पीड़ित परिवार ने मालिक से मुआवजे की मांग की है।

स्थानीय निवासी राम प्रकाश ने बताया कि दीपावली से पहले यहां फैक्ट्री चल रही थी, जिसे बाद में प्रशासन ने बंद करवा दिया था। हालांकि, अंदर रखे पटाखों को नहीं हटाया गया। इसी कारण अचानक आग लगने से जोरदार धमाका हुआ। धमाका इतना तेज था कि गोदाम का पूरा लैंटर उड़ गया और साथ बने मकान की दीवार भी गिर गई।

फायर ब्रिगेड विभाग के अधिकारी ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। उन्होंने बताया कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है।

सेक्टर 32-33 थाना के एसएचओ सतीश कुमार ने बताया कि पटाखा गोदाम में ब्लास्ट की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि यहां अवैध रूप से पटाखे रखे हुए थे। ब्लास्ट किन कारणों से हुआ, इसकी जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि मामले में वो हर पहलू की गहनता से जांच कर रहे है, ताकि दोषी के खिलाफ कार्रवाई सख्त कार्रवाई अमल में लाई जा सके।

# जीजा का साले पर नुकीले हथियार से हमला

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** थाना बुटाना क्षेत्र में एक ढाबे पर पैसे के विवाद को लेकर एक युवक पर नुकीले हथियार से हमला करने का मामला सामने आया है। घायल युवक अपने रिश्तेदार से मिलने आया था, जहां कहासुनी के बाद झगड़ा बढ़ गया। आरोप है कि आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए हमला किया और गंभीर चोट पहुंचाई। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस को की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दिल्ली के सूरज पार्क समयपुर बादली निवासी निर्मल सिंह पुत्र नरेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 12 अप्रैल को वह अपने जीजा कमलप्रीत पुत्र जस्सा सैनी से मिलने के लिए बावा ढाबे पर गया था।

# दौरा पड़ने से विवाहिता की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** शहर की शिव कॉलोनी में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में हडकंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मायका पक्ष ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है, जबकि ससुराल पक्ष इसे बीमारी से हुई मौत बता रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शवगृह में भेज दिया है।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा।मृतका की पहचान 27 वर्षीय कविता के रूप में हुई है। वह यूपी के ग्रेटर नोएडा की रहने वाली थी और वर्ष 2023 में उसकी शादी करनाल की शिव कॉलोनी में हुई थी। कविता दो बच्चों की मां थी, जिनमें एक बच्चा डेढ़ साल का और दूसरा 7 महीने का है। इसके अलावा वह गर्भवती भी बताई जा रही है।

ग्रेटर नोएडा की देवेंद्री व अन्य परिजनों ने आरोप लगाया कि उन्हें ससुराल पक्ष की तरफ से कॉल कर मौत की सूचना दी गई। सूचना मिलते ही वे करनाल पहुंचे। परिजनों का कहना है कि कविता के शरीर, खासकर कमर और अन्य हिस्सों पर चोट के निशान थे। उनका आरोप है कि ससुराल वाले उसे प्रताड़ित करते थे और उसका पति शराब पीकर मारपीट करता था। परिजनों ने इसे सुनियोजित हत्या बताया है। वहीं ससुराल पक्ष और पड़ोसियों ने सभी आरोपों को खारिज किया है। उनका कहना है कि कविता को पहले से ही दौरे पड़ते थे। शादी के समय मुंह दिखाई की रस्म के दौरान भी उसे दौरा पड़ा था।

## न्यूज फ्लैश

### सरसा ब्रांच नहर पुल पर बड़ा हादसाः डंपर की चपेट में आने से 60 वर्षीय व्यक्ति की मौत पुलिस जाँच में जुटी

**इंद्रीः** इंद्री-लाडवा रोड पर सरसा ब्रांच नहर के पुल पर मंगलवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें मोटरसाइकिल सवार एक बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी डंपर छोड़कर मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार गांव उमरी (जिला कुरुक्षेत्र) निवासी 60 वर्षीय रणबीर अपनी स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी कार्य के लिए इंद्री आ रहे थे। जैसे ही वह सरसा ब्रांच नहर के पुल पर पहुंचे, पीछे से तेज रफ्तार में आए डंपर ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि डंपर चालक बाइक सवार को काफी दूर तक घसीटता ले गया, जिससे रणबीर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शी राजबीर ने बताया कि डंपर चालक लापरवाही से वाहन चला रहा था और उसने अचानक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। एसआई राजा राम ने बताया कि मृतक की पहचान रणबीर (60) निवासी गांव उमरी, जिला कुरुक्षेत्र के रूप में हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है। पुलिस ने अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर जायेगा

### नकली सोना बेचने आई युवती को मिली जमानत

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** शहर में सामने आए नकली सोने की बड़ी धोखाधड़ी मामले में शामिल युवती को कंडिशनल बेल मिल गई है। बेल मिलने के बाद अब उसकी निजी जिंदगी को लेकर भी चचाएं तेज हो गई हैं। सूत्रों के अनुसार 16 अप्रैल को उसकी शादी प्रस्तावित है, लेकिन इसे लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। पुलिस भी इस बारे में कुछ साफ नहीं बता पा रही है और फिलहाल पूरा ध्यान मामले की जांच पर है।

इस पूरे मामले में सबसे अहम कड़ी 22 वर्षीय खुशी अरोड़ा है, जिसे उसके पिता सर्वपाल ने ही इस रास्ते पर डाला। सर्वपाल पहले से ही आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति रहा है और मर्डर, पुलिस पर फायरिंग व चोरी जैसे मामलों में शामिल रह चुका है। इन घटनाओं के बाद उसने ठगी को कमाई का आसान तरीका समझा और नकली सोने के जरिए बड़ा खेल शुरू किया।

# गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा सेक्टर 7 अर्बन एस्टेट पंचकुला में मनाया गया खालसा साजना दिवस और गुरुद्वारा स्थापना दिवस



**टीम एक्शन इंडिया**
**पिंजौर पूनम देवी**
गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा सेक्टर 7 अर्बन एस्टेट पंचकुला में खालसे का साजना दिवस और विसाखी का पर्व बहुत ही श्रद्धा और धूमधाम से मनाया गया। सुबह 10 बजे अखंड पाठ साहिब जी भोग डाले गए उपरांत 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक कीर्तन वा गुरु साहिब के आदेशों पर कथा वाचकों द्वारा प्रवचन का परवाह चलता रहा और नामी कीर्तनी जत्थों ने गुरु जी की बानी का गुणगान किया। सुबह सुखमनी साहिब सोसाइटी द्वारा कीर्तन गायन किया गया। दोपहर 1:00 बजे से गुरु का लंगर अटूट बरता।

प्रधान कंवरपाल सिंह ने बताया कि संगतों ने खालसा साजना दिवस पर गुरुद्वारा साहिब में गुरु दर्शनों के लिए काफी संख्या में हाजरी भरी।उन्होंने बताया कि खालसा साजना दिवस गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा सेक्टर 7 पंचकुला में हर साल की तरह धूमधाम से मनाया गया। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा सेक्टर 7 पंचकूला में संगतें नतमस्तक हुई। उन्होंने बताया कि खालसा साजना दिवस पर ही गुरुद्वारा सेक्टर 7 की स्थापना हुई थी इसलिए इस दिन को हम गुरुद्वारा स्थापना दिवस के रूप में भी मनाते हैं।

# अंबेडकर की 135वीं जयंती पर कांग्रेस ने निकाली पदयात्रा

**पदयात्रा**

**बाबा साहब ने हर वर्ग को समान अधिकार प्रदान किए और लोकतंत्र को मजबूत आधार दिया :**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी (शहरी) की ओर से शहर में भव्य पदयात्रा निकाली गई।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकताओं व नेताओं ने भाग लेकर बाबा साहब को पुष्पांजलि अर्पित की। पदयात्रा को राज्यसभा सांसद करमवीर बोद्ध ने माल रोड स्थित डीसीसी कार्यालय से झंडी दिखाकर रवाना किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता शहरी जिला अध्यक्ष पराग गाबा ने की। पदयात्रा डीसीसी कार्यालय से शुरू होकर अंबेडकर चौक पर जाकर संपन्न हुई। अंबेडकर चौक पर पहुंचने के बाद सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान लड्डू बांटकर लोगों में खुशी साझा की गई और बाबा साहब के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

राज्यसभा सांसद करमवीर बोद्ध ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने समाज में व्याप्त कुरीतियों पर प्रहार करते हुए एक ऐसे संविधान का निर्माण किया, जिसने आधुनिक भारत की मजबूत नींव रखी। उन्होंने देश को ऐसा संविधान दिया, जिसने हर वर्ग को समान अधिकार प्रदान किए और लोकतंत्र को मजबूत आधार दिया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का शिक्षित बनो, संगठित हो और संघर्ष करो, का संदेश हर नागरिक के लिए प्रेरणास्त्रोत है और युवाओं को विशेष रूप से उनके आदर्शों को अपनाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए।

शहरी जिला अध्यक्ष पराग गाबा ने कहा कि डॉ. अंबेडकर केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचारधारा हैं, जो समाज को आगे बढ? का मार्ग दिखाती है। उन्होंने कहा कि हमें बाबा साहब के बताए रास्ते पर चलते हुए समाज में भाईचारा, समानता और न्याय की स्थापना करनी चाहिए। उन्होंने संदेश देते हुए कहा कि हमें बाबा साहब के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए।

इस अवसर पर जोगिंदर वाल्मीकि, बिंदर पोसवाल, दिलशेर डाचर, तरुण चौहान, पंकज गाबा, निश्चय सोही, ललित अहूजा, दीपक महाजन, हरपाल कलामपुरा, राजीव गोंदर, गुरविंदर कौर, दीपक चौधरी, रोहित जोशी, रोबिन माइकल, परवीन पुनिया, रामचंद्र टाया, सुरेंद्र नंबरदार, राकेश डाकवाला, गुरमीत सिंह, विनोद तोतोरिया, सुरेश काछवा, रोनक राम, जितेंद्र पंचाल, पृथ्वी भाट, रोहताश वाल्मीकि सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बाबा साहेब अंबेडकर के आदर्शों को अपने जीवन में करें आत्मसात : सुधीर जैन

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत, 14 अप्रैल** । ज्ञान गंगा मांटेसरी एंड मॉडल स्कूल, न्यू नंदवानी नगर में भारतीय संविधान के शिल्पकार, महान विधिवेत्ता और समाज सुधारक ह्यभारत रत्नह्व बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। स्कूल में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में सभी शिक्षकगण व छात्र-छात्राएं उत्साहपूर्वक शामिल हुए। स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, डायरेक्टर ध्रुव जैन व प्राचार्या मीनाक्षी खुराना ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर व श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी । चेयरमैन सुधीर जैन ने कहा कि बाबा साहेब एक न्यायविद, अर्थशास्त्री, गहन विचारक, विधि विद्वान और समतावादी सामाजिक व्यवस्था के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने अपना जीवन समाज के वंचित और कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित किया और उनके हित में ऐतिहासिक योगदान दिया।



सुधीर जैन ने कहा कि बाबा साहेब ने न केवल असमानताओं को दूर करने का मार्ग दिखाया, बल्कि भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक अधिकारों को मजबूत करने में भी अग्रणी भूमिका निभाई। उन्होंने शिक्षकों व बच्चों से कहा कि वे बाबा साहेब अंबेडकर के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करें और देश व समाज की प्रगति में अपना अहम योगदान दें। डायरेक्टर ध्रुव जैन ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर भारत के इतिहास में एक ऐसे महान व्यक्तित्व है, जिन्होंने समाज, शिक्षा, राजनीति और न्याय व्यवस्था को नई दिशा दी। उन्होंने शिक्षा और समानता के जरिए महिला सशक्तिकरण के प्रयासों को भी गति दी। प्राचार्या मीनाक्षी खुराना ने बाबा साहेब को नमन करते हुए उनके विचारों को राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा बताया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के समता, न्याय और शिक्षा पर आधारित सिद्धांत आज भी समाज को दिशा दे रहे हैं। शिक्षकों ने उनके संविधान निर्माण में दिए गए बाबा साहेब के योगदान को रेखांकित करते हुए बच्चों को उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान बोर्ड डेकोरेशन, पोस्टर मेकिंग, पेंटिंग व भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। मयंक, दिव्या, वरदान, जानवी थापा, विधि, आयशा आदि छात्र-छात्राओं ने इनमें उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर अध्यापक सतीश, अध्यापिका कविता, रोजी, मेघा, काजल, शालू, भावना, दिव्या, पूजा, नीरू, सीमा, ज्योति, कविता नैन, कोमिला, रजनी, पारस, निशी, पिंकी, शगुन, मोनिका दूहन सहित सभी स्टाफ मौजूद रहे।

फोटोः ज्ञान गंगा मांटेसरी एंड मॉडल स्कूल में डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती पर पुरस्कृत किए गए बच्चे प्राचार्या मीनाक्षी खुराना के साथ।

# बस और डंपर की आमने-सामने टक्कर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले के इंद्री में कोर्ट के सामने करनाल-इंद्री रोड पर मंगलवार को रोडवेज बस और डंपर की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में कंडक्ट समेत 8 यात्री घायल हो गए। टक्कर के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और लोगों में चीख-पुकार सुनाई देने लगी। सूचना मिलते ही आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया। जानकारी के अनुसार करनाल डिपो के बस करनाल से यमुनानगर की ओर जा रही थी, जबकि डंपर विपरीत दिशा से करनाल की तरफ आ रहा था।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **ए.एम बहादुर उर्फ अशोक, पुत्रः** धन बहादुर, **पताः** मकान नं. 52, गली नंबर 12, मुकुंदपुर-।। **एवं:** गांव – सत खरिया, थाना पानेरी, जिला– उदलगुडी, **असम FIR No. 297/2018, U/s: 420/120 B IPC पुलिस थानाः तिलक नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **ए.एम बहादुर उर्फ अशोक,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **ए.एम बहादुर उर्फ अशोक,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **ए.एम बहादुर उर्फ अशोक, FIR No. 297/2018, U/s: 420/120 B IPC पुलिस थानाः तिलक नगर, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.05.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
विकास मदान
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–07 (पश्चिम)
कमरा नं. 289 द्वितीय तल
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/4607/WD/2026
(Court Matter)

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)/**
**84–भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **वीर बहादुर पुत्र जय सिंह पताः डी–9/16, हनुमान मंदिर के पास, शाहबाद डेयरी, दिल्ली ने एफआईआर संख्या 554/20 धारा 33 डीई एक्ट के तहत** थानाः शाहबाद डेयरी, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **वीर बहादुर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **वीर बहादुर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर संख्या 554/20 धारा 33 डीई एक्ट के तहत थाना साहबाद डेयरी, दिल्ली के उक्त वीर बहादुर** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.05.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सार्थक पंवार
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05
नार्थ कोर्ट कमरा नं. 114, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/4810/ON/2026

## संपादकीय

# रील, व्लॉग और बकवास

**आज** के समय में अगर कोई सबसे तेजी से फैलने वाली चीज है तो वह है–'बकवास'। फर्क बस इतना है कि अब यह बकवास चाय की दुकानों या चौपालों तक सीमित नहीं रही, बल्कि स्मार्टफोन की स्क्रीन पर सजकर 'रील' और 'व्लॉग' के नाम से पूरे समाज में ब्रॉडकास्ट हो रही है। एक समय था जब युवा अपने सपनों के लिए जागते थे। आज वे नोटिफिकेशन के लिए जागते हैं। पहले लक्ष्य तय होते थे, अब ट्रेंड तय होते हैं। पहले मेहनत पर ताली बजती थी, अब बकवास पर लाइक और शेयर मिलते हैं। यही वह बदलाव है, जिसने युवा पीढ़ी को धीरे-धीरे एक ऐसी दिशा में धकेल दिया है, जहां शोर तो बहुत है, लेकिन सार बिल्कुल नहीं। रील और व्लॉग जो मूल रूप से रचनात्मकता और अभिव्यक्ति के माध्यम हो सकते थे, आज एक ऐसी दौड़ का हिस्सा बन चुके हैं, जहां गुणवत्ता नहीं, बल्कि 'वायरल' होना सबसे बड़ा लक्ष्य है। इस दौड़ में कंटेंट नहीं, कंटेंट का शोर मायने रखता है। जितना ज्यादा विचित्र, जितना ज्यादा सनसनीखेज, उतनी ही ज्यादा लोकप्रियता। ऐसे में गंभीरता, संवेदनशीलता और ज्ञान जैसे शब्द धीरे-धीरे हाशिये पर चले जाते हैं। युवा पीढ़ी का एक बड़ा हिस्सा आज 'कंटेंट क्रिएटर' बनने की होड़ में है, लेकिन यह कोई नहीं सोच रहा कि वे क्या बना रहे हैं और क्यों बना रहे हैं। कैमरा ऑन होते ही अभिनय शुरू हो जाता है और कैमरा ऑफ होते ही वास्तविकता का खालीपन सामने आ जाता है। यह एक ऐसी दुनिया है, जहां दिखावा ही असली पहचान बन चुका है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि इस बकवास को अब सामान्य और स्वीकार्य मान लिया गया है। जो जितना अधिक समय स्क्रीन पर बिताता है, उसे उतना ही 'अपडेटेड' माना जाता है। जबकि सच्चाई यह है कि यह अपडेट नहीं, बल्कि एक प्रकार की मानसिक थकान और दिशाहीनता है। आज का युवा घंटों यह सोचने में लगा रहता है कि अगली रील में क्या दिखाना है, लेकिन यह सोचने का समय नहीं निकालता कि जीवन में क्या करना है। यह विडंबना ही है कि जिस पीढ़ी के पास सबसे अधिक संसाधन हैं, वही सबसे अधिक भ्रमित और बिखरी हुई दिखाई देती है। यह समस्या केवल समय की बरबादी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सोचने की क्षमता को भी प्रभावित कर रही है। लगातार छोटे-छोटे वीडियो देखने की आदत ने ध्यान केंद्रित करने की क्षमता को कमजोर कर दिया है। गहराई से सोचने, पढ़ने और समझने की प्रवृत्ति कम होती जा रही है। व्लॉग और रील्स के इस दौर में एक और खतरनाक प्रवृत्ति उभरकर सामने आई है–दूसरों की नकल। मौलिकता की जगह कॉपी-पेस्ट ने ले ली है। कोई ट्रेंड चल पड़ा, तो हर कोई उसी को दोहराने लगता है। इस प्रक्रिया में न तो कुछ नया पैदा होता है और न ही कोई सार्थक संदेश जाता है। बस एक जैसी बकवास का अंबार लग जाता है। समाज पर इसका प्रभाव भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। संवाद की जगह प्रदर्शन ने ले ली है। लोग अब जीने से ज्यादा दिखाने में विश्वास करने लगे हैं।

# बिहार में भाजपा का युगः एक नया राजनीतिक अध्याय

**सौरभ वार्ष्णेय**

> सम्राट चौधरी का करियर यह दिखाता है कि बिहार की राजनीति में लगातार सक्रियता, रणनीति और समय के अनुसार निर्णय लेना कितना महत्वपूर्ण है। वे आज राज्य की राजनीति में एक महत्वपूर्ण और प्रभावशाली नेता के रूप में स्थापित हो चुके हैं। 2026 के अनुसार भाजपा के १६ वें राज्य के मुख्यमंत्री होंगे सम्राट चौधरी । नीतीश कुमार युग का अंत
>
> नीतीश कुमार का नाम बिहार की राजनीति में एक लंबे समय तक स्थिरता, सुशासन और सामाजिक संतुलन के प्रतीक के रूप में लिया जाता रहा है



**राजनीति** भी ऐसा मौसम है पता नहीं कब क्या कुछ हो जाये ? ऐसे ही बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का कुछ नहीं कहा जा सकता कब उनका फैसला बदल जाये। वैसे भी बिहार की राजनीति लंबे समय तक जातीय समीकरणों, क्षेत्रीय दलों और गठबंधन की जटिलताओं के इर्द-गिर्द घूमती रही है। लेकिन हाल के वर्षों में भारतीय जनता पार्टी का उभार राज्य की राजनीति में एक नए अध्याय का संकेत दे रहा है। यह बदलाव केवल सत्ता परिवर्तन तक सीमित नहीं है, बल्कि राजनीतिक सोच, विकास के एजेंडे और नेतृत्व शैली में भी परिवर्तन का द्योतक है। ऐसे में बिहार में भारतीय जनता पार्टी ने सम्राट चौधरी को विधायक दल का नेता चुना जाना और बिहार के वह मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। बिहार में भारतीय जनता पार्टी का विस्तार कोई अचानक हुई घटना नहीं है। यह एक लंबी रणनीतिक यात्रा का परिणाम है, जिसमें संगठन की मजबूती, जमीनी स्तर पर कार्यकताओं का नेटवर्क और केंद्र की नीतियों का प्रभाव शामिल है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की योजनाओं–जैसे उज्ज्वला, आयुष्मान भारत और पीएम आवास योजना–ने राज्य के ग्रामीण और गरीब वर्गों में भाजपा की स्वीकार्यता बढ़ाई है। इससे पार्टी को एक मजबूत जनाधार बनाने में मदद मिली है।
हालांकि, बिहार की राजनीति में नीतीश कुमार जैसे अनुभवी नेता और राष्ट्रीय जनता दल जैसे प्रभावशाली दल अभी भी मजबूत स्थिति में हैं। ऐसे में भाजपा का यह उभार एक प्रतिस्पर्धात्मक राजनीतिक वातावरण तैयार करता है, जहां सत्ता की लड़ाई और अधिक दिलचस्प और जटिल हो गई है। भाजपा के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह अपने विकास के वादों को जमीन पर उतारे। बिहार आज भी बेरोजगारी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी समस्याओं से जूझ रहा है। भाजपा को इन क्षेत्रों में ठोस सुधार करना होगा। यह उसके लिए एक स्थायी राजनीतिक आधार बनाने का अवसर हो सकता है। इसके अलावा, सामाजिक समरसता और जातीय संतुलन बनाए रखना भी भाजपा के लिए एक महत्वपूर्ण कसौटी होगी। बिहार की सामाजिक संरचना बेहद संवेदनशील है, जहां छोटी-सी राजनीतिक चूक भी बड़े सामाजिक तनाव का कारण बन सकती है। बिहार में भाजपा का उभरता हुआ युग एक परिवर्तनशील दौर का प्रतीक है। यह देखना दिलचस्प होगा कि यह बदलाव राज्य को विकास और स्थिरता की ओर ले जाता है या फिर यह केवल सत्ता के नए समीकरणों तक ही सीमित रह जाता है। आने वाले समय में बिहार की राजनीति किस दिशा में जाएगी, यह न केवल राज्य बल्कि पूरे देश की राजनीतिक धारा को भी प्रभावित करेगा।
बिहार में सम्राट चौधरी का मुख्यमंत्री बनना ऐसे में भाजपा ने सम्राट चौधरी को विधायक दल का नेता चुना है तो यह तय है कि सम्राट चौधरी मुख्यमंत्री बनते ही केवल नेतृत्व परिवर्तन नहीं बल्कि एक व्यापक राजनीतिक संदेश और रणनीतिक बदलाव का संकेत होगा। सबसे पहले, यह कदम भारतीय जनता पार्टी के उस प्रयास के रूप में देखा जाएगा, जिसमें वह बिहार में अपनी स्वतंत्र पहचान को और मजबूत करना चाहती है। लंबे समय तक नीतीश कुमार के नेतृत्व में गठबंधन की राजनीति करने के बाद, भाजपा अब अपने चेहरे के साथ चुनावी मैदान में उतार दिया है। सम्राट चौधरी का सामाजिक आधार भी इस चर्चा को महत्वपूर्ण बनाता है। वे पिछड़े वर्ग से आते हैं, जो बिहार की राजनीति में निर्णायक भूमिका निभाता है। ऐसे में उनका मुख्यमंत्री बनना सामाजिक प्रतिनिधित्व के नए समीकरण साध सकता है और भाजपा को उन वर्गों में और गहराई तक पहुंचाने में मदद कर सकता है, जहां अब तक अन्य दलों का प्रभाव रहा है। हालांकि, यह रास्ता आसान नहीं होगा। बिहार जैसे राज्य में प्रशासनिक अनुभव, गठबंधन संतुलन और जमीनी पकड़ बेहद महत्वपूर्ण होती है। लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव जैसे विपक्षी नेताओं की मजबूत राजनीतिक पकड़ के बीच सम्राट चौधरी को अपनी स्वीकार्यता साबित करनी होगी। इसके अलावा, यह भी देखना दिलचस्प होगा कि क्या भाजपा इस बदलाव के जरिए युवाओं और नए मतदाताओं को आकर्षित कर पाती है या नहीं। क्योंकि आज की राजनीति में केवल जातीय समीकरण ही नहीं, बल्कि विकास, रोजगार और सुशासन भी उतने ही अहम मुद्दे बन चुके हैं। सम्राट चौधरी का मुख्यमंत्री बनना बिहार की राजनीति में एक नए अध्याय की शुरूआत हो सकता है, लेकिन इसकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि वे उम्मीदों पर कितना खरे उतरते हैं। यह केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि विश्वास और प्रदर्शन की एक बड़ी परीक्षा होगी। अगर हम सम्राट चौधरी के राजनीतिक करियर की बात करे तो बिहार की समकालीन राजनीति में तेजी से उभरते नेतृत्व का उदाहरण माना जाता है। उनका सफर छात्र राजनीति से लेकर राज्य की सत्ता के शीर्ष तक पहुंचने का रहा है। सम्राट चौधरी का जन्म बिहार के एक राजनीतिक परिवार में हुआ। उनके पिता शकुनी चौधरी भी राज्य की राजनीति में सक्रिय रहे। सम्राट चौधरी ने अपने राजनीतिक करियर की शुरूआत छात्र राजनीति से की और धीरे-धीरे मुख्यधारा की राजनीति में मजबूत पहचान बनाई। सम्राट चौधरी ने अपने करियर में कई राजनीतिक दलों के साथ काम किया। सम्राट चौधरी बिहार सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं और संगठन में उनकी पकड़ मजबूत मानी जाती है। बीजेपी में उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद संभाले, जिससे उनकी राजनीतिक स्थिति और मजबूत हुई। राजनीतिक परिस्थितियों और पार्टी के रणनीतिक निर्णयों के चलते सम्राट चौधरी को बिहार की राजनीति में प्रमुख चेहरा बनाया गया। मुख्यमंत्री बने तो यह उनके लंबे राजनीतिक अनुभव, संगठनात्मक कौशल और सामाजिक समीकरणों को साधने की क्षमता का परिणाम माना जाएगा।
उनकी राजनीतिक विशेषताएं। ओबीसी (पिछड़ा वर्ग) नेतृत्व का प्रतिनिधित्व करते हैं। आक्रामक और स्पष्ट वक्ता सहित संगठन और जनाधार दोनों पर पकड़ रखते हैं।
सम्राट चौधरी का करियर यह दिखाता है कि बिहार की राजनीति में लगातार सक्रियता, रणनीति और समय के अनुसार निर्णय लेना कितना महत्वपूर्ण है। वे आज राज्य की राजनीति में एक महत्वपूर्ण और प्रभावशाली नेता के रूप में स्थापित हो चुके हैं। 2026 के अनुसार भाजपा के १६ वें राज्य के मुख्यमंत्री होंगे सम्राट चौधरी । नीतीश कुमार युग का अंत
नीतीश कुमार का नाम बिहार की राजनीति में एक लंबे समय तक स्थिरता, सुशासन और सामाजिक संतुलन के प्रतीक के रूप में लिया जाता रहा है। लगभग दो दशकों तक विभिन्न चरणों में सत्ता संभालने वाले नीतीश कुमार ने राज्य की राजनीति को नई दिशा दी। लेकिन अब बदलते राजनीतिक समीकरण और नेतृत्व की नई मांगों के बीच उनके युग के अंत की चर्चा तेज हो रही है। नीतीश कुमार का उदय ऐसे समय में हुआ जब बिहार राजनीतिक अस्थिरता और पिछड़ेपन की छवि से जूझ रहा था। उन्होंने सड़कों, शिक्षा, स्वास्थ्य और कानून-व्यवस्था के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार किए।

**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
ऑफिस no. 11, ग्राउंड फ्लोर पवन मेगा मॉल सुभाष चौक सोनीपत

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून

# नारी शक्ति वंदन अधिनियमः प्रधानमंत्री मोदी का महत्वाकांक्षी मिशन

**डॉ. राघवेंद्र शर्मा**

**भारत** की विकास यात्रा में आज एक ऐसा स्वर्णिम अध्याय लिखा जा रहा है जहाँ राष्ट्र की आधी आबादी अब केवल चचाओं का विषय नहीं, बल्कि नीति-निर्धारण की मुख्यधारा का अनिवार्य हिस्सा बनने जा रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में केंद्र की भाजपा नीत सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के जिस संकल्प को सिद्ध करने का बीड़ा उठाया है, वह भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक युगांतरकारी घटना है। आगामी 2029 के आम चुनाव से इस अधिनियम को लागू करने की मंशा ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वर्तमान सरकार महिलाओं के प्रति केवल सहानुभूति नहीं रखती, बल्कि उन्हें वास्तविक राजनीतिक शक्ति सौंपने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। संसद और राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने का यह निर्णय उस अटूट विश्वास का प्रतीक है कि जब देश की बेटियाँ विधायी प्रक्रियाओं का नेतृत्व करेंगी, तभी भारत एक विकसित राष्ट्र के रूप में पूर्णता प्राप्त कर सकेगा। भाजपा सरकार की यह पहल केवल एक कानूनी बदलाव नहीं है, बल्कि यह उस रूढ़िवादी सोच पर प्रहार है जिसने दशकों तक महिलाओं को निर्णय लेने वाली मेजों से दूर रखा। महिला आरक्षण का मुद्दा भारतीय राजनीति के गलियारों में पिछले कई दशकों से गूंजता रहा है, कई बार प्रयास हुए और कई बार राजनीतिक इच्छाशक्ति के अभाव में वे प्रयास विफल हो गए, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने यह सिद्ध कर दिया कि जहाँ दृढ़ संकल्प होता है, वहाँ मार्ग स्वयं प्रशस्त हो जाता है। संसद के विशेष सत्र में इस दिशा में उठाए जाने वाले कदम इस बात की पुष्टि करते हैं कि सरकार इस ऐतिहासिक सुधार को जल्द से जल्द धरातल पर उतारने के लिए आतुर है। मेरी दृष्टि में यह केवल एक चुनावी घोषणा नहीं है, बल्कि पिछले दस वर्षों में महिला कल्याण के लिए किए गए निरंतर प्रयासों की एक तार्किक परिणति है।

यदि हम पीछे मुड़कर देखें, तो पाएंगे कि मोदी सरकार ने अपने कार्यकाल के प्रथम दिन से ही महिलाओं को राष्ट्र निर्माण की धुरी माना है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान ने समाज की मानसिकता को बदलने का जो महती कार्य किया,उसका परिणाम आज लिंगानुपात में आए सुधार और बालिकाओं की शिक्षा के प्रति बढ़ती जागरूकता के रूप में दिखाई देता है। इसी प्रकार, सुकन्या समृद्धि योजना ने करोड़ों बेटियों के भविष्य को आर्थिक सुरक्षा प्रदान की है, जिससे वे अपनी उच्च शिक्षा और सपनों को बिना किसी बाधा के पूरा कर सकें। ग्रामीण भारत की महिलाओं के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाली उज्ज्वला योजना का उल्लेख किए बिना महिला सशक्तिकरण की चर्चा अधूरी है।

## विचार

# भगवान श्रीराम का नदियों के प्रति प्रेम

**डॉ. नीरज भारद्वाज**

**श्रीरामचरितमानस की** हर एक चौपाई एक ग्रंथ कहती जान पड़ती है। इसका अध्ययन व्यापक है, इसमें भक्ति की गहराई है, अध्यात्म का रंग है जो किसी पर एक बार चढ़ गया तो उतरने वाला नहीं है। मानस की ज्ञान गंगा में गोता लगाने के बाद जीव भवसागर से पार उतर जाता है। भगवान श्रीराम ने वनवास के समय उत्तर से दक्षिण की यात्रा करते हुए कितनी ही पवित्र नदियों में स्नान किया, उनके किनारे बैठ कर तप, भक्ति, साधना, तपस्या की और वहीं पर कुछ समय के लिए वास भी किया। इन नदियों के किनारे रहने वाले साधु, संत, महात्मा आदि के भगवान ने दर्शन किये, उनसे आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त किया। साथ ही इन नदियों के किनारे रहने वाले लोगों को भगवान श्रीराम ने स्वयं दर्शन दिए। सभी से मिलते हुए भगवान इन नदियों को पार करके आगे बढ़ते चले गए। इन नदियों का रामायण में और भगवान श्रीराम के जीवन में विशेष आध्यात्मिक और भौगोलिक महत्व है।
अयोध्या नगरी की बात करें तो यह सरयू नदी के तट पर बसी हुई है। रामचरितमान में गोस्वामी जी लिखते हैं कि, बंदउँ अवध पुरी अति पावनि।सरजू सरि कलि कलुष नसावनि॥ माना यह जाता है कि सरयू नदी हिमालय में मानसरोवर के पास से निकलती है। अयोध्या को सप्तपुरियों में से एक माना जाता है। चौदह वर्ष के वनवास के समय भगवान श्रीराम नेअयोध्या से निकलने के बाद सबसे पहले तमसा नदी के तट पर विश्राम किया।जब श्रीराम वनवास के लिए निकले तो अयोध्या के नगरवासी भी उनके पीछे-पीछे चल दिए। तब श्रीराम ने तमसा के तट पर रुकने का निर्णय लिया। गोस्वामी जी लिखते हैं कितब प्रभु तमसा तीर निवासा। कयउ प्रथम बास सुभ पासा।। नगरवासी श्रीराम को वापस ले जाने की प्रतीक्षा में वहीं सो गए थे। उन्हें सोते हुए छोड़कर जब प्रभु आगे बढ़े, तब का वर्णन इस प्रकार है- तियँ अरु वृद्ध बिहाइ बिहान। गए रामु तमसा तट जान।। तमसा तीर त्यागि प्रभु गए। रघुबर सखा सहित सिय भए।।
आध्यात्मिक दृष्टि से तमसा वह स्थान है जहाँ से प्रभु ने सांसारिक मोह (नगरवासियों का प्रेम) को पीछे छोड़कर अपने वनवास के कर्तव्य की ओर प्रस्थान किया था।
अयोध्या की सीमा पार करते समय श्रीराम ने वेदश्रुति और गोमती नदियों को पार किया। श्रृंगवेरपुर में केवट ने श्रीराम, लक्ष्मण और सीता जी को अपनी नाव से गंगा पार कराई थी। प्रयागराज में ऋषि भरद्वाज से ज्ञान, भक्ति आदि प्राप्त कर आगे बढ़े। वहीं से भगवानश्रीराम ने यमुना पार की और प्रयागराज पहुंचें। गोस्वामी जी ने मानस में प्रयागराज के लिए अनेक शब्दों का प्रयोग किया है, जिनमें एक शब्दतीरथराज भी है।कहि सिय लखनहि सखहि सुनाई। श्रीमुख तीरथराज बड़ाई॥ करि प्रनामु देखत बन बागा। कहत महातम अति अनुरागा ॥ कहने का भाव यह है कि भगवान श्रीराम ने अपने श्रीमुखसे सीताजी, लक्ष्मणजी और सखा गुहको तीरथराज (प्रयागराज)की महिमा कहकर सुनायी। प्रयागराज के बाद भगवान ने चित्रकूट की ओर प्रस्थान किया। मध्य भारत और दंडकारण्य की नदियों पर बात करें तो सबसे पहले मंदाकिनी नदी आती है। चित्रकूट में वनवास के दौरान भगवान श्रीराम मंदाकिनी नदी के किनारे कुटिया बनाकर रहे।नदी पुनीत सुहावनि पावन। मज्जनु कीन्ह राम मन भावन॥सुरसरि धार नाउँ मंदाकिनि। जो सब पातक पोतक डाकिनि॥मंदाकिनी नदी अत्यंत पवित्र और सुंदर है, जो मन को भाने वाली है।
जो पापों को नष्ट करने में डाकिनी (विनाशक) के समान है। यहीं रहते हुए भगवान ने कामदगिरी पर्वत की पूजा की। मध्य प्रदेश के जंगलों से गुजरते हुए भगवानश्रीराम ने जीवनदायिनी नर्मदा नदीके तटों पर भ्रमण किया।छत्तीसगढ़ (दक्षिण कौशल) के क्षेत्र में वनवास का एक बड़ा हिस्सा महानदी के जलग्रहण क्षेत्रों में बिताया। दक्षिण भारत की प्रमुख नदियों की बात करें तो नासिक (पंचवटी) में श्रीराम ने गोदावरी नदी के तट पर रहे। रामायण की कई मुख्य घटनाएँ इसी नदी के किनारे घटी।सुरसरि सरसइ दिनकर कन्या।मेकलसुता गोदावरि धन्या॥हम्पी (किष्किंधा) के पास तुंगभद्रा नदी के किनारे भगवान श्रीराम की भेंट हनुमान जी और सुग्रीव से हुई। रामायण में इसे पम्पा सरोवर के क्षेत्र से भी जोड़ा जाता है। पंपा सरहि जाहु रघुराई। तहँ होइहि सुग्रीव मिताई॥

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए संपादक, मुद्रक, प्रकाशक एवं रवि भारद्वाज द्वारा एक्शन बालाजी हाउस, 244, ब्लॉक- बी, लेन- 3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली - 110033 से प्रकाशित एवं मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से मुद्रित।
संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
मेट्रो संपादक : दीपचंद्र कांडपाल (8447314925)
'एक्शन इंडिया' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## व्यंग्य

# घरः केवल मकान नहीं, एक पवित्र स्थान

**डॉ अशोक कुमार वर्मा**

**चार** दीवारों और ईंटों से बना हर भवन घर नहीं होता। घर वह होता है, जो परिवार के प्रेम, अपनत्व और आपसी सामंजस्य से सजीव बनता है। अन्यथा वह केवल एक मकान रह जाता है। सामान्य भाषा में कहें तो मकान और घर के बीच मुख्य अंतर भौतिक संरचना और भावनात्मक जुड़ाव का है। मकान ईंट, सीमेंट और लोहे से बनी एक निर्जीव इमारत है, जबकि घर उसमें रहने वाले लोगों के स्नेह, विश्वास और संस्कारों से निर्मित होता है। मकान खरीदा या किराए पर लिया जा सकता है, लेकिन घर बसाया जाता है। घर एक मंदिर है। जी हाँ, वास्तव में घर एक मंदिर ही है। भारतीय संस्कृति में घर को केवल ईंटझपत्थर से बना एक भवन नहीं माना गया है अपितु यह एक अति पवित्र स्थान है। यह व्यक्तियों के रहने का ही स्थान नहीं है अपितु सुरक्षित आश्रय है जहाँ व्यक्ति आकर सुख और शांति का अनुभव करता है। ऐसे पवित्र स्थान की स्वच्छता और गरिमा बनाए रखना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है। इसी संदर्भ में घर की स्वच्छता के बारे जब चर्चा होती है तो लोग घर की स्वच्छता को लेकर बहुत अधिक संवेदनशील होते हैं। घरों के प्रत्येक कक्ष को सजाकर रखते हैं। सुगन्धित पुष्प, सजावटी पौधे, इत्र और कपूर आदि से घर की ऊर्जा को सकारात्मक बनाने का हर संभव प्रयास करते हैं लेकिन एक चूक कर जाते हैं। यह चूक बहुत ही छोटी लेकिन बहुत अधिक महत्वपूर्ण है। यह चूक है घर में प्रवेश करते समय जूते चप्पल लेकर प्रवेश करना। इस और लोगों का ध्यान न के बराबर है। कुछ वर्ष पूर्व प्रायः मैं स्वयं यह चूक करता था। घर में ही नहीं अपितु रसोई में भी बाहर के जूते चप्पल पहनकर प्रवेश करने में मुझे कोई आपत्ति नहीं लगती थी। लेकिन मेरी सोच में भी परिवर्तन हुआ। यह घटना कुछ वर्ष पूर्व की है। मैं पानीपत किसी कार्यक्रम से गया हुआ था। वहां मुझे एक परिचित परिवार मिल गया और मुझे अपने घर आमंत्रित ही नहीं किया बल्कि साथ लेकर चले गए। जैसे ही मैंने उनके साथ उनके घर में प्रवेश किया उन्होंने अपने जूते बाहर निकाल दिए और मुझे भी जूते निकालने के लिए कहा।

# परशुराम जयंतीः धर्म, पराक्रम और न्याय की अमिट विरासत

**मोहित सिंगला**

**भारतीय** सनातन परंपरा में ऐसे अनेक महापुरुष हुए हैं, जिन्होंने अपने जीवन और कर्मों से समाज को दिशा देने का कार्य किया। उन्हीं में एक अद्वितीय और तेजस्वी अवतार हैं परशुराम, जिनकी जयंती वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई जाती है। यह पर्व केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि धर्म, न्याय और साहस के मूल्यों को पुनर्स्मरण करने का अवसर भी है।
पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान परशुराम का जन्म महर्षि जमदग्नि और माता रेणुका के घर हुआ था। वे जन्म से ब्राह्मण थे, किंतु उनके व्यक्तित्व में अद्वितीय क्षत्रिय तेज भी समाहित था। यही कारण है कि उन्हें ब्राह्मण योद्धा के रूप में भी जाना जाता है। परशु अर्थात फरसा धारण करने के कारण उनका नाम परशुराम पड़ा। वे भगवान विष्णु के छठे अवतार माने जाते हैं, जिनका अवतरण पृथ्वी पर बढ़ते अन्याय और अत्याचार को समाप्त करने के लिए हुआ था। उस कालखंड में कुछ शासकों द्वारा सत्ता के दुरुपयोग और प्रजा पर अत्याचार की घटनाएं बढ़ गई थीं। समाज में असंतुलन और अन्याय का वातावरण व्याप्त था। ऐसे समय में भगवान परशुराम ने धर्म की रक्षा के लिए कठोर कदम उठाए और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष किया। उनका जीवन इस सत्य को स्थापित करता है कि जब-जब धर्म पर संकट आता है, तब-तब ईश्वर किसी न किसी रूप में अवतार लेकर संतुलन स्थापित करते हैं।
भगवान परशुराम केवल एक योद्धा ही नहीं, बल्कि महान गुरु भी थे। उन्होंने अनेक महायोद्धाओं को शस्त्र और शास्त्र की शिक्षा दी। भीष्म, द्रोणाचार्य और कर्ण जैसे पात्र उनके शिष्य रहे, जिन्होंने आगे चलकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिसका जिक्र महाभारत जैसे महान ग्रंथ में भी आता है । इस प्रकार परशुराम का प्रभाव केवल उनके समय तक सीमित नहीं रहा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों तक विस्तारित हुआ।
परशुराम जयंती के दिन श्रद्धालु प्रातःकाल स्नान कर व्रत रखते हैं और भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना करते हैं। मंदिरों में विशेष आयोजन, भजन-कीर्तन और धार्मिक प्रवचन आयोजित किए जाते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### जेएमआईटी में आज होगा अंबेडकर जयंती पर विशेष कार्यक्रम आयोजित

**रादौर, 14 अप्रैल (कुलदीप सैनी) :** नवीन जिंदल फाउंडेशन द्वारा बुधवार (आज) जेएमआईटी कॉलेज में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में डॉ. भीमराव अंबेडकर : सामाजिक क्रांति और राष्ट्र निर्माण के अग्रदूत विषय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में छात्रों को बाबा साहब के जीवन, संघर्ष और उनके विचारों से अवगत कराया जाएगा तथा उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। सांसद कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिंदल के अनुसार बाबा साहब के विचारों को अपनाकर ही समाज के वंचित वर्गों का उत्थान और देश का समग्र विकास संभव है। इस उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, ताकि युवा पीढ़ी को उनके आदर्शों से प्रेरणा मिल सके।

### घर में घुसकर नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज

**रादौर, 14 अप्रैल (कुलदीप सैनी) :** घर में घुसकर एक नाबालिग से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि युवक ने परिवार के लोगों की गैरमौजूदगी में नाबालिग से दुष्कर्म किया और जब पड़ोस की एक महिला ने उसे देखा तो उसने वहां से भागने की कोशिश की लेकिन लोगों ने उसे पकड़ लिया। पुलिस ने शिकायत पर आरोपित मोसीन के खिलाफ पोक्सो एक्ट व अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में नाबालिग के पिता ने बताया कि उसकी 15 वर्षीय बेटी घर पर अकेली थी। वह अपने काम पर गया हुआ था और मेरी पत्नी व बड़ी बेटी किसी काम से गए हुए थे। इस दौरान पड़ोस में रहने वाली एक महिला जब उनके घर गई तो उसने देखा कि एक युवक ने उनकी बेटी को मुंह दबाया हुआ है और उसके साथ जबरन गलत काम कर रहा है। उसने तुरंत हमें इसकी सूचना दी। महिला को घर में आया देख युवक वहां से फरार हो गया लेकिन कुछ देर बाद जब वह गली में खड़ा अपना आटो लेने के लिए आया तो हमने उसे पकड़ लिया। जिसने पूछने पर अपना नाम मोसीन बताया।

### अक्षय तृतीया पर धौलरा में होगा भगवान बलभद्र के वार्षिक मेले का आयोजन

**रादौर, 14 अप्रैल (कुलदीप सैनी) :** अक्षय तृतीया के अवसर पर 19 अप्रैल को गांव धौलरा स्थित भगवान बलभद्र मंदिर में वार्षिक मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले को लेकर मंदिर परिसर में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। मंदिर के पुजारी आजमानंद ने बताया कि मेले से पूर्व हवन यज्ञ व पूजा-अर्चना का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि भगवान बलभद्र मंदिर में क्षेत्र के साथ-साथ दूर-दराज से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं और अपनी मनोकामनाएं मांगते हैं। उन्होंने बताया कि जिन श्रद्धालुओं की मन्नत पूरी हो जाती है, वे यहां आकर भंडारा व प्रसाद वितरण का आयोजन करते हैं।

### बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, मेहनत, व आत्मविश्वास का प्रतीकः चंद्रमोहन

**पंचकुला मैनपाल :** विधायक चंद्रमोहन के निवास पर कांग्रेसियों द्वारा बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर चन्द्रमोहन ने कहा कि बाबा साहब की जयंती सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के महत्व को समझने का दिन है। इस दिन हम डॉ. भीमराव आंबेडकर को याद करते हैं, जिन्होंने अपने विचारों और संघर्षों से भारत को एक नई दिशा दी।

चंद्रमोहन ने कहा कि बाबा साहब का जीवन संघर्ष, मेहनत और आत्मविश्वास का अद्भुत उदाहरण है। उन्होंने समाज में व्याप्त भेदभाव और असमानता के खिलाफ आवाज उठाई और हर व्यक्ति को समान अधिकार दिलाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उस समय थे।आज के दौर में जब समाज तेजी से बदल रहा है तब भी बाबा साहब के विचार हमें सही रास्ता दिखाते हैं। उनके शब्द न केवल प्रेरणा देते हैं, बल्कि हमें अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक भी करते हैं। इस दौरान आर के कक्कड़, संजीव भारद्वाज, नवीन बंसल एडवोकेट, रवि कांत स्वामी, डॉ राम प्रशाद, सोहन लाल देवीनगर, सचिन सूद, यशपाल राणा, बलजीत सैनी अभयपुर, अरुण मादरा,राजीव चौधरी, अनिल चौहान,आदर्श यादव आदि कांग्रेस नेताओं ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए।

# डॉ. अंबेडकर के पदचिन्हों पर चलकर ही विकसित भारत का सपना होगा साकार

**135वीं जयंती**

- संविधान निर्माता की 135वीं जयंती पर विभिन्न कार्यक्रमों में की शिरकत



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने मंगलवार को संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान उन्होंने गांव डींगर माजरा, घरौंडा के अंबेडकर चौक फाटक पार, करनाल के कर्ण विहार व सेक्टर-16 स्थित अंबेडकर भवन में आयोजित कार्यक्रमों में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने वतन सिंह कॉलोनी में 2 करोड़ 46 लाख रुपये की लागत से बनने वाली 11 गलियों के कार्य का शिलान्यास किया।

एकता का सूत्र है हमारा संविधान

विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने सभी को संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती की बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि डॉ. भीम राव अम्बेडकर द्वारा रचित संविधान भारत की विविधताओं को एकता के सूत्र में पिरोता है। भारत की अलग-अलग बोलियों, संस्कृतियों और खानपान के बावजूद यह संविधान ही है, जो हमें एक राष्ट्र के रूप में जोड़े हुए है। उन्होंने युवाओं से बाबा साहेब के जीवन संघर्ष से प्रेरणा लेने और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

योग्यता और पारदर्शिता का युग

हरविंद्र कल्याण ने वर्तमान सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि आज नौकरियां वोट बैंक या सिफारिश के आधार पर नहीं, बल्कि केवल मेरिट के आधार पर दी जा रही हैं। आज एक साधारण परिवार का बच्चा बिना किसी सिफारिश के अपनी योग्यता के दम पर सरकारी नौकरी लगता है। आज समाज के हर वर्ग के बच्चे को आगे बढ़ने का समान अधिकार मिला है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने जिस समानता की कल्पना की थी, उसे आज वर्तमान सरकार द्वारा साकार किया जा रहा है।

बाबा साहब के सपनों का भारत

जनसभा को संबोधित करते हुए हरविंदर कल्याण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार बाबा साहब की कल्पनाओं के अनुरूप देश और प्रदेश को आगे बढ़ा रही है।

# डॉ. अंबेडकर के आदर्शों पर चलकर समाज में समानता लाना जरूरीः उमेश बुबका



**टीम एक्शन इंडिया**

**रादौर, 14 अप्रैल (कुलदीप सैनी) :** गांव उसका में संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य लोगों सहित ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में युवा कांग्रेस नेता उमेश बुबका ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और डॉ. अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर उमेश बुबका ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने समाज में समानता, शिक्षा और अधिकारों के लिए ऐतिहासिक कार्य किए, जिनसे आज भी हमें प्रेरणा मिलती है। उमेश ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में एकता और जागरूकता को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने युवाओं से डॉ. अंबेडकर के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। इस मौके पर नायब सिंह, नंबरदार शिवचरण, संजीव, साहब सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### भारतीय मुलतानी परिमंडल महासभा ने किया परिवार मिलन कार्यक्रम का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** भारतीय मुलतानी परिमंडल महासभा ने करनाल क्लब में परिवार मिलन कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें गीत, मुलतानी भजन और सिरायकी कवि स्वर्गीय कृष्ण नन्दा की वैसाखी पर लिखी गई कविता सुनाई गई। महासभा के अध्यक्ष जोगिन्दर मदान ने वैसाखी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जानकारी दी कि यह पर्व मुलतानीयों में बाल दिवस के रुप में मनाया जाता है। इस दिन बच्चों के गले में मेवों की माला डाली जाती है, नये कपड़े पहनाये जाते हैं।

# वंचित-पिछड़े वर्गों को न्याय दिलाने में बाबा साहेब का बड़ा योगदान

**जयन्ती**

- डाक्टर भीम राव अम्बेडकर लाइब्रेरी में संविधान निर्माता डाक्टर अम्बेडकर की जयन्ती मनाई गई,

**प्रमोद भार्गव,**

**गुहला चीका।** आज यहां कैथल रोड़ पर स्थित डाक्टर भीम राव अम्बेडकर लाइब्रेरी में संविधान निर्माता डाक्टर अम्बेडकर की जयन्ती मनाई गई, जिसमें समाजसेवी रजनीश चौहान ने डा. अम्बेडकर की मूर्ति पर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि



समाज के वंचित और पिछड़े वर्गों को न्याय दिलाने में बाबा साहेब का बड़ा योगदान रहा है, जिसके चलते समूचे भारत वर्ष में जगह-जगह आज के ही दिन उनकी जयन्ती न केवल एक महान नेता की याद में बल्कि भारतीय समाज में समानता, न्याय और शिक्षा के प्रतीक के रूप में मनाई जाती है।

उन्होंने कहा कि डा. भीमराव अंबेडकर सिर्फ संविधान निर्माता ही नहीं थे, बल्कि वे एक समाज सुधारक, अर्थशास्त्री और प्रेरणादायक व्यक्तित्व के धनी भी थे, जिन्होंने आजादी से पूर्व समाज के दबे-कुचले लोगों को सोचने का नया नजरिया दिया। उन्होंने कहा कि डा. भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू में हुआ था। वे एक गरीब परिवार से थे और बचपन में उन्हें जातिवाद और भेदभाव का गहरा अनुभव हुआ, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी और कठिन संघर्षों के बाद उच्च शिक्षा प्राप्त की। उन्होंने कोलंबिया यूनिवर्सिटी और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से पढ़ाई की और अपने ज्ञान से पूरी दुनिया में भारत का नाम रोशन किया। चौहान ने कहा कि डा. अंबेडकर ने भारतीय समाज में फैली छुआछूत, जातिवाद और असमानता के खिलाफ आवाज उठाई। उन्होंने कमजोर वर्गों को उनके अधिकार दिलाने के लिए कई आंदोलन चलाए और भारतीय संविधान के निर्माण में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि अम्बेडकर के विचार आज भी युवाओं को प्रेरित करते हैं कि वे शिक्षा, आत्म सम्मान और देश सेवा को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। उन्होंने कहा कि डा. अंबेडकर का जीवन हमें सिखाता है कि हालात कितने भी मुश्किल हों, अगर मन में आत्मविश्वास और लक्ष्य को पाने की जिद हो, तो इस दुनिया में कुछ भी असंभव नहीं है।

### बाबा साहेब के विचारों पर चलकर सामाजिक न्याय सपना साकार हो सकता हैः कुलवंत बाजीगर

**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रमोद भार्गव,**

**गुहला चीका।** भारत रत्न बी. आर. अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में भाग लेने के लिए गुहला क्षेत्र से कार्यकर्ताओं का जत्था रवाना हुआ। पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर ने कार्यकर्ताओं को हरी झंडी दिखाकर पंचकूला के लिए रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने अपना पूरा जीवन समाज के कमजोर और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए समर्पित किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने देश को ऐसा संविधान दिया, जो सभी नागरिकों को समान अधिकार और न्याय की गारंटी देता है। उनके विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। बाजीगर ने कहा कि सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा को बढ़ावा देना ही बाबा साहेब के सपनों को साकार करने का सबसे बड़ा माध्यम है। समाज में जागरूकता और शिक्षा के प्रसार से ही भेदभाव और असमानता को समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज को एकजुट करने के साथ-साथ लोगों को संविधान के मूल्यों के प्रति जागरूक करने का कार्य करते हैं। बाबा साहेब के विचारों को अपनाकर ही समतामूलक और विकसित समाज की स्थापना की जा सकती है।

# अग्निशमन कर्मचारियों की मांगों को लेकर सरकार की नीयत में है खोटः अशोक कुमार

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुहला चीका।** अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन, संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा द्वारा घोषित की गई प्रदेशव्यापी हड़ताल आज सातवें दिन में प्रवेश कर गई। हड़ताल की अध्यक्षता कर्मचारी नेता अशोक कुमार ने की और मंच का संचालन विजय सिंह ने किया।

इस अवसर पर अशोक कुमार ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि कर्मचारियों द्वारा अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर बैठे हुए सात दिन हो गए हैं परंतु



मुख्यमंत्री व उनके नेता अपनी आंख व कान बंद किए हुए बैठे हैं और उनका कर्मचारियों के हितों की ओर कोई ध्यान नहीं है। उन्होंने कहा कि हमने सरकार को अपनी मांगें बता दी हैं परंतु अगला कार्य सरकार का है। उन्होंने कहा कि हम सरकार को बताना चाहते हैं कि जब तक सरकार उनकी सभी मांगों को पूरा नहीं करती, तब तक हड़ताल यूं ही जारी रहेगी।

उन्होंने कहा कि सरकार मुंह जुबानी तो उनकी मांगें तो मान रही है परंतु लिखित रूप में मांगे पूरी करने के लिए तैयार नहीं है, जिससे पता चलता है कि सरकार की नीयत में खोट है। उन्होंने कहा कि हड़ताली कर्मचारियों ने आज का दिन भारतीय संविधान के निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को समर्पित किया है। हमें उनके जीवन से शिक्षा लेनी चाहिए कि किस तरह उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी अपनी शिक्षा पूरी की ओर समाज में चल रही कुप्रथाओं से लड़ते हुए भारतीय संविधान को लिखा और सभी नागरिक को समानता का अधिकार दिया और अपने हक के लिए लड़े? को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज का दिन राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस के रूप में भी मनाया जाता है, जो 14 अप्रैल 1944 को मुंबई बंदरगाह (विक्टोरिया डॉक) में हुए भीषण विस्फोट और आग की घटना के शहीदों को समर्पित है। इस घटना में लगभग 66 से अधिक अग्निशमन कर्मी शहीद हुए थे, जिन्होंने जान बचाते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया। यह दिन उन साहसी अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि देने के लिए हर साल अग्निशमन सप्ताह के रूप में मनाया जाता है।

# टोपरा कलां में अंबेडकर जयंती पर हुआ रक्तदान शिविर, 73 यूनिट रक्त संग्रहित

**टीम एक्शन इंडिया**

**रादौर, 14 अप्रैल (कुलदीप सैनी) :** उपमंडल के गांव टोपरा कलां में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में युवाओं सहित ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए 73 यूनिट रक्तदान किया। शिविर की अध्यक्षता समाजसेवी सुरेंद्र टोपरा ने की। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष हैप्पी खेड़ी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। वहीं चरण सिंह सैनी, महिंद्र चानना, बलराम, राजेश, बशेसर, शमशेर सिंह व नरसिंह सहित अन्य गणमान्य



अतिथियों ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर व प्रशंसा प्रमाण पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर हैप्पी खेड़ी ने कहा कि डॉ. अंबेडकर के बताए मार्ग पर चलते हुए समाज सेवा करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि रक्तदान जैसा पुनीत कार्य न केवल जरूरतमंदों की जान बचाता है, बल्कि समाज में एक सकारात्मक संदेश भी देता है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने डॉ. अंबेडकर के जीवन और उनके योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

### गढ़ीजटान में अंबेडकर जयंती पर उमड़ा जनसैलाब

**टीम एक्शन इंडिया**

**इंद्री, 14 अप्रैल (मैनपाल कश्यप ):** गांव गढ़ीजटान में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर बाबा साहेब को नमन किया। इस अवसर पर मंडल इंद्री के महामंत्री बालक राम फौजी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, समानता और न्याय की मिसाल है

# विश्वभर में सबसे सर्वोत्तम है भारत का संविधानः पठानिया

**प्रमोद भार्गव,**

**गुहला चीका।** भारतीय जनता पार्टी गुहला के युवा नेता रिंकू पठानिया ने कहा कि विश्वभर में भारत का संविधान पूरी तरह से पारदर्शी, सर्वोत्तम एवं लोकप्रिय है, जिसका सारा श्रेय संविधान निर्माता डाक्टर बाला साहेब अम्बेडकर को ही जाता है। पठानिया आज वार्ड नम्बर 10 सलेमपुर में बाबा साहेब अम्बेडकर को श्रद्धांजली अर्पित करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अम्बेडकर द्वारा भारत के जिस संविधान की रचना की गई, उसी के बदौलत आज हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि अम्बेडकर कितने विद्वान थे, इस बात का सबूत इसी से मिल



जाता है कि विपरीत परिस्थितियों में भी उन्होंने शिक्षा को ग्रहण करने से नहीं छोड़ा और एक या दो नहीं बल्कि उन्हें 16 भाषाओं का ज्ञान था। उन्होंने कहा कि अम्बेडकर ने नारा दिया कि 'शिक्षित बनोड़ क्योंकि शिक्षा ऐसी शेरनी का दूध है, जिसे ग्रहण करके इंसान अपने हकों को जानकर उन्हें प्राप्त करने हेतु परिस्थितियों के खिलाफ जाकर कानूनी व सामाजिक लड़ाई भी लड़ सकता है। भाजपा नेता ने कहा कि डाक्टर अम्बेडकर द्वारा दी गई शिक्षाएं आज भी उतनी ही सार्थक हैं, जितनी भारत के आजाद होने से पहले थी। उन्होंने कहा कि अम्बेडकर का ऐसा भारत बनाने का सपना था, जहां हर व्यक्ति को समान अधिकार मिले, चाहे वह किसी भी जाति, धर्म या वर्ग का हो। उन्होंने कहा कि अंबेडकर जयंती हमें यह याद दिलाती है कि हमें समाज में समानता और न्याय के लिए लगातार प्रयास करते रहना चाहिए। उन्होंने समाज के लोगों का आह्वान किया कि वे अम्बेडकर के दिखाए रास्ते पर चलकर अपनी कौम, समाज व देश के विकास में योगदान दें और यही उन्हें सच्ची श्रद्धांजली भी होगी। कार्यक्रम के दौरान लड्डू भी बांटे गए। इस अवसर पर बाबा देसदास, हरपाल सिंह, चरता राम, अशोक शेरवार, कृष्ण कुमार, भरत सिंह, रामेश्वर, श्याम सिंह, अनिल कुमार व अतुल कुमार सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# बैसाखी मेले के माध्यम से सांस्कृतिक विरासत को संजोने का सराहनीय प्रयास

**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रमोद भार्गव,**

**गुहला चीका।** डी.ए.वी. कालेज चीका के पंजाबी विभाग द्वारा सुख, समृद्धि एवं उल्लास के प्रतीक बैसाखी पर्व के उपलक्ष्य में कालेज परिसर में भव्य बैसाखी मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जानकारी देते हुए पंजाबी विभाग के मुखिया डा. जसविंदर सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, विशेष रूप से पंजाब की समृद्ध परंपराओं, लोक कलाओं एवं ऐतिहासिक धरोहर से जोड़ना था। मेले में विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक



वातावरण में हुआ, जिसमें बैसाखी पर्व के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने बताया कि बैसाखी केवल फसल कटाई का पर्व ही नहीं, बल्कि खुशहाली, परिश्रम, नई ऊर्जा और सामाजिक एकता का प्रतीक भी है। इस अवसर पर विद्यार्थियों को बैसाखी के धार्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक पक्षों की विस्तृत जानकारी दी गई। मेले के दौरान सिख मार्शल आर्ट गतका ने सभी का विशेष ध्यान आकर्षित किया। कलाकारों ने साहस, अनुशासन और वीरता का अद्भुत प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अतिरिक्त पंजाबी भांगड़ा, गिद्दा तथा लोक बोलियों की प्रस्तुतियों ने पूरे परिसर को उत्साह और उमंग से भर दिया। विद्यार्थियों ने पारंपरिक संगीत की धुनों पर शानदार नृत्य प्रस्तुत कर खूब वाहवाही बटोरी। कार्यक्रम में रोमांचक चुनौतियों, विशेष बाजीगरी, संगीत एवं नृत्य प्रस्तुतियों का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। दस्तार सजाओ प्रतियोगिता तथा पंजाबी वेशभूषा मुकाबले ने कार्यक्रम में विशेष आकर्षण पैदा किया। प्रतिभागियों ने अपनी अनूठी शैली, मस्त चाल और अलग अंदाज से सभी का मन मोह लिया। सामूहिक नृत्य कार्यक्रम में विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने मिलकर प्रस्तुति दी, जिससे आपसी भाईचारे, एकता और सामूहिक सहभागिता का सुंदर संदेश मिला। पूरे कार्यक्रम के दौरान कालेज परिसर मेले के रंगों, हंसी-खुशी और सांस्कृतिक उल्लास से सराबोर दिखाई दिया। कालेज प्राचार्य डा. जसबीर सिंह ने पंजाबी विभाग की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में सांस्कृतिक चेतना, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम हमारी विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम हैं। इस अवसर पर कालेज स्टाफ तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# गुरु रविदास मंदिर में धूमधाम से मनाई गई अंबेडकर जयंती

**रादौर, 14 अप्रैल (कुलदीप सैनी) :** शहर के अंबेडकर नगर स्थित गुरु रविदास मंदिर में मंगलवार को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पार्षद ऋषिपाल नंबरदार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने डॉ. अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर राहगीरों को प्रसाद भी वितरित किया गया। इस अवसर पर पार्षद



ऋषिपाल नंबरदार ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने देश को संविधान के रूप में अमूल्य धरोहर दी और समाज में समानता, शिक्षा व अधिकारों के लिए जीवन भर संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि हमें उनके विचारों को अपनाकर समाज में भाईचारा और समानता को बढ़ावा देना चाहिए। इस अवसर पर भगत मदन दास, हरनेक सिंह, सत्यजीत, सुरेश सिंगल, धर्मवीर, पवन छोटाबांस, बलवंत, हरविंदर, विक्रम, राजपाल, दीपक, सिद्धार्थ, अनुज, मनीष, गगन सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### डॉ आंबेडकर फार्मेसी कॉलेज मथाना में पुष्पांजलि भेंट की

**कुरुक्षेत्र**
**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**



**कुरुक्षेत्रः** डॉ. बी आर अंबेडकर इंस्टीट्यूट आफ फार्मेसी मथाना में संस्थान के चेयरमैन सूरजभान कटारिया ने बाबा साहब डॉ. अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माला अर्पण कर पुष्पांजलि भेंट की। कटारिया ने इस अवसर पर कहा की डॉ अंबेडकर की बदौलत ही आज हम सभी समता समानता समरसता के भाव से राष्ट्र निर्माण के कार्यों में लगे हुए हैं। उन्होंने आहवान किया कि हम सभी को बाबा साहब के मूल सिद्धांत शिक्षित बनो संगठित रहो और संघर्ष करो को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। आज हम सभी महामानव डॉ. अंबेडकर के (14 अप्रैल) जन्मदिवस पर उन्हें पुष्पाजलि देते हैं और यह सत्य है कि विश्व धरोहर के रूप में पहचान रखने वाले भारतीय संविधान के माध्यम से बाबासाहेब आंबेडकर के विचार और आदर्श आज भी समस्त देशवासियों को मूलभूत अधिकारों के साथ एक नई शक्ति और ऊर्जा देते हैं। चेयरमैन सूरज भान कटारिया ने कहा है कि संविधान निमार्ता डॉ. अम्बेडकर एक महान भारतीय राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे।

### डॉक्टर शाहब समाज सुधारक, पथ प्रदर्शक और सामाजिक एकता के प्रतीक थेः शालिन्द्र नरवाल



**समालखा (संजय नरवाल)**
गांव आट्टा में भारत रत्न बाबा साहेब डाक्टर भीमराव अम्बेडकर जी की 135 वीं जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। आज की जयंती के मुख्य अतिथि श्री सलेन्दर नरवाल माननीय सैशन जज रोहतक रहे। जिसने बाबा साहेब की जिवनी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बाबा साहेब हमारे संविधान निमार्ता के साथ -साथ समाज सुधारक, पथ-प्रदर्शक एकता के प्रतिक रहे हैं। बाबा साहेब का नारा था कि शिक्षित बनो, संगठीत रहो और संघर्ष करो।समाज के प्रत्येक व्यक्ति ने अपने बच्चों को शिक्षित करने पर जोर देना चाहिए।इस अवसर पर श्री सतबीर सिंह चालिया, श्री रामफल कारकौली, गांव आट्टा के सरपंच दिलबाग सिंह ने भी बाबा साहेब की जिवनी के बारे में अपने विचार रखे। मंच का संचालन रविदास समाज कल्याण सभा जी टी रोड समालखा के पूर्व महासचिव सुशील कुमार द्वारा किया गया।इस अवसर पर , सुरेन्द्र भापरा, रोहतास भापरा डॉ बी आर अम्बेडकर समाज सेवा सोसायटी के प्रधान महाबीर सिंह,पाले राम आट्टा ,बलबीर सिंह,भीम सिंह पटवारी, रोहतास, सुरेश, नरेन्द्र धानिया, मास्टर जगबीर, रणधीर सैकटरी, संदीप, चुनीलाल,पालुराम , कुलदीप, महेन्द्र कटारिया व अन्य ग्रामीण शामिल रहें।

# नरवाना बार एसोसिएशन चुनाव विवादों में घिरा, रोक के बावजूद मतदान

### नई मतदाता सूची तैयार करने के लिए 10 सदस्यीय कमेटी गठित की गई

**असंतोष**

**इससे बार एसोसिएशन के सदस्यों के आपसी सौहार्द पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नरवाना/राहुल**
स्थानीय बार एसोसिएशन की मतदाता सूची को लेकर चल रहे विवाद के बीच, पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट बार काउंसिल द्वारा चुनाव पर रोक लगाए जाने के बावजूद सोमवार को चुनाव संपन्न करवा दिया गया। इस घटनाक्रम ने अधिवक्ताओं के बीच असंतोष और चर्चा को और बढ़ा दिया है।
जानकारी के अनुसार बार एसोसिएशन की मतदाता सूची को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। दिसंबर 2025 में निर्वाचित कार्यकारिणी का कार्यकाल समाप्त होने के बाद आमसभा ने सर्वसम्मति से सुशील कुमार शर्मा को कार्यकारी प्रधान नियुक्त किया था। इसके बाद नई मतदाता सूची तैयार करने के लिए 10 सदस्यीय कमेटी गठित की गई।
कमेटी द्वारा जारी पहली सूची में 231 अधिवक्ताओं के नाम शामिल किए गए, जबकि पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट बार काउंसिल की सूची में 330 वोट दर्शाए गए थे। कई अधिवक्ताओं ने अपने नाम हटाए जाने पर आपत्ति जताई, लेकिन उन्हें न तो व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर दिया गया और न ही चयन के स्पष्ट मापदंड सार्वजनिक किए गए। बाद में संशोधित सूची जारी कर 258 अधिवक्ताओं को मतदाता के रूप में शामिल किया गया।
इस सूची में भी नाम न होने पर संदीप खट्टर व अन्य अधिवक्ताओं ने बार काउंसिल में अपील दायर की। सुनवाई के बाद बार काउंसिल ने नरवाना बार एसोसिएशन के चुनाव पर रोक लगा दी और अगली सुनवाई 18 अप्रैल निर्धारित की।
इसके बावजूद रिटर्निंग ऑफिसर मनिंदर सिंह और कुलवंत सिंह श्योकंद ने पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार चुनाव प्रक्रिया पूरी करवाई। चुनाव में प्रधान, सचिव और कैशियर पद के लिए मतदान होना था। सचिव पद पर गौरव सहारण और कैशियर पद पर तानिया जांगड़ा को पहले ही निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया जा चुका था।
प्रधान पद के लिए आदित्य शर्मा और अनिल मोर के बीच मुकाबला था। हालांकि चुनाव पर रोक के चलते आदित्य शर्मा ने नाम वापस लेकर चुनाव का बहिष्कार करने की अपील की थी। इसके बावजूद बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने मतदान में भाग लिया। कुल 258 मतदाताओं में से 221 ने वोट डाले, जिनमें से 207 वोट अनिल मोर और 11 वोट आदित्य शर्मा को मिले, जबकि शेष वोट निरस्त हो गए। परिणामस्वरूप अनिल मोर को प्रधान निर्वाचित घोषित किया गया। एडवोकेट रघुभूषण लाल ने इस विवाद को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे बार एसोसिएशन के सदस्यों के आपसी सौहार्द पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

# शिक्षा भारती मॉडल स्कूल में मनाया बैसाखी पर्व




**टीम एक्शन इंडिया**
**नरवाना, 14 अप्रैल राहुल**
शिक्षा भारती मॉडल स्कूल में रविवार को बैसाखी का पावन पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।
कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने पंजाबी लोक नृत्य भांगड़ा और गिद्दा की शानदार प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। छोटे-छोटे बच्चों ने भी पारंपरिक पंजाबी वेशभूषा में सजे-धजे मंच पर आकर्षक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों ने खूब सराहा। विद्यार्थियों द्वारा बैसाखी के इतिहास और महत्व पर आधारित नाटक भी प्रस्तुत किया गया, जिसके माध्यम से पर्व के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहलुओं को जीवंत रूप में दशार्या गया। विद्यालय परिसर को भी आकर्षक ढंग से सजाया गया, जिसने कार्यक्रम की शोभा को और बढ़ा दिया।
इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर वीरेंद्र बिढान ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को अपनी सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ना बेहद आवश्यक है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## नरवाना क्षेत्र में नशा तस्करों के खिलाफ बड़ा एक्शन, रसीदा व धमतान साहिब में सर्च अभियान

**नरवाना, 14 अप्रैल राहुल**
**नरवाना** डिविजन के गांव रसीदा और धमतान साहिब में नशा तस्करों के खिलाफ पुलिस द्वारा व्यापक सर्च अभियान चलाया गया। यह अभियान पुलिस अधीक्षक जींद कुलदीप सिंह के मार्गदर्शन और उप पुलिस अधीक्षक नरवाना कमलदीप राणा के नेतृत्व में संचालित किया गया।
अभियान के दौरान सीआईए स्टाफ नरवाना, थाना गढ़ी, थाना शहर नरवाना, थाना सदर नरवाना, पुलिस चौकी धमतान साहिब, पुलिस चौकी दनौदा सहित बिजली विभाग की टीमों ने संयुक्त रूप से भाग लिया। पुलिस टीमों ने चिन्हित स्थानों पर योजनाबद्ध तरीके से सघन तलाशी अभियान चलाया और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी।
तलाशी के दौरान 4 मकानों में बिजली चोरी के मामले सामने आए, जिन पर बिजली विभाग ने नियमानुसार कार्रवाई शुरू कर दी है।
उप पुलिस अधीक्षक कमलदीप राणा ने कहा कि नशा तस्करी में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने बताया कि नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए पुलिस लगातार सख्त कदम उठा रही है और भविष्य में भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे।

## एसडीएम मनदीप ने दोनों खरीद एजेंसियों को दिये उठान में तेजी लाने के निर्देश

### मंडी में गेहूं के उठान में किसी भी अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही मिली तो होगी कार्रवाईः एसडीएम,

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 14 अप्रैल (बिजेंद्र सिंह)।** पानीपत मंडी में गेहूं की आवक पीक पर है और मंडी में खरीद एजेंसी हैफेड व हरियाणा वेयर हाउस द्वारा खरीद की जा रही है।
एचडब्ल्यूसी द्वारा सोमवार, बुधवार व शुक्रवार को और हैफेड द्वारा मंगलवार, बृहस्पतिवार व शनिवार को गेहूं की खरीद की जा रही है।
पानीपत मंडी में गेहूं का उठान धीमा चल रहा था, जिससे सारी मंडी में गेहूं के बैग पडे हुए है। एसडीएम एवं नोडल अधिकारी मनदीप कुमार ने सोमवार को मार्केट कमेटी कार्यालय में दोनो खरीद एजेंसियों के अधिकारियों की मीटिंग लेकर उठान में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिये गये। वहीं एसडीएम मनदीप कुमार ने मंगलवार को भी पानीपत मंडी का दौरा किया और उन्होने गेहूं के उठान का निरीक्षण किया। उन्होने उठान में और ज्यादा तेजी लाने के निर्देश दिये गये।



एसडीएम मनदीप ने बताया कि पानीपत मंडी से मंगलवार देर शाम तक करीब 20 प्रतिशत गेहूं का उठान हो जाएगा। हरियाणा वेयर हाउस के पानीपत मंडी इंचार्ज नरेंद्र ने बताया कि एचडब्ल्यूसी ने पानीपत मंडी में 1.20 लाख क्विंटल गेहूं की खरीद की है और मंगलवार शाम तक करीब 45 हजार गेहूं के बैगों का उठान हो चुका है। पानीपत मंडी के साथ लगते एचडब्ल्यूसी के गोदाम में ही गेहूं रखी जा रही है। हैफेड के डीएम कृपाल दास के अनुसार हैफेड ने पानीपत मंडी से सोमवार तक करीब 70 हजार क्विंटल की खरीद की है और करीब 19 हजार बैगों का उठान करके हैफेड डीएम कार्यालय परिसर वाले गोदाम में रखे गये है और बाकि बैगों को हैफेड के जोरासी रोड समालखा वाले गोदाम में भिजवाना शुरू कर दिया है। हैफेड ने मंगलवार को करीब 17 हजार क्विंटल की पानीपत मंडी में खरीद की है।

# प्राइवेट स्कूलों की मनमानी पर सख्त प्रशासन, बुक डिपो थोपने पर होगी कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नरवाना/राहुल**
एसडीएम जगदीश चंद्र ने प्राइवेट स्कूल संचालकों को सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि वे विद्यार्थियों को किसी एक विशेष बुक डिपो से किताबें खरीदने के लिए बाध्य न करें। ऐसा करने वाले स्कूलों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। एसडीएम ने बताया कि कई मामलों में प्राइवेट स्कूल अपने विद्यार्थियों को चयनित बुक डिपो से ही किताबें खरीदने के लिए मजबूर करते हैं, जो नियमों के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि कुछ स्कूल विशेष कंपनियों की प्रकाशित किताबें ही सिलेबस में शामिल करते हैं, जो केवल निर्धारित दुकानों पर ही उपलब्ध होती हैं और अन्य बाजारों में नहीं मिलतीं। इस स्थिति का फायदा उठाकर बुक डिपो संचालक अभिभावकों से किताबों के लिए मनमानी कीमत वसूलते हैं, जिससे अभिभावकों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ पड़ता है।



एसडीएम जगदीश चंद्र ने स्पष्ट किया कि इस प्रकार की शिकायत मिलने पर संबंधित स्कूलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और उनकी मान्यता व रजिस्ट्रेशन तक रद्द किए जा सकते हैं।

**सख्ती**

**यदि कोई स्कूल मनमानी करता है तो वे तुरंत एसडीएम कार्यालय या खंड शिक्षा अधिकारी को सूचना दें**

उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी को भी निर्देश दिए हैं कि ऐसे मामलों पर नजर रखें और शिकायत मिलने पर तुरंत कार्रवाई करें।
एसडीएम ने अभिभावकों से भी अपील की है कि यदि कोई स्कूल इस प्रकार की मनमानी करता है तो वे तुरंत एसडीएम कार्यालय या खंड शिक्षा अधिकारी को इसकी सूचना दें, ताकि दोषी स्कूलों पर प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

## अंबेडकर ने जीवनभर समाज के वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए किया काम- नवीन भाटिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 14 अप्रैल (बिजेंद्र सिंह)।** पानीपत के सेक्टर-6 स्थित भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया एवं दक्षिणी शहरी मंडल अध्यक्ष चेतन तनेजा ने श्रद्धापूर्वक माल्यार्पण एवं प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर जयंती पर उन्हें नमन किया। वहीं उपस्थित कार्यकताओं ने भी बाबा साहेब के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। नवीन भाटिया ने कहा कि भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्यप्रदेश के महू ग्राम में हुआ था।



इनके पिता का नाम रंजीमालो जी और माता का नाम भीमा बाई तथा पुत्र का नाम यशवंत अंबेडकर हैं। उन्होंने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर ने अपनी प्रतिभा के बल पर अपने अधिकतर शिक्षा कोलंबिया विश्व विद्यालय अमरीका में पूरी की। डॉ. अंबेडकर केवल एक महान विधिवेत्ता ही नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन के अग्रदूत भी थे। उन्होंने अपने पूरे जीवन में समाज के वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए संघर्ष किया। उनके द्वारा रचित भारतीय संविधान आज देश की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूत नींव है।

### एसटीएफ ने गैंगस्टर दीपक नांदल का शूटर निलेश एनकाउंटर में दबोचा

**गुरुग्राम।** यहां के एक फैशन डिजायनर मयंक चावला के शोरूम पर फायरिंग करने के आरोपी दीपक नांदल गैंग के शूटर निलेश ढीला को स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने एनकाउंटर में दबोचा। उसके पांव में पुलिस की गोली लगी और फिर उसे काबू कर लिया गया। सोनीपत के जाजल गांव के रहने वाले शूटर निलेश ढीला को एसटीएफ ने जिला नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया है। फायरिंग के संबंध में डीएलएफ थाना फेज-1 में केस दर्ज है। एसटीएफ अधिकारियों की ओर से जानकारी दी गई कि दीपक नांदल गैंग गुरुग्राम और आसपास के इलाकों में सक्रिय है।

# नरवाना में गरजेगी कुमारी सैलजा की आवाज!

**नरवाना, 14 अप्रैल राहुल**
सिरसा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा बुधवार, 15 अप्रैल को नरवाना में किसानों और मजदूरों के मुद्दों को लेकर बड़ा कदम उठाने जा रही हैं। वे दोपहर 2 बजे नरवाना की अनाज मंडी पहुंचकर गेहूं खरीद व्यवस्था की जमीनी हकीकत का जायजा लेंगी।
मंडी में इस समय खरीद व्यवस्था को लेकर भारी अव्यवस्था और रोष का माहौल है। ऐसे में सांसद सैलजा सीधे किसानों और मजदूरों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनेंगी। खास बात यह है कि वे धरने पर बैठे किसानों से भी मुलाकात करेंगी, जिससे यह दौरा और भी अहम माना जा रहा है।



पार्षद आशुतोष शर्मा के अनुसार, नए नियमों, पोर्टल सिस्टम और बायोमेट्रिक प्रक्रियाओं के चलते किसान-मजदूर वर्ग भारी परेशानियों से जूझ रहा है। खरीद, उठान और भुगतान में देरी ने हालात को और गंभीर बना दिया है। सांसद सैलजा मौके पर मौजूद अधिकारियों को तुरंत समाधान के निर्देश भी दे सकती हैं।

**खरीद व्यवस्था**

**मंडी में इस समय खरीद व्यवस्था को लेकर भारी अव्यवस्था और रोष का माहौल है : आशुतोष शर्मा**

इस दौरान उनके साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बृजेंद्र सिंह सुरजेवाला सहित कई प्रमुख नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। सैलजा पिछले कई दिनों से प्रशासनिक अधिकारियों के संपर्क में रहकर किसानों की समस्याओं को लगातार उठा रही हैं।
मंडी दौरे के बाद करीब 3 बजे सांसद सैलजा पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस, हरियल चौक पहुंचेंगी, जहां वे कार्यकताओं और आम जनता से सीधा संवाद कर जनसमस्याएं सुनेंगी।
पार्षद आशुतोष शर्मा ने किसानों, मजदूरों और कार्यकताओं से अपील की है कि वे बड़ी संख्या में पहुंचकर अपनी आवाज सांसद तक पहुंचाएं, ताकि समस्याओं का समाधान जल्द संभव हो सके।

# मंत्री कृष्ण बेदी को ज्ञापन देने के बाद हरकत में आया प्रशासन, गांव बड़नपुर में अस्पताल निर्माण कार्य शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**नरवाना/राहुल**
क्षेत्र के गांव बड़नपुर में लंबे समय से लंबित पड़े अस्पताल निर्माण कार्य को आखिरकार गति मिल गई है। कृष्ण कुमार बेदी को ज्ञापन सौंपने के बाद प्रशासन हरकत में आया और अब केंद्र व राज्य सरकार द्वारा जारी लाखों की ग्रांट का उपयोग शुरू हो गया है। बड़नपुर के पूर्व सरपंच डॉ. जोगिंद्र बड़नपुर ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि गांव में अस्पताल निर्माण के लिए करीब 89 लाख रुपये की राशि पिछले तीन वर्षों से लंबित पड़ी थी, लेकिन प्रशासनिक



अधिकारियों, कर्मचारियों और ठेकेदारों की लापरवाही के चलते कार्य शुरू नहीं हो पा रहा था। उन्होंने बताया कि इस समस्या को लेकर संगठन के कार्यकताओं व ग्रामीणों ने उनके नेतृत्व में मंत्री कृष्ण बेदी को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में ज्ञापन सौंपा था। मंत्री ने मामले की गंभीरता को समझते हुए जल्द निर्माण कार्य शुरू करवाने का आश्वासन दिया था, जिसके बाद अब अस्पताल का निर्माण कार्य शुरू हो गया है।
डॉ. प्रवीण ने बताया कि गांव में विकास कार्यों के लिए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा करोड़ों रुपये की ग्रांट जारी की जा चुकी है। इनमें बिजली घर, बरवाला ब्रांच नहर पुल, सौर ऊर्जा पैनल, सामुदायिक केंद्र, शिव तालाब सौंदर्यकरण, अमृत सरोवर योजना, जलघर नहरी पानी योजना, पानी निकासी के लिए मनरेगा तालाब, नरवाना-बड़नपुर लिंक रोड और स्वर्ग आश्रम जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट शामिल हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इन कार्यों को शुरू करवाने के लिए ग्रामीणों को कई बार समाधान शिविरों, प्रशासनिक अधिकारियों और मंत्रियों के चक्कर लगाने पड़े, तब जाकर अब कुछ योजनाएं धरातल पर उतरनी शुरू हुई हैं। आगामी समय में मंत्री कृष्ण बेदी से पुनः मुलाकात कर अन्य लंबित ग्रांट को भी जल्द लागू करवाने की मांग की जाएगी। ग्रामीणों ने अस्पताल निर्माण कार्य शुरू होने पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी।

## सामाजिक भाईचारे के पक्षधर थे बाबा साहब

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** डॉ. बीआर अंबेडकर जन कल्याण सोसायटी काछवा द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वी जयंती के उपलक्ष में गांव काछवा के पंचायत घर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें डीएवी कॉलेज के राजनीतिक विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. बलराम शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।
कार्यक्रम में पहुंचने पर गांव के सरपंच प्रतिनिधि डॉ. दीपक कुमार एवं संस्था के प्रधान ने मुख्य अतिथि डॉ. बलराम शर्मा का स्वागत किया। डॉ. बलराम शर्मा ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर सामाजिक समानता एवं भाईचारे के पक्षधर थे। वह समाज में स्त्रियों को



पुरुषों के समान मानते थे। वह स्त्री शिक्षा के समर्थक थे। उनका मानना था कि यदि राष्ट्र को उन्नति करनी है तो हमें स्त्रियों को शिक्षित करना होगा। उन्होंने समाज के लोगों से शिक्षित बननेए संगठित रहने और संघर्ष करने की शिक्षा दी थी।
कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे गांव के सरपंच प्रतिनिधि डॉ. दीपक कुमार ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके बताए रास्ते पर चलकर राष्ट्र के विकास के लिए प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम में समिति के सभी पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि डॉ.बलराम शर्मा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच बिट्ठू, सुरेंद्र भाटिया, जितेंद्र बजाज, सुरमुख नंबरदार, राजेश प्रधान वाल्मीकि, सोहन सिंह, डॉ. विनोद कुमार, निशु सचिव अंबेडकर सभा, ध्यानचंद पंच एवं सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में बच्चों को बांटी कॉपी, पेन

**जयंती**

अन्य गरीबों के बच्चों की भी मदद करनी चाहिए कि कोई बच्चा बिना शिक्षा के न रहे

**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा 14 अप्रैल (विजय कौशिक)** : लाडवा खण्ड के गांव भूतमाजरा में बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर लाडवा के थाना प्रभारी गुरनाम



सिंह मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे वहाँ पहुँचने पर गांव के पूर्व सरपंच नरेश कुमार ने पहुंचे पर कमेटी की ओर से स्वागत किया। थाना प्रभारी गुरनाम सिंह ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की साथ ही उन्होंने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बाबा साहब ने समाज को समानता, न्याय व एकता का पाठ पढ़ाया। उनके दिखाए मार्ग पर चलकर ही हम अपने जीवन को सफल बना सकते हैं। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को कॉपी व पैन बांटे ताकि उनको शिक्षा में सहयोग मिल सके व उन्होंने समाज के लोगों से अपील करते हुए कहा कि हमे अपने बच्चों के साथ साथ अन्य गरीब बच्चों के बच्चों की भी मदद करनी चाहिए कि कोई बच्चा बिना शिक्षा के न रहे।शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए बच्चों को कॉपी पेन का वितरण एक सकारात्मक पहल है, जो उन्हें पढ़ने-लिखने के लिए प्रेरित करती है।ऐसे आयोजन अक्सर स्कूलों, सभाओं या विशेष अवसरों पर किए जाते हैं। इस तरह की मदद से निर्धन बच्चों को पढ़ाई में मदद मिलती है,इस तरह के प्रयास बच्चों को बेहतर भविष्य के लिए प्रोत्साहित करते हैं। इस दौरान उनके साथ गांव के इंदरजीत सिंह, रणधीर सिंह, नरेश कुमार, विक्रम,दीपक. विजय कुमार, विनोद कुमार सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## 20 दिन बाद घर लौटा ईरान में फंसा मर्चेंट नेवी का निखिल, परिवार ने जताई खुशी

**गन्नौर।** गांव शाहपुर तगा गांव के रहने वाले 23 वर्षीय निखिल, जो मर्चेंट नेवी में कार्यरत है, करीब 20 दिन बाद सकुशल घर लौट आया। उसकी वापसी से परिवार और गांव में खुशी का माहौल है। निखिल ओमान के लिए जहाज से रवाना हुआ था, लेकिन हालात बिगड? के कारण वह ईरान में ही फंस गया था। इस दौरान संपर्क टूट जाने से परिवार काफी चिंतित था। किसी तरह भारतीय दूतावास के सहयोग से वह सुरक्षित वापस लौट सका। घर पहुंचते ही परिवार के सदस्यों ने उसका स्वागत किया और राहत की सांस ली। घर पहुंचने के बाद निखिल ने बताया कि जहाज में फसने के कारण कई बार सूखे राशन व कम पानी में ही काम चलाना पड़ा। एक बार उनके जहाज से करीब 20 मीटर



की दूरी पर बम गिरने से जहाज के शीशे तक टूट गए थे। इसी दौरान जहाज बदलने पर उनकी मुलाकात हरिद्वार के एक भारतीय से हुई, जिसने उन्हें भारतीय दूतावास का संपर्क नंबर दिया। इसके बाद निखिल ने दूतावास से संपर्क किया, जहां से उन्हें तुरंत सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। करीब 3-4 दिन तक दूतावास की निगरानी में होटल में ठहराया गया, जहां उनकी पूरी वेरिफिकेशन प्रक्रिया पूरी हुई। वेरिफिकेशन के बाद उन्हें अर्जेंटीना भेजा गया, जहां वह करीब दो दिन रहे और अब वह सुरक्षित घर लौट आए हैं। निखिल के दादा लालमन त्यागी ने बताया कि उसके लौटने से पूरा परिवार बेहद खुश है। उन्होंने मदद करने वाले लोगों और भारतीय दूतावास का आभार जताया। गांव के लोगों ने भी निखिल की सुरक्षित वापसी पर खुशी जाहिर की।

**न्यूज फ्लैश**

### रेलवे रोड पर छबील लगाकर जनसेवा



**गन्नौर।** डा. भीमराव आंबेडकर जयंती के अवसर पर भाजपा आजीविका मिशन ग्रामीण के जिला सह संयोजक अंकित मल्होत्रा ने पार्षद अजय कुमार व अपनी टीम के साथ रेलवे रोड पर छबील लगाकर जनसेवा की। इस दौरान राहगीरों, मजदूरों, किसानों व आमजन को शीतल पेयजल वितरित किया गया, जिससे भीषण गर्मी में लोगों को राहत मिली। बड़ी संख्या में लोगों ने छबील का लाभ उठाया। अंकित मल्होत्रा ने कहा कि डा. आंबेडकर का जीवन समानता, शिक्षा और सामाजिक न्याय का संदेश देता है। उनके विचारों को अपनाते हुए जनसेवा करना ही सच्ची श्रद्धांजलि है।

### सांदल कला में आंबेडकर जयंती पर कार्यक्रम आयोजित



**गन्नौर।** गांव सांदल कला व कामी में डा. भीमराव आंबेडकर जयंती श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाई गई। सांदल कलां नवादा में ग्रामीण विकास समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आजाद सिंह नेहरा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर संत रविदास व डा. भीमराव आंबेडकर की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए। नेहरा ने युवाओं को बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

### अंबेडकर युगदृष्टा, सामाजिक क्रांति के अग्रदूत, दलित, शोषित वंचित पिछड़ों की आवाज थे: जैन



**सोनीपत।** संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर युगदृष्टा, सामाजिक क्रांति के अग्रदूत, दलित, शोषित वंचित पिछड़ों की आवाज थे और उन्होंने समय समय पर आंदोलनों के माध्यम से किसान, मजदूर महिलाओं एवं युवाओं के कल्याण का कार्य किया।

उक्त विचार निवर्तमान मेयर राजीव जैन ने गांव सांदल कलां, श्याम नगर, बाबा साहेब अम्बेडकर चौक, अम्बेडकर छात्रावास, राजेंद्र नगर, कालूपुर में उनकी जन्म जयंती के अवसर पर प्रतिमा पर माल्यार्पण करके दीप प्रज्वलित करने के बाद कार्यक्रमों में व्यक्त किये। उन्होंने गांव सांदल कलां में लगाए गए रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया और मेधावी छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं पाठ्य सामग्री वितरित की।

उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने संविधान की रचना करके गरीबों को स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुत्व की राह पर चलने की प्रेरणा दी। जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाबा साहेब की जन्म सथली मऊ, दीक्षा स्थली नागपुर, शिक्षा ग्रहण करने वाले लंदन सिथत मकान, पंचतत्व में विलीन हुए बम्बई सिथत स्थान तथा दिल्ली में डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर स्मारक पंचतीर्थ के रूप में विकसित किये ताकि आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा मिल सके।

इस अवसर पर रतन सिंह भाटिया, बलबीर सिंह अहलावत, राजकुमार दहिया, दीपचंद नरवाल, राजवीर सिंह तूर, सत्यवान भाटिया, राजकुमार शर्मा, सतबीर बाल्मीकि, नीतू बाल्मीकि, चरण सिंह जोगी, किरण बाला, राजेश कटारिया, वजीर चंद, नफे सिंह, गाँधी राम, रामेश्वर, कप्तान, जोगिंदर, मनोज, वीरेंदर सिंह समेत काफी संख्या में गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे ।

## कमजोर वर्गों को अधिकार दिलाने के लिए जीवनभर संघर्ष किया : आंतिल

**प्रकाश**

आंतिल ने डॉ. अंबेडकर के संघर्ष और भारतीय संविधान के निर्माण में योगदान पर प्रकाश डाला।

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई।** बहालगढ़ स्थित भाजपा नेता मास्टर सतनारायण आंतिल के कार्यालय में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई। बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। मास्टर सतनारायण आंतिल ने डॉ. अंबेडकर के जीवन, उनके संघर्ष और भारतीय संविधान के निर्माण



में उनके योगदान पर प्रकाश डाला।
उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने समाज के कमजोर वर्गों को अधिकार दिलाने के लिए जीवनभर संघर्ष किया और समानता, शिक्षा व सामाजिक न्याय का मार्ग प्रशस्त किया। उनके विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। लोगों को प्रसाद भी वितरित किया गया और सभी ने बाबा साहेब के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर हरिया बसौदी, सतबीर प्रधान दीपालपुर, संजय चौहान, सुखबीर आंतिल, जगमेंद्र सैनी, राजेंद्र मुकीमपुर, ताराचंद चौहान, जगमेंद्र आंतिल, सूबे कुमासपुर, सतबीर कुमासपुर, राजेश मुकीमपुर, राज सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## बरसात से खराब फसलों का मुआवजा देने के लिए सरकार ने मांगे आवेदन

**लाडवा, 14 अप्रैल (विजय कौशिक)** : उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि गत दिनों हुई बरसात व ओलावृष्टि से खराब हुई गेहूं व अन्य फसलों के खराबे का मुआवजा देने के लिए सरकार ने प्रभावित किसानों से आवेदन मांगे है। इसके लिए 15 अप्रैल तक क्षतिपूर्ति पोर्टल को खोला गया है। प्रभावित किसान 15 अप्रैल तक अपने खराबे की सूचना को पोर्टल के माध्यम से दर्ज करे। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि सरकार के आदेशानुसार लाडवा विधानसभा के गांव बीड खैरी, बीड सौंटी, मथाना, सौंटी, लोहारा और गांव दबखेड़ा के लिए पोर्टल को खोला गया है। जिन किसानों द्वारा आवेदन किया जाएगा, उनके खेतों की स्पेशल गिरदावरी करवाई जाएगी, ताकि उन्हें खराबे का मुआवजा दिया जा सके। उन्होंने कहा कि 9 अप्रैल को हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने उपरोक्त गांवों का दौरा कर किसानों की समस्याओं को सुना था।
गांवों में मौके पर ही खेतों का निरीक्षण कर खराबे का निरीक्षण भी किया था। इसके साथ ही प्रभावित क्षेत्र में क्षतिपूर्ति पोर्टल खोलने के निर्देश किए थे। उन्होंने कहा कि तहसील थानेसर, तहसील लाडवा व उप तहसील बाबैन के अधिकारी उपरोक्त  द्वारा क्षतिपूर्ति पोर्टल पर आवेदन किया जाता है।

## बाबा साहेब के विचार आज भी समाज को आगे बढने की प्रेरणा देते है : त्यागी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई।** गांव बढ़मलिक में मंगलवार को संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का विधिवत अनावरण किया गया। निगम पार्षद एवं भाजपा नेता पुनत त्यागी व गांव बढ़मलिक के सरपंच फूल कुमार व अन्य ने बाबा साहेब की प्रतिमा का अनावरण कर उन्हें पुष्प अर्पित किए और उनके आदर्शों को नमन किया। पुनत त्यागी ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर ने समाज को समानता, न्याय और शिक्षा का मार्ग दिखाया। उनके विचार आज भी समाज को आगे बढ? की प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर सुनीता लहोचब, गांव बढ़मलिक



के सरपंच फूल कुमार, एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष समशेर, जिला उपाध्यक्ष विनोद चोपड़ा, जिला महामंत्री शशी, चरित्र मास्टर, राकेश, राकेश कौशिक, प्रदीप आंतिल सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर समाज में भाईचारे और समानता का संदेश दिया तथा बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

## बाबा साहेब ने समानता, शिक्षा, अधिकारों के प्रति जागरूक किया: कादियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** नगरपालिका रोड स्थित संत गुरु रविदास सेवा समिति द्वारा मंगलवार को डा. भीमराव आंबेडकर जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शहर के मुख्य मार्गों से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक देवेंद्र कादियान के पिता सतबीर सिंह कादियान पहुंचे। उन्होंने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और कहा कि बाबा साहेब का जीवन समाज को समानता, शिक्षा और अधिकारों के



प्रति जागरूक करता है। इस अवसर पर बीपीएल परिवारों से जुड़े समाज के 500 मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया। वहीं सांदल कलां में डा. भीमराव आंबेडकर रूरल डेवलपमेंट सोसायटी द्वारा भी आंबेडकर जयंती पर रक्तदान शिविर एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सतबीर सिंह कादियान ने शिविर का शुभारंभ किया और 41 यूनिट रक्त एकत्रित होने पर आयोजकों की सराहना की। इस दौरान 33 मेधावी विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया।

## शार्ट सर्किट से गेहूं की फसल जली, किसानों ने मुआवजे की उठाई मांग

**गन्नौर।** गांव गुमड़ में बिजली निगम की कथित लापरवाही के चलते शार्ट सर्किट से लगी आग में किसानों की कई एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। सूचना मिलने पर दमकल गाड़ी व पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के कार्यकारी जिलाध्यक्ष विरेंद्र पहल ने घटना के लिए बिजली निगम को जिम्मेदार ठहराते हुए प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग की है। यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि इस संबंध में उपायुक्त से मिलकर नुकसान की भरपाई कराने की मांग रखी जाएगी।

## अंबेडकर जयंती पर समारोह, जरूरतमंद बच्चों को पुस्तकों का वितरण

**जयंती**

गांव राजलू गढ़ी में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई गई

**गन्नौर।** गांव राजलू गढ़ी में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई गई। ब्लाक समिति सदस्य अनिल ने अतिथि शिरकत की। दोनों गांवों के सरपंच विजेंद्र राठी व सावन, समाज सुधार संकल्प समिति के अध्यक्ष अजीत राठी, आदि ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित



कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। समिति की ओर से गांव में कराए गए विकास कार्यों का भी विवरण प्रस्तुत किया गया। जरूरतमंद बच्चों को पुस्तकें वितरित की गईं और कुछ बच्चों को स्कूल ड्रेस भी प्रदान की गई। ब्लॉक समिति अध्यक्ष अनिल और सरपंचों ने आश्वासन दिया कि वे समिति के साथ मिलकर गांव के विकास कार्यों को आगे बढ़ाएंगे। समिति द्वारा हर रविवार को स्वच्छता अभियान चलाने और गरीब कन्याओं के विवाह में सहयोग करने की पहल से अवगत करवाया। इस मौके पर त्रिलोक चंद शर्मा, युद्धवीर, धर्म सिंह फौजी, महासचिव अमित अत्री, रामसिंह, केशू, राजेश, सतबीर चोपड़ा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल में बैसाखी धूमधाम से मनाई



**गन्नौर।** शेखपुरा स्थित चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल में बैसाखी पर्व व डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती उत्साह और धूमधाम के साथ मनाई गई। विद्यालय में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, विद्यार्थियों को बैसाखी पर्व के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। निदेशक अजय यादव ने बताया कि पर्व किसानों के लिए विशेष महत्व रखता है, क्योंकि इस दिन उनकी फसल पककर तैयार हो जाती है और कटाई का कार्य शुरू होता है। साथ ही यह पर्व साहस, खुशी और धार्मिक आस्था का प्रतीक है। इसके साथ ही डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर विद्यार्थियों को उनके जीवन और विचारों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम का संचालन अंशिका और उर्मी ने किया।

## स्वच्छता एवं सर्वांगीण विकास की दिशा में आयाम स्थापित कर रहा नगर निगम: मनोहर लाल

**महत्वपूर्ण पहले**

-अंबेडकर जयंती पर निगम ने लोकार्पित की रोड स्वैपिंग मशीन व 150 रिक्शा रेहडियां

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** भारत रत्न डॉण भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर नगर निगम द्वारा शहर को स्वच्छ, सुंदर और आधुनिक बनाने की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण पहले की गईं। इस अवसर पर केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने बतौर



मुख्य अतिथि 76 लाख रुपए की लागत से खरीदी एक बड़ी रोड स्वैपिंग मशीन, 96 लाख रुपए की लागत से खरीदी दो छोटी रोड स्वैपिंग मशीन व 36 लाख रुपए की लागत से खरीदी रिक्शा रेहडि?ं को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे शहर की सफाई व्यवस्था को आधुनिक तकनीक से सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। उन्होंने निगम परिसर में संवाद करते हुए सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों का उत्साहवर्धन किया।  नगर निगम सीमा क्षेत्र में कुल 72 लाख रुपए की लागत से निर्मित किए गए पांच आकांक्षी शौचालयों एवं वार्ड नंबर 10 सेक्टर 13 में गुलमोहर पार्क के नवीनीकरण की भी विधिवत घोषणा की गई। मनोहर लाल ने कहा कि करनाल नगर निगम स्वच्छता एवं सर्वांगीण विकास की दिशा में लगातार अभूतपूर्व कार्य कर रहा है। सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों के सक्रिय सहयोग और सहभागिता से ही यह आदर्श परिकल्पना साकार रूप ले सकी है। कार्यक्रम में विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि नागरिक सहभागिता से ही नगर निगम प्रशासन पूरी ईमानदारी और सजगता के साथ कार्य कर पा रहा है। सभी जनप्रतिनिधियों को यह सिलसिला कायम रखते हुए शहर के सर्वांगीण विकास में हर संभव योगदान करना चाहिए। मेयर रेणु बाला गुप्ता ने संबोधन के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरूकता और जनभागीदारी पर बल दिया। उन्होंने कहा कि करनाल को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए हर नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। इसी सोच के साथ स्वच्छता और विकास की प्रक्रिया को एक साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल के आशीर्वाद से नगर निगम ने पहले भी उपलब्धियों के नए आयाम स्थापित किए हैं। जनप्रतिनिधियों और नागरिकों के सहयोग से यह क्रम इसी प्रकार बना रहेगा।  नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के दिशा-निर्देशों के तहत 76 लाख रुपये की लागत से खरीदी गई बड़ी रोड स्वीपिंग मशीन से मुख्य मार्गों की सफाई व्यवस्था को अत्याधुनिक बनाया जाएगा। इसके साथ ही 96 लाख रुपये की लागत से खरीदी गई दो छोटी रोड स्वीपिंग मशीन संकरी गलियों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सफाई कार्य को और प्रभावी बनाएगी।

## पटवारियों के कार्य में निजी सहायकों की दखल, पारदर्शिता पर उठे सवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** सरकारी राजस्व कार्यों में अनधिकृत दखल का मामला सामने आया है, जहां क्षेत्र के कई पटवारी अपने कार्यालयों में निजी सहायकों से काम करवा रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि जमीन से जुड़ा महत्वपूर्ण रिकार्ड भी इन सहायकों की पहुंच में है, जिससे पूरी व्यवस्था की पारदर्शिता और सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं। सरकारी कार्यों में निजी व्यक्तियों की बढ़ती दखल से व्यवस्था की पारदर्शिता प्रभावित हो रही है। पटवारी अपने स्तर पर पैसे देकर इन सहायकों को रखते हैं और उनसे सरकारी कार्य करवाते हैं।



ग्रामीणों का कहना है कि काम के लिए आने वाले लोगों से कुछ निजी सहायक रुपये भी मांग लेते हैं, जिससे उन्हें अतिरिक्त आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है। वहीं, सही जानकारी और समय पर काम होने को लेकर भी लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस व्यवस्था की जांच कर आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि सरकारी कार्यों में पारदर्शिता बनी रहे और आम लोगों को राहत मिल सके। इस संबंध में एसडीएम प्रवेश कादियान ने कहा कि उन्होंने पहले भी पटवारियों को इस संबंध में सख्त हिदायत दी थी।
यदि अब फिर से निजी लोगों से काम करवाया जा रहा है तो वह खुद पटवारियों के कार्यालयों का औचक निरीक्षण करेंगे और कार्यालयों में निजी लोगों का हस्तक्षेप होता मिला तो नियमानुसार सख्त कार्रवाई करेंगे।

# दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने बड़ी संख्या में मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं के साथ मंगलवार को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में भारत रत्न और महान समाज सुधारक बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की।

देवेंद्र यादव ने कहा कि बाबा साहेब अम्बेडकर के विचारों से प्रेरणा लेकर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के गतिशील नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी दलितों, वंचितों और अन्य पिछड़े वर्गों को समान प्रतिनिधित्व देने के लिए लगातार आवाज उठा रही है, जिनके उत्थान और समाज में बराबर का हक दिलाने के लिए डॉ. अम्बेडकर ने प्रयास किया था, ताकि उन्हें समाज में अपना उचित स्थान देने के लिए जीवन की मुख्यधारा में लाया जा सके। डॉ. अम्बेडकर को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव के अलावा कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन और पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज, कमेटी के एससी विभाग के चेयरमैन राजेंद्र पाल गौतम, पूर्व चेयरमैन राजेश लिलोठिया, दिल्ली की पूर्व मंत्री डॉ नरेंद्र नाथ, डॉ किरण वालिया, पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार, हाजी इशराक, तरुण कुमार, दिल्ली कांग्रेस के प्रशासन प्रभारी जतिन शर्मा, जगजीवन शर्मा, एडवोकेट सुनील कुमार, जिला अध्यक्ष धर्मपाल चंदेला, आदेश भारद्वाज, महेंद्र भास्कर मौजूद रहे।



# सभी को करना चाहिए रक्तदान, इससे मिलता है किसी को नया जीवनः विजेंद्र यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** उत्तरी दिल्ली नगर निगम स्थाई समिति के पूर्व उपाध्यक्ष विजेंद्र यादव ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जनता से इस नेक कार्य में सहभागी बनने की अपील की है।

**रक्तदान महादानः** विजेंद्र यादव ने कहा कि रक्तदान को समाज में 'महादान' की संज्ञा दी गई है, क्योंकि यह सीधे तौर पर मानवता की सेवा से जुड़ा है।

**जीवनदान का अवसरः** आपके द्वारा दान की गई रक्त की एक-एक बूंद किसी गंभीर मरीज या दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति के लिए जीवनदान साबित हो सकती है।

**भ्रांतियों का खंडनः** उन्होंने स्पष्ट किया कि लोगों के बीच यह गलत धारणा है कि रक्तदान से शरीर में कमजोरी आती है। असल में, यह प्रक्रिया पूरी तरह सुरक्षित है और शरीर जल्द ही इसकी भरपाई कर लेता है।



**प्रेरणा की आवश्यकताः** श्री यादव ने आग्रह किया कि लोग न केवल स्वयं रक्तदान करें, बल्कि अपने आस-पास के अन्य लोगों और युवाओं को भी इस पुनीत कार्य के लिए प्रेरित करें।

**यादव ने कहा**

आपका थोड़ा सा प्रयास, किसी के जीवन की आखिरी उम्मीद बन सकता है। इसलिए रक्तदान करें

**सामाजिक जिम्मेदारीः** उन्होंने बताया कि एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हमें आपातकालीन स्थितियों में अस्पतालों में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आगे आना चाहिए। यादव ने कहा कि आपका थोड़ा सा प्रयास, किसी के जीवन की आखिरी उम्मीद बन सकता है। इसलिए रक्तदान करें और दूसरों को प्रेरित करें।

# दिल्ली नगर निगम द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर की 136वीं जयंती पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली नगर निगम द्वारा मंगलवार को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 136वीं जयंती के उपलक्ष्य में केदारनाथ साहनी सभागार, निगम मुख्यालय में भव्य समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह, पार्षदगण, निगम आयुक्त संजीव खिरवार, समस्त अतिरिक्त आयुक्त, समस्त क्षेत्रीय उपायुक्त, वरिष्ठ अधिकारी व बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह, निगम आयुक्त संजीव खिरवार व निगम के वरिष्ठ अधिकारी द्वारा निगम मुख्यालय के प्रांगण में स्थित बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने से हुआ। इस अवसर पर महापौर ने सभी को भारत रत्न, संविधान निमार्ता, महान समाज सुधारक डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 136वीं जयंती की हार्दिक बधाई दी। अपने संबोधन में महापौर ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर का जीवन संघर्ष, शिक्षा और सामाजिक न्याय के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी शिक्षा के माध्यम से समाज में बदलाव लाने की उनकी प्रेरणा आज भी हम सभी के लिए मार्गदर्शक है। महापौर ने कहा कि 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' का संदेश समाज को सशक्त बनाने का आधार है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे डॉ.भीमराव अंबेडकर के आदर्शों को अपनाते हुए समाज के हर वर्ग तक विकास का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध रहें। इस अवसर पर महापौर द्वारा निगम के सभी जोन के श्रेष्ठ सफाई कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट एवं प्रशंसनीय सेवा के लिए प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए गए। महापौर राजा इकबाल सिंह ने सफाई कर्मचारियों के योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि दिल्ली नगर निगम की स्वच्छता व्यवस्था की मजबूत नींव हमारे सफाई कर्मी हैं।

कार्यक्रम में निगम के स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसे दर्शकों व अतिथियों ने खूब सराहा।

उन्होंने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर ने अपने जीवन में अपार संघर्षों का सामना करते हुए, शिक्षा और संविधान के माध्यम से भारत को एक नई दिशा दी।







# स्टडी सेंटर पर हुआ वार्षिक परीक्षा पुरस्कार वितरण





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** ज्ञान आधार वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित राम बाग स्टडी सेंटर पर वार्षिक परीक्षा पुरस्कार वितरण समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया।

**मेधावी छात्र-छात्राएं हुई सम्मानित**

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंजू गौर उपस्थित रहीं, जिनके सानिध्य में मेधावी छात्र-छात्राओं को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़ रहे 'आउट ऑफ स्कूल' बच्चे समारोह का सबसे भावुक और प्रेरणादायक पहलू वे 28 छात्र-छात्राएं रहे, जो औपचारिक रूप से स्कूल नहीं जाते। मंजू गौर द्वारा विशेष रूप से आयोजित परीक्षा में इन सभी बच्चों ने न केवल भाग लिया, बल्कि सफलतापूर्वक उत्तीर्ण भी हुए। इन बच्चों के लिए यह क्षण ऐतिहासिक था।

# बैसाखी पर गुरुद्वारा श्री सिंह सभा में सजा विशेष कीर्तन दरबार



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** पश्चिमी दिल्ली के सरस्वती गार्डन स्थित गुरुद्वारा श्री सिंह सभा में खालसा साजना दिवस एवं बैसाखी के पावन अवसर पर विशेष कीर्तन दरबार का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक समागम में बड़ी संख्या में संगत ने भाग लेकर गुरु घर की हाजिरी भरी और कीर्तन का आनंद लिया। गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के प्रेसिडेंट कुलदीप सिंह, जनरल सेक्रेटरी रविंदर पाल सिंह नागपाल, वाइस प्रेसिडेंट भूपिंदर सिंह भाटिया, कैशियर चरणजीत सिंह मक्कड़ ने जानकारी दी।

# समाजसेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं, समर्थ लोग निभाएं अपनी जिम्मेदारीः सुनील यादव भलस्वा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** बादली विधानसभा क्षेत्र के सुप्रसिद्ध समाजसेवी सुनील यादव भलस्वा ने समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा है कि नर सेवा ही नारायण सेवा है।

उन्होंने जोर देकर कहा कि सेवा से बड़ा कोई कार्य नहीं है, इसलिए समाज के हर सक्षम व्यक्ति को निस्वार्थ भाव से समाजसेवा के क्षेत्र में कदम बढ़ाना चाहिए।

**संवेदना और सहयोग पर जोर**

श्री यादव ने कहा कि हमारे समाज का एक बड़ा हिस्सा आज भी अभावों में जी रहा है। उन्होंने अपील की कि सभी को एकजुट होकर गरीब व निर्धन तबके की मदद के लिए आगे आना चाहिए। यादव के अनुसार, यदि समाज का संपन्न वर्ग अपनी जिम्मेदारी समझे, तो किसी भी गरीब व्यक्ति को बुनियादी जरूरतों के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। हमारा लक्ष्य एक ऐसा समाज बनाना होना चाहिए जहाँ कोई भी व्यक्ति असहाय महसूस न करे। छोटी सी मदद भी किसी के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकती है।



यादव ने आगे कहा कि क्षेत्र में वे निरंतर उन लोगों की पहचान कर रहे हैं जिन्हें तत्काल सहायता की आवश्यकता है। उन्होंने युवाओं से भी आह्वान किया कि वे सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों का उपयोग कर जरूरतमंदों की आवाज बनें और सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें।

# दिल्ली के हर चौक चौराहे पर गायों का जमावड़ा, लोग परेशान

**नई दिल्लीः** दिल्ली नगर निगम की लापरवाही और सरकार के उदासीन रवैये के चलते दिल्लीवासियों को जान जोखिम में डालकर घरों से निकलना पड़ रहा है। हालात इतने बदत्तर हो गये हैं कि कुत्ते और गौ वंश आप पर कभी भी कहीं से भी हमला कर सकते हैं। ऐसी ही घटना सोमवार देर शाम जैतपुर निवासी सोनिया और उनके पति रितेश कुमार के साथ घटित हुई।

सोमवार की देर शाम घर से कालका जी मंदिर जाते समय ताजपुर पहाड़ी के पास मैन रोड पर डिवाइडर पार कर अचानक गाय स्कूटी के सामने आ गई। गाय के अचानक स्कूटी से टकराने से दोनों सड़क पर गिर गये।

# जहांगीर पुरी में बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर जयंती पर भव्य कार्यक्रम आयोजित, सैकड़ों लोगों ने दी श्रद्धांजलि

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** बादली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जहांगीर पुरी इलाके में रोहिणी जिला कांग्रेस कमेटी (एससी/एसटी सेल) के कार्यालय पर संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही श्रद्धा, उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला अध्यक्ष एम. एल. भास्कर ने किया। जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों लोगों, समाजसेवियों एवं स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि की अर्पित। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस दौरान उपस्थित लोगों ने बाबा साहेब के योगदान को याद करते हुए उन्हें नमन किया। कार्यक्रम स्थल पर 'जय भीम' के नारों से वातावरण गूंज उठा, जिससे पूरे क्षेत्र में एक सकारात्मक ऊर्जा और सामाजिक एकता का संदेश देखने को मिला।



**बाबा साहेब केवल एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचारधारा हैं**

भास्कर ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर केवल एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचारधारा हैं, जिन्होंने देश को समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व का मार्ग दिखाया। उन्होंने कहा कि आज के समय में बाबा साहेब के सिद्धांतों को अपनाना और उनके बताए मार्ग पर चलना बेहद आवश्यक है।

# बाबा साहब डा. बी.आर. अंबेडकर की जयंती पर पदयात्रा का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** राष्ट्रवादी जनता पार्टी ने संविधान के रचयिता बाबा साहब डा. बी.आर. अंबेडकर की जयंती पर पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन से राष्ट्रीय स्मारक आंबेडकर प्रतिष्ठान अलीपुर रोड तक पैदल यात्रा निकाली। राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता अनिल भारती ने सभी को बाबा साहब के बताये हुए मार्ग पर चलने को कहा। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एसएल खैरालिया, राष्ट्रीय महासचिव आरएस भोला पौद्दार, इंजीनियर विनोद कुमार महतो, राष्ट्रीय मजदूर यूनियन के संरक्षक चंद्र किशोर नंदू, विनोद कुमार, राज कुमार पोद्दार, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष राहत परवीन, दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष पुष्पा मंडल, दिल्ली प्रदेश नेता नबी हुस्सैन, विजेंद्र पौद्दार मौजूद रहे।



# कालिंदी कॉलेज में विदाई समारोह का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली के कालिंदी कॉलेज (दिल्ली विश्वविद्यालय) में विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में भारतीय जनता युवा मोर्चा की पूर्व प्रदेश मंत्री मुस्कान जगदीश रही। आपको बता दें कि विदाई समारोह कार्यक्रम कॉलेज में बड़े उत्साह और गरिमा के साथ आयोजित किया गया।

आपको यह भी बतादें कि अपने ही परिसर में मुख्य अतिथि के रूप में आना मुस्कान जगदीश के लिए बेहद भावुक और यादगार अनुभव रहा।

उन्होंने अपने छात्र जीवन की यादों को साझा करते हुए बताया कि कैसे इस कॉलेज ने उनके व्यक्तित्व, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस अवसर पर उन्होंने कॉलेज की प्रधानाचार्या प्रोफेसर. मीना चरांदा, संयोजक डॉ. हरविंदर कौर, आयोजन समिति के सदस्यों तथा छात्रसंघ का हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उन्हें जो स्नेह, सम्मान और आत्मीय स्वागत मिला, वह उनके लिए हमेशा विशेष रहेगा। अपने प्रेरणादायक संबोधन में मुस्कान जगदीश ने विद्यार्थियों को जीवन के अगले चरण के लिए तैयार रहने की सलाह दी।



# रात्रि काल में बेहतर सेवा कार्य के लिए चालक को किया सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** बवाना-1 डिपो के कलस्टर बस चालक हरपाल सिंह को उनकी लग्न और नाइट ड्यूटी में बेहतर सेवा कार्य के लिए उन्हें नगद राशि व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके तहत बवाना-1 डिपो परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान चालक हरपाल सिंह को नकद राशि और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान डिपो प्रशासन और स्थानीय पार्षद अंजू अमन डबास दोनों की ओर से संयुक्त रूप से प्रदान किया।

# पौधारोपण केवल वन विभाग की नहीं, हम सबकी साझा जिम्मेदारी, इसलिए सभी लगाये पौधेः सुमेर सिंह सैनी


**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** अखिल भारतीय सैनी संगठन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमेर सिंह सैनी ने पर्यावरण संतुलन को लेकर समाज को जागरूक करते हुए एक विशेष अपील की है।

उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के दौर में हम सभी का यह नैतिक कर्तव्य है कि हम अधिक से अधिक पौधारोपण करें, ताकि आने वाली पीढ़ियों को एक सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण मिल सके।

**पौधारोपण हम सभी की जिम्मेवारीः सैनी**

श्री सैनी ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि पौधारोपण को केवल वन विभाग या सरकारी तंत्र का कार्य नहीं समझना चाहिए। उन्होंने कहा, "यह हम सब की जिम्मेदारी है कि हम न केवल पौधे लगाएं, बल्कि उनकी रक्षा भी अपने परिवार के सदस्यों की तरह करें। उन्होंने बताया कि अक्सर लोग पौधे लगाकर भूल जाते हैं, जबकि असली सेवा उनकी देखभाल करना है जब तक कि वे वृक्ष न बन जाएं।



**प्रकृति से मिलते हैं अनगिनत लाभः** पेड़-पौधों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने आगे बताया कि प्रकृति हमें निःस्वार्थ भाव से जीवनदायिनी ऑक्सीजन, फल और फूल प्रदान करती है। इसके साथ ही, कई दुर्लभ औषधियां भी हमें इन्हीं पेड़-पौधों से प्राप्त होती हैं। स्वस्थ जीवन के लिए प्रकृति के करीब रहना अनिवार्य है। इसलिए सभी पौधारोपण करें।

# प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नायब सैनी की नीतियों से बदला देश-प्रदेश का स्वरूप: राज्यसभा सांसद सुभाष बराला

## सुभाष खिलेरी के भाजपा में आने पर किया स्वागत, कहा: पार्टी में मेहनती कार्यकर्ताओं को मिलेगा पूरा सम्मान

**योजना**

**सबसे बेहतरीन प्रस्तुति देने वाले सांगी को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।**

**टीम एक्शन इंडिया**
**डॉ नैब सिंह मंडेर**

**रतिया:** राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास के अनेक ऐतिहासिक कार्य हुए हैं और गरीब, किसान, युवा, महिला तथा समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की गई हैं। उन्होंने



यह बात गांव रत्ताखेड़ा में भाजपा में शामिल हुए युवा नेता सुभाष खिलेरी के निवास पर आयोजित कार्यकताओं की एक सभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। सांसद बराला यहां खिलेरी निवास पर आयोजित जलवा पूजन कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे थे। गांव में पहुंचने पर सुभाष खिलेरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने राज्यसभा सांसद सुभाष बराला और चेयरमैन वेद फुलां का पुष्प गुच्छ भेंट कर और जोरदार नारेबाजी के साथ स्वागत किया। सांसद ने सुभाष खिलेरी के भाजपा में आने पर खुशी जाहिर करते हुए उनका स्वागत किया और विश्वास दिलाया कि पार्टी में मेहनती और समर्पित कार्यकर्ताओं को हमेशा पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा। संबोधन के दौरान केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने बीते वर्षों में अंत्योदय की भावना से काम करते हुए अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा से जोडने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आज भारत की धाक पूरी दुनिया में जम रही है। वहीं, हरियाणा की नायब सिंह सैनी सरकार पर चर्चा करते हुए बराला ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार बिना पर्ची और बिना खर्ची के युवाओं को रोजगार दे रही है और पारदर्शी शासन व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आज सीधा पात्र व्यक्तियों के बैंक खातों में पहुंच रहा है, जिससे भ्रष्टाचार पर लगाम लगी है। सांसद बराला ने सुभाष खिलेरी की पीठ थपथपाते हुए उनकी ऊर्जा की प्रशंसा की और उनसे आह्वान किया कि वे पार्टी की नीतियों और सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएं। उन्होंने कार्यकताओं को बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने का मंत्र दिया। इस अवसर पर काफी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

# गुहला में फर्जी रजिस्ट्री से प्लाट और दुकान हड़पी, दी धमकी

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** गुहला में चार आरोपियों ने मिलकर एक व्यक्ति की जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार करवा लिए। बाद में अपने नाम रजिस्ट्री करवा ली। जब सम्बन्धित व्यक्ति को इस बारे में पता चला और उसने आरोपियों से बातचीत की, तो उसे जान से मारने की धमकी दी गई। इस संबंध में व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दी है।

डेरा भाग सिंह गुहला के संजय सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह इस समय समाना जिला पटियाला पंजाब में रहता है। उसका डेरा भाग सिंह में चार मरले का प्लाट है। इस समय वह खाली पड़ा है, साथ ही एक दुकान भी है। वर्ष 2019 में डेरा भाग सिंह निवासी सुल्तान, मीना, रमेश व कपिल ने उस प्लाट और दुकान की रजिस्ट्री फर्जी तरीके से अपने नाम करवा ली।

संजय ने बताया कि उसने रजिस्ट्री के दस्तावेजों पर कहीं भी हस्ताक्षर नहीं किए थे। आरोपियों ने फर्जी हस्ताक्षर कर लिए, जब उसे धोखाधड़ी बारे पता चला और उसने आरोपियों से बातचीत की, तो उन्होंने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी। यह जमीन करीब 20 लाख रुपए कीमत की है। शिकायतकर्ता ने आरोपियों से जान का खतरा भी जताया है। गुहला थाना एसएचओ सनेष कुमार ने बताया कि इस संबंध में पुलिस के पास शिकायत आई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

**न्यूज फ्लैश**

## रतिया में बाबा साहिब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई



**टीम एक्शन इंडिया**
**डॉ नैब सिंह मंडेर**

**रतिया:** राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल रतिया के प्रांगण में नागर स्पोर्ट टैलेंट लाइव एकेडमी द्वारा ग्राउंड में भारत रत्न बाबा साहिब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़ी धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर एकेडमी के खिलाड़ियों और स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों ने बाबा साहिब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम मे शर्मा चंद लाली (जिला सलाहकार, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग) ने शिरकत की। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बाबा साहिब केवल एक संविधान निमार्ता ही नहीं, बल्कि ज्ञान के प्रतीक और सामाजिक न्याय के सबसे बड़े पैरोकार थे। उनके द्वारा दिखाए गए समानता और शिक्षा के मार्ग पर चलकर ही हम एक बेहतर राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं।"
एडमी के कोच रघुबीर सिंह ने युवाओं और खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि बाबा साहिब का जीवन संघर्ष हमें सिखाता है कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद शिक्षा और दृढ़ संकल्प से किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल के साथ-साथ बाबा साहिब के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम के दौरान एकेडमी के प्रशिक्षुओं ने बाबा साहिब के जीवन और उनके योगदान पर चर्चा की। इस मौके पर खेल जगत से जुड़ी हस्तियां और शहर के अन्य गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

## भीम आर्मी ने धूमधाम से मनाई बाबा साहब अंबेडकर जयंती



**नितिन सिंगला जगाधरी**
**यमुनानगर,** के विभिन्न स्थानों पर भीम आर्मी यमुनानगर संगठन द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समाज के लोग शामिल हुए।
इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रदीप गौतम ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर ने भारतीय संविधान का निर्माण कर देश के हर नागरिक को समान अधिकार और स्वतंत्रता प्रदान की। उनके प्रयासों से समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय और अधिकार पहुंच सके।
उन्होंने बताया कि बाबा साहब स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री भी रहे और उन्होंने अपने जीवनभर जातिगत भेदभाव, ऊंच-नीच और असमानता के खिलाफ संघर्ष किया। उनके विचारों से प्रेरित होकर आज समाज में जागरूकता बढ़ी है और लोग निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर हैं।

## किसान एवं खेतिहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना के तहत मिलती है आर्थिक सहायता

**सिरसा, (रणबीर खटक)**
हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के माध्यम से किसानों और खेतीहर मजदूरों के लिए चलाई जा रही मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना के अंतर्गत किसानों, खेतीहर मजदूरों, मार्केट यार्ड में काम करने वाले मजदूरों को कृषि मशीनरी पर कार्य करने के दौरान मृत्यु या अंगहानि होने पर 37,500 रुपये से लेकर 5 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।
योजना के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की दुर्घटनाओं को शामिल किया गया है। इनमें कृषि मशीनरी, औजार, उपकरण या यंत्रों के उपयोग के दौरान हुई दुर्घटनाएं, कुआं खोदते या ट्यूबवेल लगाने के समय हादसे, गन्ना क्रशर, चाफ कटर या थ्रेशर चलाते समय दुर्घटनाएं शामिल हैं। इसके अलावा कुआं खोदते या संचालन के दौरान जहरीली गैस से होने वाली दुर्घटनाएं, बिजली करंट लगने से होने वाली घटनाएं, कृषि उपज को वाहन में ले जाते समय पशु, बैलगाड़ी, ट्रक या अन्य वाहन से दुर्घटना, कीटनाशक, पेस्टिसाइड या खरपतवार नाशक दवाओं के उपयोग से नुकसान, मार्केट यार्ड में माल उतारते या तोलते समय दुर्घटनाएं तथा सांप या अन्य जहरीले जीवों के काटने से मृत्यु भी इस योजना में शामिल हैं।

# भट्टू अनाज मंडी में गेहूं की खरीद कार्य भी शुरू हुआ

**टीम एक्शन इंडिया**
**डॉ नैब सिंह मंडेर**
**फतेहाबाद :**हरियाणा के पूर्व संसदीय सचिव एवं फतेहाबाद के पूर्व विधायक दुड़ाराम ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अनाज मंडी में गेहूं के सीजन के दौरान किसानों को हर प्रकार की सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए सख्त निर्देश दिए हुए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर किसानों को मंडी में हर प्रकार की सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही है। वीरवार को फतेहाबाद एवं भट्टू अनाज मंडी में गेहूं की खरीद कार्य भी शुरू कर दिया गया है। अनाज मंडी से गेहूं उठान समय पर होने से किसानों को गेहूं डालने के लिए पर्याप्त जगह उपलब्ध होगी।



पूर्व विधायक दुड़ाराम ने कहा कि अनाज मंडी में किसानों को अनाज मंडी में गेहूं लाने में कोई दिक्कत परेशानी नहीं होने दी जाएगी। मंडियों के सभी गेटों पर गेटपास आसानी से हो रही है। इसके साथ ही किसानों के लिए ऐप भी लॉन्च की हुई है। इस ऐप के माध्यम से अपना फोन पर किसान स्वयं भी गेटपास बना सकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और किसानों की फसल के एक-एक दाने की खरीद की जाएगी। सरकार ने प्रदेश में खरीद प्रणाली को और अधिक पारदर्शी, सुरक्षित तथा किसान हितैषी बनाने के लिए कई नई पहलें लागू की हैं। इन उपायों से फसल खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ेगी, अनधिकृत गतिविधियों पर रोक लगेगी तथा किसानों को सुविधाजनक और तेज सेवाएं मिलेंगी।
पूर्व विधायक दुड़ाराम ने कहा कि गेहूं की सरकारी खरीद प्रक्रिया के शुभारंभ से किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। मंडी में साफ-सफाई, तौल व्यवस्था, भुगतान प्रक्रिया और सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## एसडीएम ने खरीद केंद्रों का निरिक्षण कर सुविधाओं व फसल खरीद प्रक्रिया का लिया जायजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**डॉ नैब सिंह मंडेर**
**रतिया, 14 अप्रैल।**
एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने खरीद केंद्रों का दौरा कर गेहूं खरीद प्रक्रिया से संबंधित कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने गेहूं खरीद केंद्र ब्राह्मणवाला और कमाना गावों का दौरा कर अधिकारियों को गेहूं खरीद व उठान के पुख्ता इंतजामों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याए सुनी और सभी खरीद एजेंसियों को निर्देशित किया



कि मंडियों से खरीदे गए गेहूं को शीघ्र उठाने की व्यवस्था की जाए, ताकि किसानों को अपनी फसल बेचने में कोई असुविधा न हो और मंडी में जाम की स्थिति उत्पन्न न हो। एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि मंडियों में साफ-सफाई, पीने के पानी, नापतोल, बिजली आदि जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं लगातार बनी रहनी चाहिए। उन्होंने मार्केट कमेटी के अधिकारियों से कहा कि किसानों को मंडी में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

## अवैध असला बनाने वाले एक आरोपी काबू

**हिसार (रणबीर खटक)**
हिसार पुलिस अधीक्षक हिसार के निदेर्शानुसार तथा उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय के नेतृत्व में हिसार पुलिस द्वारा अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत उकअ स्टाफ हिसार की टीम ने नाजायज हथियार बनाने का आरोपी काबू किया है।
कमलजीत सिंह उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय ने बताया कि दिनाँक 11 अप्रैल को उप निरीक्षक विजय कुमार सी.आई.ए. स्टाफ ने सूचना के आधार पर साहिल वासी खासा महाजन से एक पिस्तौल 315 बौर व 2 जिन्दा कारतूस बरामद किए थे।

## सरसा ब्रांच नहर पुल पर बड़ा हादसा: डंपर की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत



**हादसा**

**मृतक की पहचान रणबीर (60) निवासी गांव उमरी, जिला कुरुक्षेत्र के रूप में हुई है : एसआई राजा राम**

**इंद्री (मैनपाल कश्यप)**
इंद्री-लाडवा रोड पर सरसा ब्रांच नहर के पुल पर मंगलवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें मोटरसाइकिल सवार एक बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी डंपर छोड़कर मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार गांव उमरी (जिला कुरुक्षेत्र) निवासी 60 वर्षीय रणबीर अपनी स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी कार्य के लिए इंद्री आ रहे थे। जैसे ही वह सरसा ब्रांच नहर के पुल पर पहुंचे, पीछे से तेज रफ्तार में आए डंपर ने उन्हें टक्कर मार दी।
टक्कर इतनी जोरदार थी कि डंपर चालक बाइक सवार को काफी दूर तक घसीटता ले गया, जिससे रणबीर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।प्रत्यक्षदर्शी राजबीर ने बताया कि डंपर चालक लापरवाही से वाहन चला रहा था और उसने अचानक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।
एसआई राजा राम ने बताया कि मृतक की पहचान रणबीर (60) निवासी गांव उमरी, जिला कुरुक्षेत्र के रूप में हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है। पुलिस ने अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर जायेगा

# दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नितिन सिंगला जगाधरी**
गांधीनगर थाना पुलिस ने महिला को बहलाकर ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोप में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल के दिशा-निर्देशन में की गई। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार आरोपी, जो पेशे से हलवाई है, अगस्त 2025 से फरार चल रहा था। मामले में पहले गुमशुदगी का केस दर्ज किया गया था और तभी से पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी। थाना प्रभारी जगबीर सिंह ने



बताया कि शिकायतकर्ता ने 24 अगस्त 2025 को अपनी पत्नी के तीन माह के बच्चे सहित लापता होने की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। काफी खोजबीन के बाद भी जब महिला का कोई सुराग नहीं लगा, तो पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की।जांच के दौरान सामने आया कि महिला को उत्तर प्रदेश के जिला शामली के एक कस्बे का रहने वाला हर्ष सैनी बहलाकर अपने साथ ले गया था। पुलिस ने महिला को बरामद कर कोर्ट में उसके बयान दर्ज करवाए, जहां महिला ने आरोपी पर दुष्कर्म का आरोप लगाया। इसके बाद मामले में दुष्कर्म की धाराएं जोड़ी गईं। पुलिस ने अब आरोपी को करनाल के घरौंडा क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है और मामले की आगे की जांच जारी है।

# शाहाबाद में सादगी से मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती, विधायक रामकरण काला ने नमन कर किया याद

**शाहाबाद (प्रदीप कुमार)**
भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती सादगीपूर्ण और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर शाहाबाद के विधायक रामकरण काला ने बाबा साहेब की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।
विधायक रामकरण काला ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर केवल एक महान व्यक्तित्व ही नहीं, बल्कि भारत के संविधान निमार्ता और सामाजिक न्याय के सशक्त प्रतीक थे। उन्होंने देश की आम जनता, विशेषकर दलितों, शोषितों और वंचित वर्गों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक



किया और उन्हें अधिकारों की लड़ाई लड़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके समय में थे। उनका जीवन संघर्ष, शिक्षा और समानता का संदेश देता है।
हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज में भाईचारा, समानता और न्याय स्थापित करने का संकल्प लेना चाहिए।
कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने भी बाबा साहेब के आदर्शों को अपनाने और उनके विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। यह आयोजन सादगी के साथ हुआ, लेकिन श्रद्धा और सम्मान से परिपूर्ण रहा।इस जिला परिषद मेंबर कंवरपाल , रमेश, गुलाब सिंह त्यौडी, रविंद्र कुमार चनारथल,रीकू कठूआ,बबली, राजू अधिक लोग मौजूद रहे

# जगाधरी अनाज मंडी में अव्यवस्थाओं पर भड़के किसान, बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन बंद करने की मांग

**नितिन सिंगला जगाधरी**
**यमुनानगर।** अखिल भारतीय किसान सभा की टीम ने जिला प्रधान जरनैल सिंह सांगवान की अध्यक्षता में अनाज मंडी जगाधरी का दौरा कर किसानों की समस्याओं और अनाज उठान की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान मंडी में अव्यवस्थाओं को लेकर किसानों में भारी रोष देखने को मिला। किसान नेताओं ने बताया कि मंडी अनाज के बोरों से भरी पड़ी है, जिससे किसानों को अपनी फसल डालने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, बार-बार सर्वर डाउन होने के कारण बायोमेट्रिक



वेरिफिकेशन प्रक्रिया प्रभावित हो रही है, जिससे लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं। जानकारी के अनुसार 14 अप्रैल को दोपहर 12 बजे तक करीब 600 गेट पास जारी किए जा चुके थे। किसान सभा ने मांग की कि बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन प्रक्रिया को तुरंत बंद किया जाए, ताकि किसानों को राहत मिल सके। साथ ही, बे-मौसमी बारिश, तेज हवाओं और ओलावृष्टि से गेहूं की फसल को हुए नुकसान को देखते हुए नमी की मात्रा में छूट देने और हरियाणा सरकार से प्रति एकड़ कम से कम 500 रुपये बोनस देने की मांग भी उठाई गई।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP Rakesh Bharadwaj Group



## बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का योगदान अविस्मरणीय, अतुलनीयः मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आधुनिक भारत के निर्माण में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का योगदान अविस्मरणीय है, अतुलनीय है। उन्होंने देश में समतामूलक समाज के निर्माण के लिए भारतीय संविधान की रचना कर इसमें सबके अधिकारों की सुरक्षा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को बोर्ड ऑफिस स्थित बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर चौराहे पर भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 136वीं जयंती पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा साहेब के सम्मान में पुष्पांजलि कार्यक्रम में मौजूद सबके समक्ष भारतीय संविधान की मूल उद्देश्यिका का वाचन कर 'डॉ. भीमराव अम्बेडकर अमर रहे' के नारे लगाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा साहेब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहेब डॉ.





अम्बेडकर आजीवन वंचितों, पीड़ितों, शोषितों और उपेक्षितों के सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक और राजनैतिक सशक्तिकरण की प्रखर आवाज थे। हमारी सरकार संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर की समरसता और समानता की भावना को केन्द्र में रखकर लगातार काम कर रही है। बाबा साहेब ने हमें समानता का अधिकार दिलाया और अब हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में "सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास" के पथ पर आगे बढ़ते हुए बाबा साहेब के स्वप्न को साकार कर रहे हैं। देश सबसे पहले है, हम सब सामाजिक समरसता के लिए मिल-जुलकर, एकजुट प्रयास करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकारों ने हमेशा ही बाबा साहेब का सम्मान किया। भोपाल में उड़ान पुल बना, तो उसे हमने बाबा साहेब का नाम दिया। बाबा साहेब की जन्मभूमि महू में भव्य स्मारक बनवाया। बाबा साहेब के नाम पर कामधेनु योजना शुरू की। सागर के अभयारण्य को बाबा साहेब का नाम दिया। बाबा साहेब के नाम पर आर्थिक कल्याण योजना शुरू की। हम ग्वालियर में भी डॉ. अम्बेडकर धाम बनाने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केन्द्र सरकार ने बाबा साहेब की स्मृतियों को चिरस्थायी बनाये रखने के लिए उनकी जन्म भूमि (महू- डॉ. अम्बेडकर नगर, म.प्र.), शिक्षा भूमि (लंदन), दीक्षा भूमि (नागपुर, महाराष्ट्र), महापरिनिर्वाण भूमि (दिल्ली) एवं चैत्य भूमि (मुम्बई) को

**समतामूलक**

**देश में समतामूलक समाज के निर्माण के लिए भारतीय संविधान की रचना कर इसमें सबके अधिकारों की सुरक्षा की**

पंचतीर्थ के रूप में विकसित कर स्थाई निर्माण कार्य कराये हैं, जो बाबा साहेब के संघर्ष एवं आदर्शों का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने स्त्री शिक्षा, इनके नैसर्गिक अधिकारों के संरक्षण और इनके सामाजिक आर्थिक उत्थान के लिए विशेष प्रयास किये। उन्हीं के बताये मार्ग पर चलकर हमारा देश आज महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा क्रांतिकारी कदम उठाने की ओर आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार देश की संसद में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के पूर्ण क्रियान्वयन को लेकर ऐतिहासिक चर्चा कराने जा रही है। इस अधिनियम की मंशा देश की सभी महिलाओं को संसद और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण देना है। यह 21वीं शताब्दी में देश की आधी आबादी को पूरा हक देने की दिशा में उठाया गया सबसे बड़ा और कारगर कदम होगा, जो भारतीय गणतांत्रिक राष्ट्र की विधायिका व्यवस्था में महिलाओं का राजनीतिक नेतृत्व बढ़ाएगा। पुष्पांजलि कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण तथा सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर, वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार, भोपाल सांसद आलोक शर्मा, विधायक भगवानदास सबनानी, महापौर मालती राय, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, वरिष्ठ समाजसेवी शिवप्रकाश, राहुल कोठारी, रविन्द्र यति सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने समता मैराथन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को पंचकूला में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को समर्पित समता मैराथन को झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि यह दौड सामाजिक न्याय, समानता और अधिकारों के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने न केवल मैराथन को झंडी दिखाकर रवाना किया, बल्कि प्रतिभागियों पर पुष्प वर्षा कर उनका मनोबल भी बढ़ाया। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, त्याग और संकल्प की एक अद्भुत गाथा है। उन्होंने अपने पूरे जीवन को समाज के उस वर्ग के



उत्थान के लिए समर्पित किया जो सदियों से वंचित और शोषित रहा। उन्होंने हमें केवल संविधान ही नहीं दिया बल्कि एक ऐसी विचारधारा दी जो समानता, न्याय और बंधुत्व के सिद्धांत पर आधारित है। सैनी ने कहा कि यह मैराथन हमें यह संदेश देती है कि समाज में किसी भी प्रकार का भेदभाव, असमानता या अन्याय स्वीकार नहीं है। हमें मिलकर ऐसे भारत का निर्माण करना है जहां हर व्यक्ति को समान अवसर मिले, हर नागरिक को सम्मान मिले और कोई भी व्यक्ति अपने अधिकारों से वंचित न रहे।

**समानता**

**यह दौड सामाजिक न्याय, समानता और अधिकारों के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक**

यही बाबा साहेब का सपना था और यही हमारे संविधान की आत्मा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार बाबा साहेब के आदर्शों को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

हमने समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलाई है, जिनका उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पंहुचाना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार का स्पष्ट मानना है कि जब तक समाज का हर वर्ग सशक्त नहीं होगा तब तक प्रदेश और देश का समग्र विकास संभव नहीं है इसलिए हम लगातार ऐसी नीतियां बना रहे हैं जो समाज के कमजोर वर्गों को मुख्य धारा में लाने का कार्य करे। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली, राज्य सभा सांसद रेखा शर्मा, हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया, विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## सत्ता पर 'सामंती व जातिवादी सोच हावी होने के कारण संविधान अपने उद्देश्य प्राप्त करने में रहा असफलः मायावती



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने आज सुबह लखनऊ स्थित बसपा केंद्रीय कैंप कार्यालय में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्पाजंलि करके उन्हें श्रद्धांजलि दी है। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश की सत्ता में 'सामंती और जातिवादी' सोच एवं शोषणकारी तत्वों के लगातार हावी रहने के कारण बाबा साहेब का सर्वजन हितैषी संविधान अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने में सफल नहीं हो पा रहा है। बसपा प्रमुख ने कहा कि समस्या के निदान के लिए देश व राज्यों में भी बाबा साहेब की 'सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय' नीति व सिद्धांत वाली उनकी पार्टी बसपा की सरकार बनना जरूरी है। मायावती ने कहा कि देश में ऐसा संविधान होने के बावजूद भारत अभी तक आत्मनिर्भर व विकसित देश बनकर यहां के करोड़ों बहुजनों, जातिवादी द्वेष व जुल्म ज्यादती से मुक्त, समता और न्याय युक्त जीवन क्यों नहीं दे पाया। इसक जवाब ढूंढने पर देश में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर का 'सामाजिक परिवर्तन व आर्थिक मुक्ति' का कारवां चुनावी सफलता हासिल करके अपनी मंजिल की ओर जरूर बढ़ेगा। जनता में हर दुख को सह लेने की शक्ति होने का यह मतलब नहीं है कि सरकारें उन्हें गरीबी,व पिछड़ेपन आदि की अंधी खाई से निकलने और उन्हें रोजी–रोटी व न्याय युक्त आत्मसम्मान का जीवन देकर ऊपर उठाने की अपनी संवैधानिक व कानूनी उत्तरदायित्यों को सही से ना निभायें, हालांकि यह जरूरी कार्य अम्बेडकरवादी पार्टी बसपा के राज में ही ज्यादातर संभव है।

## नीतीश कुमार के इस्तीफे पर ललन सिंह हुए भावुक



**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना।** जनता दल यूनाइटेड के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने मुख्यमंत्री पद से नीतीश कुमार के इस्तीफे को लेकर भावुक प्रतिक्रिया दिया है। उन्होंने कहा यह बिहार की विकास यात्रा के एक महत्वपूर्ण और भावनात्मक अध्याय का समापन है। ललन सिंह ने अपने बयान में कहा कि नीतीश कुमार का इस्तीफा केवल एक पद का त्याग नहीं है, बल्कि यह वर्षों की तपस्या, समर्पण और जनसेवा के एक युग का विराम है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में नीतीश कुमार का नाम नव बिहार के नव निर्माण के कुशल शिल्पकारह्व के रूप में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि नीतीश कुमार ने न्याय के साथ विकास के मूल मंत्र को अपनाते हुए बिहार में सुशासन की मिसाल पेश की और कानून के राज को मजबूत किया। उनके अनुसार,

**भावनात्मक**

**यह बिहार की विकास यात्रा के एक महत्वपूर्ण और भावनात्मक अध्याय का समापन है**

नीतीश कुमार ने हर वर्ग में सुरक्षा और विश्वास की भावना को स्थापित किया तथा राज्य को एक नई पहचान दी। ललन सिंह ने यह भी कहा कि नीतीश कुमार का नेतृत्व बिहार के विकास और सामाजिक एकता के लिए महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने कहा कि उनका इस्तीफा एक भावनात्मक क्षण है, जिसने उन सभी लोगों को प्रभावित किया है जिन्होंने बिहार के इस परिवर्तन को देखा है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार का योगदान केवल इतिहास तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा।

## अंबेडकर का संपूर्ण जीवन मानवता के लिए प्रेरणा स्रोतः केशव

**प्रासंगिक**

**बाबा साहब के आदर्श और उनका जीवन दर्शन आज भी पूरी तरह प्रासंगिक हैं: केशव प्रसाद**

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर मंगलवार को लखनऊ स्थित अपने कैम्प कार्यालय, 7-कालिदास मार्ग पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर



श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर का संपूर्ण जीवन ही एक सशक्त संदेश है। उन्होंने अपने संघर्ष, शिक्षा और संकल्प के बल पर समाज के वंचित, शोषित और कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए जो कार्य किए, वे सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगे। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के आदर्श और उनका जीवन दर्शन आज भी पूरी तरह प्रासंगिक हैं, जिन्हें अपनाकर समाज में समता और न्याय की स्थापना की जा सकती है। सामाजिक न्याय के अग्रदूत एवं भारतीय संविधान के शिल्पी बाबा साहब डॉ. अंबेडकर ने शिक्षा को परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम बनाते हुए वंचितों, श्रमिकों और किसानों को अधिकार दिलाने का ऐतिहासिक कार्य किया।

## पानी पीने के बहाने घर में घुसकर चेन तोड़ी, तीन गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**उदयपुर।** उदयपुर जिले के खेरवाड़ा थाना क्षेत्र के सुवेरी गांव में घर में घुसकर महिला के गले से सोने की चेन तोड़कर फरार होने वाले तीन शातिर आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में उपयोग ली गई बाइक और लूटी गई सोने की चेन भी बरामद कर ली है। आरोपियों में से एक के खिलाफ विभिन्न थानों में 28 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार सुवेरी गांव निवासी चंपा देवी पत्नी नाथूलाल पटेल ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि 7 अप्रैल 2026 की दोपहर वह अपने घर पर अकेली थी। इसी दौरान एक बाइक पर सवार तीन युवक उसके घर पहुंचे और पीने के लिए पानी मांगा। मानवता के नाते महिला ने उन्हें पानी पिलाया, लेकिन इसी दौरान मौका देखकर बदमाशों ने महिला के गले से सोने की चेन झपट ली और बाइक पर बैठकर मौके से फरार हो गए। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आरोपी भाग चुके थे। घटना के बाद खेरवाड़ा थानाधिकारी करनाराम जाट के नेतृत्व में पुलिस की अलग-अलग टीमें गठित की गईं।

## भजनलाल ने सामाजिक न्याय के अग्रदूत को किया नमन

**श्रद्धांजलि**

**सीएम शर्मा ने अंबेडकर सर्किल पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी**

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर जयपुर स्थित अंबेडकर सर्किल पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने बाबा साहेब को



सामाजिक न्याय, भेदभाव उन्मूलन और वंचित वर्गों, महिलाओं सहित समाज के सभी वर्गों को समान अधिकार दिलाने वाला अग्रदूत बताते हुए उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर के विचार आज भी समाज को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल, मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, सांसद मंजू शर्मा, विधायक गोपाल शर्मा, बालमुकुंदाचार्य सहित अन्य जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। इससे पूर्व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री निवास पर भी डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## बाबा साहेब भारतीय संस्कृति में रचे–बसे मूल्यों से जुड़े महामना थेः राज्यपाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर व्यक्ति नहीं अपने आप में संस्था थे। उन्होंने देश को सामाजिक समरसता का मंत्र ही नहीं दिया बल्कि राष्ट्र सर्वोच्च है, यह दृष्टि भी हमें दी। वह संविधान और भारतीय संस्कृति में रचे-बसे मूल्यों से जुड़े महामना थे। उन्होंने कहा कि महामना वह होता है जो मनुष्य जैसा ही होते हुए भी अपने विचारों से और कर्म से जीते जी महानतम विचारों का आलोक देता है। राज्यपाल बागडे डॉ. अम्बेडकर की 135 वीं जयंती पर आयोजित समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अपने अध्ययन का बहुत सारा समय डॉ.



अम्बेडकर ने देश-दुनिया के कानूनों को जानने और समझने में ही व्यतीत किया था। इसी से विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत का महान संविधान हमें तैयार कर उन्होंने दिया। बागडे ने कहा कि बाबा साहेब ने पूरा जीवन वंचित वर्ग के कल्याण को समर्पित किया था। बॉम्बे विधानसभा में वर्ष 1938 में उन्होंने कहा था, ह्णमैं चाहता हूं कि समस्त लोग पहले भारतीय हों, और अंततः भारतीय हों तथा भारतीय के सिवाय और कुछ भी नहीं होंह्व राज्यपाल ने कहा कि बाबा साहेब ने राष्ट्र प्रथम की सोच हमें दी और कहा था कि राष्ट्र के हितों को सदा अग्रणी रखें। डॉ. अम्बेडकर के विचार वास्तविक रूप में उस राष्ट्रवाद से ही जुड़े हैं जिनमें व्यक्ति और व्यक्तियों के बीच जातियों, वर्णों, वर्गों, धर्मों में किसी तरह का कोई भेद नहीं है। उन्होंने शिक्षा और जागरूकता के लिए सदा काम किया। डॉ. अम्बेडकर ने ह्णशिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करोह्व का नारा दिया। बागडे ने बाबा साहेब

**समरसता**

**देश को सामाजिक समरसता का मंत्र ही नहीं दिया बल्कि राष्ट्र सर्वोच्च है, यह दृष्टि भी हमें दी:**

अम्बेडकर के विचारों को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि वह युगपुरूष थे। उन्होंने डॉ. अम्बेडकर द्वारा देश में रोजगार केंद्रों की स्थापना, दामोदर घाटी परियोजना, हीराकुंड परियोजना तथा सोन परियोजना आदि की स्थापना में रही महत्वपूर्ण भूमिका को स्मरण करते हुए उनकी उदात्त दृष्टि से सीख लेने का आह्वान किया।

## बाबा साहेब का जीवन न्याय के आदर्शों की स्थापना के लिए रहा समर्पितः मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास में भारत रत्न एवं भारतीय संविधान के निर्माता डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण स्मरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब का संपूर्ण जीवन सामाजिक समरसता, समानता और न्याय के आदर्शों की स्थापना के लिए समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि समाज के वंचित एवं कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए बाबा साहेब द्वारा किए गए



कार्य आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब के विचार एक सशक्त,समावेशी एवं न्यायपूर्ण समाज के निर्माण के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे बाबा साहेब के आदर्शों को आत्मसात करते हुए समाज में समरसता एवं समानता को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभाएं।